इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

छत्तीसगढ़ लोहा एवं टाईल्स दुकान
हमारे यहां छड़, सीमेंट, तार, खिला, पाईप व्हाईट सीमेंट, लोहा सीट, फायबर सीट, सीमेंट सीट, काला पत्थर, सिरेमिक टाईल्स, ग्रेनाईड, मार्बल, कोटा स्टोन, सेनेटरी आयटम एवं सभी प्रकार के बिल्डिंग मटेरियल का सामान उपलब्ध है।
छड़ - गोयल TMT, नकोड़ा, कामधेनु, AC TM,
उत्कल TM सीमेंट - अम्बुजा, अल्ट्राटेक, JK लक्ष्मी
मोहारा रोड, बाईपास के पहले, राजनांदगांव (छ.ग.)
मो.- बबला गेण्डरे : 8817645985, पार्थ गेण्डरे : 8435647509, छोटु गेण्डरे : 6265557585

वर्ष- 44 | अंक - 34 | राजनांदगांव, शुक्रवार 20 दिसम्बर 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## संसद धक्का-मुक्की कांडः मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा अध्यक्ष को लिखा पत्र, कहा- भाजपा सांसदों ने मुझे मारा धक्का, घुटने में लगी चोट



नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया है कि उनके घुटने में भाजपा के सांसदों की धक्का मुक्की से चोट लगी है, इस बारे में उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र भी लिखा है. यह ऐसे समय हुआ जब भाजपा ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर एमपी प्रताप सारंगी को धक्का देकर गिराने का आरोप लगाया. सामने आए वीडियो में सारंगी के सिर से खून बह रहा है. खरगे का दावा है कि भाजपा सांसदों ने उन्हें मकर द्वार पर धक्का दिया है. पत्र में उन्होंने कहा, ''आज सुबह इंडिया पार्टी के सांसद प्रेरणा स्थल पर डॉक्टर आंबेडकर की प्रतिमा से मकर द्वार तक मार्च निकाल रहे थे. 17 दिसंबर 2024 को केंद्रीय गृहमंत्री ने राज्यसभा में डॉक्टर आंबेडकर के अपमान के खिलाफ यह प्रदर्शन किया था.

### सभी लोग भाजपा/आरएसएस का जमकर विरोध करेंगे: खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ङ्ग पर अपने पोस्ट के जरिए केंद्र सरकार पर हमला करते हुए कहा- बाबासाहेब डॉ आंबेडकर जी का घोर अपमान करने के बाद पीएम मोदी जी संसद की गरिमा का तिरस्कार भी करवाते है. भाजपा सांसदों को मोटे डंडे वाले से लैस कर इंडिया गठबंधन के सांसदों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन को रोकने के लिए धक्का-मुक्की करवाते हैं, ताकि बाबासाहेब, संसद, संविधान और लोकतंत्र के प्रति उनकी दुर्भावना ना हो। पर हम डटे रहेंगे, बाबासाहेब पर निंदनीय टिप्पणी को नहीं सहेंगे. पूरे देश के सभी लोग भाजपा/आरएसएस का जमकर विरोध करेंगे.

उन्होंने लिखा, भारतीय दलों के सांसदों के साथ मैं मकर द्वार पहुंचा, तो भाजपा सांसदों ने मुझे धक्का मारा. इसके बाद मेरा संतुलन बिगड़ गया और मैं मकर द्वार के सामने गिर पड़ा. इससे चोट लगी है. मेरे घुटनों में पहले ही सर्जरी हो चुकी है. घटना के बाद कांग्रेस सांसद कुर्सी लेकर आए और मुझे उस पर बिठाया गया. मैं बड़ी मुश्किल से और साथियों की मदद से सुबह 11 बजे सदन पहुंचा. मैं अपील करता हूं कि इस घटना की जांच कराई जाए, जो कि न सिर्फ मुझ पर बल्कि राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष पर हमला है.

### भाजपा सांसद के सिर से बहा खून

भाजपा सांसद प्रताप सारंगी ने कहा कि उन्हें कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के धक्के ने संसद परिसर में प्रदर्शन के दौरान चोट लगी है, एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें सारंगी को घायल हालत में ले जा रहे थे. पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा, 'राहुल गांधी ने एक सांसद को धक्का मारा था, जो मेरे ऊपर गिर पड़े और इसके बाद मैं गिराज जब मैं सीढ़ियों के पास खड़ा था और राहुल गांधी ने एक एमपी को धक्का लगाया, जो मेरे ऊपर गिर पड़ा।

## पाकिस्तान पर प्रतिबंध : भारत का खुले दिल से स्वागत; अमेरिका ने भी माना पड़ोसी मुल्क को खतरा



नई दिल्ली। पाकिस्तान के लंबी दूरी तक मार करने वाली बैलेस्टिक मिसाइल को विकसित करने के कार्यक्रम के मद्देनजर अमेरिका ने गुरुवार को उस पर नए प्रतिबंध लगा दिए। अमेरिका का मानना है कि परमाणु हथियार संपन्न पाकिस्तान ने अगर लंबी दूरी तक मार करने वाली बैलेस्टिक मिसाइल बना ली तो वह विश्व के लिए खतरनाक साबित हो सकती है।

पाकिस्तान ने अमेरिकी निर्णय को दुर्भाग्यपूर्ण और भेदभाव वाला बताया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, ये प्रतिबंध पाकिस्तान के नेशनल डेवलपमेंट काम्प्लेक्स (एनडीसी) और तीन कंपनियों पर लागू होंगे। इन प्रतिबंधों का उद्देश्य बड़ी संख्या में होने वाली जनहानि को रोकना है। प्रतिबंधों के लागू होने के बाद प्रतिबंधित कॉम्प्लेक्स और कंपनियों की अमेरिका में स्थित संपत्ति जब्त हो जाएगी और वे अमेरिका से प्रत्यक्ष या परोक्ष कारोबार नहीं कर पाएंगी।

इसी प्रकार से उनके जुड़े लोग भी अमेरिका की यात्रा नहीं कर पाएंगे। एनडीसी के अतिरिक्त जो तीन कंपनियां अमेरिकी प्रतिबंधों के दायरे में आई हैं उनके नाम- एफिलिएट्स इंटरनेशनल, अख्तर एंड संस प्राइवेट लिमिटेड और राकसाइड इंटरप्राइज हैं। ये तीनों कंपनियां कराची की हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अनुसार इस्लामाबाद स्थित एनडीसी लंबी दूरी की बैलेस्टिक मिसाइल का विकास कार्यक्रम तेज गति से चलाने और उसके परीक्षण के लिए आवश्यक उपकरणों को प्राप्त करने की लगातार कोशिश कर रहा है।

एनडीसी पाकिस्तान के बैलेस्टिक मिसाइल प्रोग्राम को चलाने वाला संस्थान है। उसने ही शाहीन संस्करण की मिसाइलें विकसित की हैं। एटोमिक साइंटिस्ट्स रिसर्च ऑर्गनाइजेशन ने कहा है कि शाहीन मिसाइलें परमाणु हथियार लेकर हमला करने में सक्षम हैं। चीन के सहयोग से चल रहा पाकिस्तान का मिसाइल प्रोग्राम भारत लक्षित है।

### भारत को मिसाइल तकनीक देने की तैयारी

भारत के लिए अपनी मिसाइल तकनीक के निर्यात से जुड़े कानून में संशोधन (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## रायपुर-अंबिकापुर-बिलासपुर हवाई सेवा का हुआ आज शुभारंभ, सीएम साय ने कहा ऐतिहासिक दिन...



रायपुर। रायपुर-अंबिकापुर-बिलासपुर हवाई सेवा का आज स्वामी विवेकानंद विमानतल से शुभारंभ हुआ. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर कहा कि आज छत्तीसगढ़ के विकास की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम उठाया गया है. यह विमान सेवा हमारे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के विस्तार का प्रतीक है. इस सेवा का आरंभिक किराया मात्र 999 रुपए है, जो यह सुनिश्चित करता है कि आम जनता भी हवाई यात्रा का लाभ उठा सके. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में जो परिवर्तन आया है, उसका यह एक बड़ा उदाहरण है. उन्होंने कहा था कि हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई जहाज की सवारी करेगा और आज वह सपना साकार हो रहा है. सरगुजा और बस्तर जैसे दूरस्थ क्षेत्रों की एयर कनेक्टिविटी से न केवल नागरिकों को सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि इन क्षेत्रों में टूरिज्म और आर्थिक गतिविधियों में भी वृद्धि होगी. मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने 80 करोड़ की लागत से अंबिकापुर के एयरपोर्ट का विकास किया है. माँ महामाया एयरपोर्ट, अंबिकापुर को थ्री सी वीएफआर श्रेणी का लाइसेंस प्राप्त हुआ है. यह एयरपोर्ट 72-सीटर एटीआर-72 विमानों के संचालन के लिए उपयुक्त है. साय ने कहा कि अंबिकापुर को वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ, दिल्ली और कोलकाता से जोड़ने की योजना पर भी काम जारी है. हमारे छत्तीसग? में प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक धरोहरें और इको-टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं. गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व, रामगढ़ की पहाड़ियां और एशिया का नियाग्रा कहे जाने वाले चित्रकोट जलप्रपात जैसे स्थलों तक अब देश-विदेश के पर्यटकों की पहुंच आसान होगी. इसके साथ ही, एयर कनेक्टिविटी के विस्तार से (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### विमानसेवा के पहले यात्री बने सांसद चिंतामणी महाराज

विमान टेकऑफ़ को वाटर सेल्यूट दिया गया. आज प्रारंभ हुई विमान सेवा के पहले यात्री के रूप में सांसद चिंतामणि महाराज सपत्नीक सवार हुए, जिनको मुख्यमंत्री साय ने बोर्डिंग पास देकर कहा कि आज आपने इतिहास बना दिया. आप इस रूट के पहले यात्री है, आपको शुभकामनाएं. इस अवसर विधायक राजेश अग्रवाल, प्रबोध मिंज, रामकुमार टोप्पो, मुख्यमंत्री के सचिव बसवराजु, संचालक विमानन विभाग संजीव झा, फ्लाई बिग कंपनी के सीएमडी संजय मांडविया उपस्थित थे.

## अम्बेडकर पर विवाद बढ़ा, भाजपा और इंडिया समूह ने एक-दूसरे पर लगाये हिंसा के आरोप

नयी दिल्ली। बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर पर विवाद गुरुवार को और बढ़ गया और संसद परिसर में सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और विपक्षी इंडिया समूह के बीच लड़ाई का मैदान बन गया और दोनों की ओर से एक-दूसरे पर हिंसा करने के आरोप लगाये और मामला पुलिस तक पहुंच गया।

सत्ता और विपक्ष बीच टकराव बुधवार को ही शुरू हो गया था। विपक्ष ने आरोप लगाया कि गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य सभा में संविधान की 75 वर्ष की गौरवपूर्ण यात्रा पर हुई चर्चा का जवाब देते हुये डॉ अम्बेडकर का अपमान किया। श्री शाह और भाजपा के नेता इस आरोप का बार-बार खंडन करते रहे हैं। इस विवाद के कारण लोकसभा और राज्यसभा में आज भी कोई कामकाज नहीं हो सका, क्योंकि दोनों इस मसले को लेकर दोनों सदनों की कार्यवाही बार-बार स्थगित की गयी और फिर दिन भर के लिये स्थगित कर दी गयी। कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष लगातार उनसे माफी मांगने और इस्तीफा देने की मांग कर रहे हैं।

संसद भवन परिसर में आज दोनों सदनों की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्षी सदस्यों ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में अंबेडकर प्रतिमा से नये संसद भवन तक मार्च किया। उनका दल मकर द्वार पर पहुंच ही था कि वहां धक्कामुक्की की स्थिति उत्पन्न हो गयी, जिसमें भाजपा सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत घायल हो गये। उन्होंने दावा किया कि श्री गांधी ने सत्ता पक्ष के सदस्यों के साथ धक्का-मुक्की जिससे वे गिर गये और घायल हो गये।



कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और श्री गांधी ने इन आरोपों से इनकार करते हुये कहा कि भाजपा सांसदों ने ही उन्हें संसद भवन में प्रवेश करने से रोकने की कोशिश की थी। भाजपा ने हालांकि मामले को तूल देते हुये उसके दो सांसदों अनुराग सिंह ठाकुर और बांसुरी स्वराज ने संसद मार्ग थाने में श्री गांधी के खिलाफ 'हत्या के प्रयास' का मामला दर्ज कराया।

अस्पताल में भर्ती दो घायल सांसदों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी उनका हालचाल जानने के लिये फोन किया। संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने आरोप लगाया कि श्री गांधी ने हमारे सांसदों मुकेश राजपूत और प्रताप सारंगी के साथ मारपीट की है। उन्होंने पूछा, किस कानून ने राहुल गांधी को कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति दी है?

उन्होंने कहा कि यह घटना संसद के मुख्य प्रवेश द्वार पर हुई, जहां भाजपा सांसद विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। उन्होंने कहा, यह वही जगह है जहां विपक्ष रोजाना विरोध प्रदर्शन करता है। हमने विरोध इसलिये किया क्योंकि कांग्रेस ने हमेशा डॉ अंबेडकर का अपमान किया है।

दूसरी तरफ नागालैंड से निर्वाचित भाजपा सदस्य एस. फान्गनॉन कोन्याक ने राज्य सभा में कहा, उन्हें बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि सदन के बाहर शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान, मैं मकर द्वार के बाहर सीढ़ियों के नीचे खड़ी थी। उस समय मेरे साथ बहुत ही निराशाजनक घटना घटी। लोकसभा में विपक्ष के नेता श्री गांधी ने वहां मेरे पास आ गये, जिससे मैं असहज महसूस करने लगी और वह मेरे ऊपर चीखने लगे। मुझे लगा कि उनका यह व्यवहार विपक्ष के नेता के व्यवहार से मेल नहीं खाता।

सुश्री कोन्याक ने कहा, ऐसा नहीं है कि मैं अपना बचाव करने में असमर्थ हूं। फिर भी मैंने अपने बचाव में कुछ नहीं किया लेकिन आज जो कुछ हुआ वह वास्तव में बहुत बुरा प्रकरण था। किसी भी महिला सदस्य के साथ, वह अनुसूचित जनजाति की सदस्य ही क्यों ने हो, ऐसा व्यवहार नहीं होना चाहिये, इसलिये मैं इस मामले में आपका (सभापति का) संरक्षण चाहती हूं।

इस बीच, इंडिया समूह ने आरोप लगाया कि भाजपा सांसदों ने श्री गांधी के साथ 'धक्कामुक्की' की और विरोध दर्ज कराने के लिये लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को एक पत्र लिखा। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ अपने आरोपों का समर्थन करने के लिये वीडियो भी साझा किये। भाजपा ने एक वीडियो साझा किया, जिसमें श्री गांधी श्री सारंगी के गिरने के बाद उनके पास जाते हैं और फिर चले जाते हैं। भाजपा ने कहा कि दृश्य 'गांधी वंशज के अहंकार' को दर्शाते हैं। दूसरी ओर, कांग्रेस ने एक क्लिप साझा की और आरोप लगाया कि भाजपा सांसद कांग्रेस सांसदों को संसद में प्रवेश करने से रोक रहे थे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी आरोप लगाया कि (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## विधानसभा में नगर पालिका संशोधन विधेयक पारित, नगरीय निकायों और पंचायत चुनाव का रास्ता साफ



रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा में गुरुवार को नगर पालिका संशोधन विधेयक पारित हो गया। इसके साथ ही अब प्रदेश में नगरीय निकायों में चुनाव की राह खुल गई है। नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव एक साथ कराने का रास्ता साफ हो गया है। नगरीय निकाय में कार्यकाल पूरा होने पर 6 माह तक नियुक्त हो सकेंगे प्रशासक। महापौर और नगरपालिका एवं नगर पंचायत अध्यक्ष चुनाव प्रत्यक्ष रूप से होंगे। निकाय और पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण अधिकतम 50 प्रतिशत का नियम लागू होगा।

विपक्ष की गैरमौजूदगी में ध्वनिमत से पारित हुआ संशोधन विधेयक। विपक्ष ने संशोधन विधेयक को संविधान के खिलाफ बताकर बहिर्गमन कर दिया और गांधी प्रतिमा के पास प्रदर्शन करते रहे। इसी बीच चर्चा के बाद विधेयक पारित हो गया। इससे पहले विधानसभा में नगर पालिका संशोधन विधेयक उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने पेश किया। इस पर बोलते हुए नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने विधेयक को संविधान के विपरीत और संविधान की मूल भावना के विपरीत बताते हुए विरोध किया। विधेयक पेश करने को लेकर भी सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच बहस होती रही।

### मंत्री ने कहा- सरकार को विधेयक में संशोधन का पूरा अधिकार

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा विधेयक संविधान के अनुरूप है। राज्य सरकार को विधेयक में संशोधन का पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा कि, विधानसभा में विधेयक पारित किया जा सकता है। विपक्ष ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव से पूछा आखिर आप समय पर चुनाव क्यों नहीं कराना चाहते। डिप्टी सीएम अरुण साव ने विपक्षी सदस्यों को जवाब देते हुए कहा कि, सरकार समय पर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 'सांसद नहीं कर पाएंगे संसद भवन के गेट पर प्रदर्शन' धक्का मुक्की कांड के बाद स्पीकर ओम बिरला का आदेश



नई दिल्ली। संसद परिसर में हुए कथित धक्का-मुक्की मामले के बाद लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने सख्त आदेश जारी किया है. स्पीकर ने कहा कि अब से कोई राजनीतिक पार्टी, सांसद या सांसदों का ग्रुप संसद भवन के किसी भी एंट्री गेट पर किसी तरह का धरना या विरोध प्रदर्शन नहीं कर पाएंगे.

सूत्रों ने बताया, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सख्त निर्देश जारी किए हैं कि कोई भी राजनीतिक दल, संसद सदस्य या सदस्यों का समूह संसद भवन के गेट पर कोई धरना और प्रदर्शन नहीं करेगा.

गृह मंत्री अमित शाह की बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर से संबंधित टिप्पणी को लेकर विरोध जताते हुए विपक्षी सदस्यों ने बृहस्पतिवार को मार्च निकाला तो भाजपा सांसदों ने कांग्रेस पर बाबासाहेब के अपमान का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया. संसद भवन के 'मकर द्वार' के निकट सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्य एक दूसरे के सामने आ गए और जमकर नारेबाजी की.

भारतीय जनता पार्टी का आरोप है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने धक्का-मुक्की की जिस वजह से उसके बुजुर्ग सांसद प्रताप सारंगी चोटिल हुए. भाजपा सासंद मुकेश राजपूत को भी चोट लगी है.

दूसरी तरफ, कांग्रेस का दावा है कि भाजपा के सांसदों ने उसके अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कई महिला सांसदों को संसद भवन में जाने से रोका और धक्का-मुक्की की.

नए संसद भवन के मकर द्वार पर प्रदर्शन के दौरान पक्ष-विपक्ष के सांसदों के बीच धक्का-मुक्की हुई है. पुराने संसद भवन के प्रवेश द्वार पर नए संसद भवन का मकर द्वार स्थापित है. यह भारतीय संसद की लोकतांत्रिक परंपराओं और सांस्कृतिक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### सदन में उठा घुसपैठियों पर कार्रवाई का मुद्दा

## भूपेश बघेल ने कहा - चुनाव के समय ही होती है रोहिंग्या और घुसपैठिए की बात



### गृहमंत्री शर्मा बोले - संदेहियों को पकड़ा जा रहा, रहना है तो पुलिस को बताकर रहें

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन गुरुवार को पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने घुसपैठियों पर कार्रवाई का मामला उठाया। उन्होंने कहा, प्रश्न लगने के बाद यह नींद से जागे हैं, इस मामले में आरटीआई लगाई गई है, जिसमें रोहिंग्या नाम का शब्द नहीं है, इस पर विभाग ने उत्तर दिया कि जानकारी एकत्रित की जा रही है।

पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा, चुनाव के समय रोहिंग्या और घुसपैठिए की बात होती है, अब सत्ता में आ गए हैं तो एक साल तक कान में तेल डालकर सोए हैं, भाजपा लोगों की भावनाओं को भड़काने की कोशिश कर रही है, बघेल के बयान पर गृह मंत्री विजय शर्मा ने पलटवार किया, उन्होंने कहा, चुनाव से इन विषयों का कोई लेनदेन नहीं है, इसका संबंध सुरक्षा से है, संदेहियों को पकड़ा जा रहा है, प्रिवेंटिव एक्शन लिया जा रहा है, कई लोग जेल में भी है। गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा, बस्तर, कोंडागांव, बालोद, दुर्ग, राजनांदगांव, बलौदाबाजार, कवर्धा में भी कार्रवाई हुई है। जो लोग भागते हैं उन पर कार्रवाई कर रहे हैं, जिलों से जानकारी निरंक है का मामला नहीं है, यह एक गंभीर विषय है, जिसे रहना है वह डिक्लेयर करके रहे. पुलिस को बताकर रहें, पुलिस के ऐप पर जानकारी देकर रहिए।

## साय सरकार का बड़ा निर्णय : दलहन, तिलहन और गेहूँ पर मंडी शुल्क और कृषक कल्याण शुल्क में पूर्णतः छूट



### आम जनता सहित उद्योग जगत के लोगों ने किया मुख्यमंत्री का आत्मीय अभिनंदन

रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने दलहन, तिलहन तथा गेहूं पर मंडी शुल्क और कृषक कल्याण शुल्क में 13 मार्च 2024 से 31 मार्च 2026 तक पूर्णतः छूट प्रदान की है। राज्य सरकार इस निर्णय से प्रदेश के लाखों किसानों और दाल मिल, तिलहन मिल तथा फ्लोर मिलों के संचालकों तथा व्यापारियों को सीधा लाभ मिलेगा। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के दाल मिल, तिलहन मिल तथा फ्लोर मिलों के संचालकों एवं व्यापारियों द्वारा प्रदेश के बाहर से प्रसंस्करण-विनिर्माण के लिए लाए गए दलहन, तिलहन एवं गेहूं पर मंडी शुल्क में छूट दिए जाने हेतु मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को आग्रह किया था। मुख्यमंत्री श्री साय के निर्देश पर 17 दिसम्बर 2024 को अधिसूचना जारी कर 13 मार्च 2024 से 31 मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ की सभी मंडियों में इन शुल्कों में पूर्ण छूट प्रदान की गई है।

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स एसोशिएसन के अध्यक्ष अमर परवानी ने इस निर्णय पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि यह निर्णय प्रदेश के व्यापारिक और कृषि क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक है। उन्होंने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा है कि यह छूट प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगी और व्यापारियों किसानों के हितों की रक्षा करेगी। मंडी शुल्क और कृषक कल्याण शुल्क में छूट होने से व्यापारी पडोसी राज्यों से भी प्रतिस्पर्धात्मक दरों पर व्यापार कर सकेंगे। इससे प्रदेश में व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और किसानों को भी उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के इस फैसले का अभिनंदन करते हुए आमजनों व उद्योग जगत के लोगों ने आज मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर मुख्यमंत्री का आत्मीय अभिनंदन कर उन्हें हृदय से धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वित्तीय चुनौतियां होने के बावजूद प्रदेश की आम जनता के हक में उनकी सरकार ने यह फैसला किया है। इस फैसले से प्रदेश के 30 हजार परिवारों का संरक्षण होगा व आम जनता को भी कम (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# कांग्रेस भवन के दुकानों में फिर चला बुलडोजर, तोड़फोड़ की चपेट में आई दुकानें, प्लेट फार्म भी तोड़े गए

## बिजली कनेक्शन विच्छेद व दुकान खाली कराए जाते समय दुकानदारों व कांग्रेसियों के बीच हुई झूमा-झटकी






राजनांदगांव (दावा)। पखवाड़े भर बाद फिर एक बार फिर जर्जर हो चुके कांग्रेस भवन में बुलडोजर ने गरजा। इस बार कांग्रेस भवन परिसर में बने दुकानों के हिस्से तोड़फोड़ से प्रभावित हुए कुछ दुकानों के पिछवाड़े वाले भाग पूरी तरह से ढहा दिए गए जिससे उनका दुकानदारी करना संभव नहीं रह गया है। इस कार्रवाई से दुकानदार खासे परेशान हैं। दुकानें गिराए जाने से उनके समक्ष रोजी-रोटी की चिंता उपस्थित हो गई है। इससे वे कार्रवाई का विरोध करने सड़क पर आ गए। जिसके कारण जयस्तंभ चौक का माहौल गर्मागर्म बना रहा। इस बीच वहां बेदखली कार्रवाई को देखने लोगों की भीड़ उपस्थित हो गई।

बता दें कि गुरुवार की सुबह लगभग 11 बजे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता श्री किशन खंडेलवाल महापौर हेमा देशमुख , कुलबीर छाबड़ा,रुबी गरचा ,रमेश डाकलिया आदि बड़ी संख्या में कांग्रेस जनों की उपस्थिति में बुलडोजर के साथ तोड़ - फोड़ की कार्रवाई शुरू की गई। इससे इसके विरोध में काजल कैसेट ,बाबू भाई टेलर , गुप्ता प्रिंटर्स के दुकानदार व कांग्रेसी जन? आमने-सामने आ गए और आपस में कुछ कांग्रेसी व दुकानदारों के बीच धर- पकड़, झूमा-झटकी की नौबत आ गई। गनीमत है कि वहां परिस्थिति को भांपते हुए पुलिस बल की मौजूदगी रही इससे मामला अधिक बिगड़ नहीं पाया। कांग्रेस भवन परिसर स्थित दुकानों को खाली कराने के लिए उपस्थित पूर्व महापौर सुदेश देशमुख , पूर्व पार्षद अशोक फड़नवीश, मनीष गौतम आदि ने बताया कि दुकानदारों को दुकान खाली करने के लिए पहले भी अल्टीमेटम दिया जा चुका है। उनका कहना है कि ये कांग्रेस भवन के किराएदार नहीं है। मुफ्त में कांग्रेस भवन के दुकानों में रह रहे हैं। चूंकि 60- 70 साल पुराना कांग्रेस भवन? जर्जर हो चुका है जिसका नया निर्माण किया जाना है इसलिए इसका ध्वंसीकरण किया जा रहा है,और इन्हें पहले से ही दुकानें खाली करने का इत्तिला कर भवन ध्वंसीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसके बावजूद भी इन लोगों द्वारा विरोध किया जा रहा था। अतः इन्हें दुकानें खाली कराने बिजली कनेक्शन काटा गया। उन्होंने बताया कि वे लोग लीगल ढंग से काम कर रहे हैं। इसलिए प्रशासन व पुलिस का सहयोग लेकर काम किया जा रहा है।

### पुलिस बल तैनात रहने से नहीं आई मारपीट की नौबत

### कुछ दुकानदारों ने खुद ही की दुकानें खाली

इस दौरान कुछ दुकानदारों ने खुद ही अपनी दुकानें खाली करने में भलाई समझी। प्रदेश कांग्रेस महासचिव आफताब आलम ने बताया कि इनके पास दुकानों की किराया पटाने व अन्य किसी तरह के स्वामित्व संबंधी कागजात नहीं है। वर्षों से बगैर किराया पटाए रह रहे हैं। कोर्ट से भी इनका मामला खारिज हो चुका है। जर्जर हो चुके कांग्रेस भवन के नए निर्माण के लिए इन्हें खाली कराया जाना जरूरी था।और वहीं कार्य किया जा रहा है। इसी तरह पूर्व नगर निगम सभापति रमेश डाकलिया ने कांग्रेस की कार्रवाई को उचित बताया। बता दें कि 60 से 70 साल पूराने जर्जर हो चुके कांग्रेस भवन की डिस्मेंटल करने के लिए नगर निगम ,पीडब्ल्यूडी आदि से कई बार नोटिस दिया जा चुका है।

> उक्त कार्रवाई के चलते कुछ दुकानदारों ने कांग्रेस भवन निर्माण में सहयोग करने दुकानें की चाबी सौंप दी है। इसी तरह सहयोग रहा व प्रेम से काम होगा तो वरियता के आधार पर उन्हें सबकी सहमति से दुकानें उपलब्ध कराई जाएगी।
>
> **श्रीकिशन खंडेलवाल**
> **संयोजक, कांग्रेस भवन**

# छात्र युवा मंच ने महावीर मुख्य चौक में प्रदर्शनों को रोकने एसपी को सौपा ज्ञापन



राजनांदगांव (दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग को छात्र युवा मंच परिवार द्वारा महावीर मुख्य चौक में शोभायात्रा जुलुस झांकी प्रदर्शन हो प्रतिबंधित करने हेतु आवेदन सौंपा है। उन्होंने बताया कि महावीर चौक शहर का मुख्य चौराहा सड़क हैं, जिसमें खैरागढ़ रोड, मानव मंदिर रोड, नागपुर रोड, रायपुर रोड के लिए रास्ता हैं इस चौक के मुख्य सड़क में झांकी जुलुस शोभायात्रा प्रदर्शन जैसे आयोजन से खैरागढ़ रोड जाने वाले ओव्हर ब्रिज में यातायात का दबाव बढ़ता हैं जिससे ब्रिज में ट्रैफि क जाम की स्थिति निर्मित होती हैं,

रेल्वे अंडरब्रिज निर्माण का कार्य अधूरा हैं जिससे पटरी पार के स्टेशन पारा, चिखली शंकरपुर शांतिनगर शिव नगर रामनगर गठुला बोरी सहित खैरागढ़ मार्ग से आने वाले स्कूल कॉलेज विधार्थी, मरीज व आमजन के लिए एकमात्र रास्ता हैं, ओव्हर ब्रिज में ट्रैफिक जाम के कारण परीक्षा देने समय में नहीं पहुँच पा रहे स्कूल कॉलेज के विद्यार्थी, गंभीर मरीज, एम्बुलेंस फंस रहे हैं। ट्रैफिक जाम में गर्भवती महिला, दूधमुंहे को गोद में लेकर मातायें घंटों हो रहे ट्रैफिक जाम से परेशान रहते है।

## पहला कॉलम...

### सतनाम समाज द्वारा निकाली गई भव्य यात्रा का मखीयर समाज द्वारा किया गया स्वागत



राजनांदगांव (दावा)। गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर आज शहर के सोलह खोली वार्ड नंबर 12 में सतनाम समाज द्वारा भव्य यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में समाज के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान सोलह खोली मखीयर समाज के अध्यक्ष संदीप (संजू) बघेल के नेतृत्व में मखियार समाज के समस्त सामाजिक बंधुओं ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। यात्रा में समाज की एकता, श्रद्धा और परंपरा का सुंदर संगम देखने को मिला। संजू बघेल ने इस अवसर पर कहा कि गुरु घासीदास बाबा के सिद्धांत सच्चाई और समानता पर आधारित हैं और समाज को उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने आयोजन की सफलता के लिए सभी सामाजिक बंधुओं और आयोजकों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे और गुरु घासीदास बाबा के पावन उपदेशों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

### आज से वार्ड नं. 43 में दो दिवसीय आयुष्मान कार्ड शिविर

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर वार्ड नं. 43 सामुदायिक भवन में दो दिवसीय शिविर 20 व 21 दिसंबर को 10.30 से 5.30 बजे तक पार्षद खेमिन राजेश यादव के नेतृत्व में 2 दिवसीय आयुष्मान शिविर निःशुल्क बनाया जायेगा साथ ही सिकल सेल जांच, बीपी सुगर जांच तथा आयुष्मान कार्ड सुधार किया जायेगा। स्वास्थ्य विभाग जिला राजनांदगांव आयुष्मान शिविर डॉ. नेतराम नवरत्न मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार डॉ. बी.एल तुलावी जिला नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत के मार्गदर्शन में स्वास्थय विभाग द्वारा 70 वर्ष से अधिक आयु वाले सिनियर सिटीजन का आयुष्मान वय वंदन कार्ड पंजीयन एवं 70 वर्ष से कम आयु वाले पात्र हितग्राहीयों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन हेतु 2 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। वार्ड पार्षद खेमिन राजेश यादव ने वार्ड कि जनता से अपील की है कि अपना स्वास्थ्य परिक्षण और आयुष्मान कार्ड बना ले।

### ग्राम पंचायत देवकट्टा में शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन हेतु 28 दिसम्बर तक आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत देवकट्टा में शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन हेतु 28 दिसम्बर 2024 तक आवेदन आमंत्रित की गई है। शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु जिले में स्थित इच्छुक वृहत्ताकार आदिम जाति बहुउदेशीय सहकारी समिति (लेम्पस), प्राथमिक कृषि साख समिति, वन सुरक्षा समिति, महिला स्व सहायता समूह, अन्य उपभोक्ता सहकारी समिति निर्धारित तिथि तक विहित प्रारूप एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगढ़ में प्रस्तुत कर सकते है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय खाद्य विभाग डोंगरगढ़ से प्राप्त की जा सकती है। शासकीय उचित मूल्य दुकान आबंटन की प्रक्रिया छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के तहत की जाएगी।

# जिला हॉकी संघ की कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न



**इस वर्ष जिले के 38 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लिया**

राजनांदगांव (दावा)। आज 19 दिसम्बर दिन गुरुवार को दोपहर 12 बजे 'छत्तीसगढ़ हॉकी' कार्यालय म्युनिसिपल स्कूल परिसर जीई रोड में जिला हॉकी संघ राजनांदगांव की आवश्यक बैठक संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी की अध्यक्षता व सचिव शिवनारायण धकेता की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

सर्वप्रथम संघ के अध्यक्ष ने पिछले वर्ष में किये हॉकी के विकास के कार्य की जानकारी देते हुए इस वर्ष भी संघ को जो दायित्व मिले है उसे पूर्ण करने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करने का सुझाव देते हुए कहा कि आगामी वर्ष 2025 में सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता फरवरी माह में आयोजित कराने हेतु समिति अध्यक्ष कलेक्टर से मांग की जायेगी तथा उच्च स्तर पर पत्राचार आयोजन हेतु पहल की जायेगी। प्रतियोगिता तैयारी को लेकर भी चर्चा की गई।

इसके साथ ही एस्ट्रोटर्फ के सम्बंध में अब तक किये गए प्रयास के बारे में भी जानकारी सभी उपस्थित सदस्यों को दी गई तथा फ्लड लाइट व एस्ट्रोटर्फ के बदलाव के लिए सभी सदस्य जनप्रतिनिधि, प्रशासन व शासन स्तर पर सतत सम्पर्क बनाकर इस दिशा में कार्य को आगे बढ़ाने का प्रयास करने का निर्णय लिया गया है। आगामी वर्ष 2025 में जिला हॉकी संघ राजनांदगांव द्वारा लीग हॉकी प्रतियोगिता जनवरी माह में आयोजित होना बताया। संघ के सचिव शिवनारायण धकेता ने बताया कि इस वर्ष हॉकी नर्सरी के तीन महिला खिलाड़ी भूमिका, अनीशा और आँचल ने राष्ट्रीय हॉकी शिविर में जगह बनाई है जिसमें अनीशा साहू और भूमिका साहु ने राष्ट्रीय हॉकी टीम में जगह बनाई है।

साथ ही सीनियर पुरुष वर्ग में 7, सीनियर महिला वर्ग में 6, जूनियर बालक वर्ग में 4, जूनियर बालिका वर्ग में 6, सब-जूनियर बालक वर्ग में 6 तथा सब जूनियर बालिका वर्ग में 9 कुल 38 खिलाड़ियों ने हॉकी इंडिया की राष्ट्रीय चैंपिनशिप में भाग लेकर शहर को गौरवान्वित किया। उक्त सभी खिलाड़ियों का सम्मान संघ की आगामी आमसभा में किया जाएगा।

**सर्वेश्वरदास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता आयोजित कराने के लिए किए जाएंगे पत्राचार**

आगामी दिनांक 22 से 29 दिसम्बर तक आयोजित होने वाली छत्तीसगढ़ लीग हॉकी प्रतियोगिता हेतु पत्र प्राप्त होने की जानकारी दी गई, जिसमें जिला हॉकी संघ ने हर सम्भव मदद करने की बात कही वंही पिछले दिनों आयोजित सीनियर मॉर्निंग ग्रुप 7 ए साइड हॉकी प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए आयोजन समिति को धन्यवाद ज्ञापित किया।

अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने जानकारी प्रेषित की विगत दिनों कलेक्ट्रेट सभा में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया है कि ओलम्पिक खेल में शामिल खेल के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लेने वाले स्थानीय खिलाड़ियों को दिग्विजय स्टेडियम समिति द्वारा राशि (भत्ता) देने की सहमति बनी है यह राशि का लाभ खेल संघ का प्रतिनिधित्व करने वाले स्थानीय खिलाड़ियों को ही मिलेगा। इस निर्णय हेतु कलेक्टर संजय अग्रवाल सहित समिति सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।

इसके साथ ही राष्ट्रीय प्रतियोगिता प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले स्थानीय जिले के जूनियर व सब जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों को जिला हॉकी संघ की ओर से पाँच-पाँच सौ रुपये प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय लिया गया। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि जो खिलाड़ी प्रदेश के बाहर ट्रायल दिलाने जाएगा उसके आने जाने का किराया व दैनिक भत्ता, जिला हॉकी संघ द्वारा दिया जाएगा।

स्थानीय निर्णायक शकील अहमद को हीरो हॉकी इंडिया लीग में निर्णायक के रूप में चयनित होने पर व तरुण यादव (बम्बू) तौफ़ीक अहमद और सुखदेव निर्मलकर को वनरक्षक पद पर नियुक्ति प्राप्त होने पर बधाई व शुभकामनाएं दी गई।

उक्त बैठक में जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, सचिव शिवनारायण धकेता, नीलमचंद जैन, सुश्री ऑशा थामस, गणेश प्रसाद शर्मा, कुमार स्वामी, अब्दुल कादिर, महेन्द्र ठाकुर, प्रिंस भाटिया, श्रीमती ममता गुप्ता, अनुराज श्रीवास्तव, मृणाल चौबे, तुलसी सिन्हा, शकिल अहमद, जावेद खान, आशीष सिन्हा, खुशाल यादव, मनीष सोनी, कृष्णा यादव आदि उपस्थित थे।

# पत्नी की चरित्र पर शंका होने से आरोपी ने टांगिया मार कर दी हत्या, पुलिस ने किया गिरफ्तार



राजनांदगांव ( )। जिले के बागनदी थाना क्षेत्र में आरोपी ने अपने पत्नी के चरित्र पर शंका कर उसकी टांगिया मारकर हत्या कर दी। बागनदी पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में ले लिया है।

बागनदी थाना निरीक्षक विजय मिश्रा ने बताया कि हत्या के आरोपी द्वारका यादव पिता सुकालू यादव उम्र 32 वर्ष निवासी बागनदी स्थाई पता ग्राम गेरूघाट ओपी जोब थाना छुरिया को पकड़ने में मिली सफलता। घटना के संबंध में बताया गया कि मंगलवार 17 दिसंबर की रात लगभग 11 बजे सूचक अमित मलिक पिता दिनेश मलिक उम्र 37 वर्ष ग्राम बागनदी हमराह मकान मालिक देवसिंह पडौती के थाना हाजिर आकर जुबानी बताया कि वह देवसिंह पडौती के मकान के एक कमरे में विगत दो वर्ष से किराये में रह रहा था ।उसके कमरे से लगे बगल वाले कमरे में मृतिका सावित्री यादव अपने पति द्वारका साथ पिछले एक साल से किराये में रह रही थी। दोनों पति-पत्नि के मध्य आये दिन झगड़ा विवाद होते रहता हैं।

आए दिन होता था झगड़ा-लड़ाई

मंगलवार 17 दिसंबर की रात साढ़े 8 बजे अपने कमरे में आराम कर रहा था कि द्वारका व सावित्री यादव के बीच में वाद-विवाद, झगड़ा लडाई होने की आवाज उन्होंने सुना। जिस पर आये दिन झगडा होते रहते हैं सोचकर ध्यान नही दिया और अपने कमरे में आराम करने लगा । कुछ देर बाद में बाहर आया तो द्वारका का कमरे का दरवाजा खुला हुआ था एवं लाईट जल रही थी। तब द्वारका को आवाज दिया कोई जवाब नही दिया तो कमरे में झांककर देखा तो सावित्री यादव खाट में खून से लथपथ पड़ी थी। उसका पति द्वारका घर में नही था। तब उसने मकान मालिक देवसिंह पडौती को फोन से बुलाया एवं उसके आने के बाद दोनों द्वारका के कमरा के अंदर जाकर देखे तो द्वारका की पत्नि सावित्री यादव खाट में खून से लथपथ पडी थी। जिसे दोनों पास में जाकर देखे सावित्री यादव के चेहरा एवं गले में गहरा चोट का निशान था एवं खून बह रहा था जिसकी मृत्यु हो गई थी । जो किसी धारदार वस्तु से मारा है ऐसा प्रतीत हो रहा था। उक्त सूचना पर मर्ग इंटीमेशन क्रमांक 28/2024 धारा 194 बीएनएस चाक कर शव पंचनामा कार्यवाही में लिया गया। बाद शव का पीएम मेडिकल कालेज अस्पताल से कराया गया। मर्ग जांच पर में आरोपी द्वारका यादव उम्र 32 साल के द्वारा अपनी पत्नी सावित्री के चरित्र पर शंका को लेकर टांगिया से मारकर उसकी हत्या कर देना पाए जाने से आरोपी द्वारका यादव के विरूद्ध थाना बाघनदी में बुधवार 18 दिसंबर को अप.क्र. 56/24 धारा 103 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया है।

आरोपी द्वारका यादव का पतासजी कर मिलने पर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने पर गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक श्री मिश्रा सहित सउनि. अनिल कुमार झा, महेश राजपूत व अन्य आरक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# शांति नगर बौद्ध विहार के पास नव निर्मित सामुदायिक भवन का महापौर ने किया लोकार्पण



राजनांदगांव (दावा)। शहर विकास की कडी में नगर निगम द्वारा वार्डो में रोड, नाली के अलावा मुक्तिधाम उन्नयन, उद्यान निर्माण, तालाब सौदर्यीकरण तथा सामुदायिक भवन का निर्माण किया जा रहा है। इसी कड़ी में शांति नगर बौद्ध विहार के पास मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत 5 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया, जिसका आज महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में फीता काटकर पट्टीका का अनावरण कर लोकार्पण किया। कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य श्री मधुकर वंजारी,जल विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सतीश मसीह, जिला योजना समिति के सदस्य श्री सिद्धार्थ डोंगरे, वार्ड की पार्षद श्रीमती पूर्णिमा नागदेवे, आम्बेडकर समाज के अध्यक्ष श्री भीमराव मेश्राम विशेष रूप से उपस्थित थे।

लोकार्पण कार्यक्रम में अपने संबोधन में महापौर श्रीमती देशमुख ने समाज के लोगो बधाई देते हुए कहा कि आप लोगों की मांग अनुसार एवं पार्षद के प्रयास से आज बौद्ध समाज को शांति नगर में भवन मिला। उन्होंने कहा कि आपके वार्ड की पार्षद पूर्णिमा नागदेवे वार्ड में विकास कार्य के लिये लगे रहती है, एक महिला होकर वार्ड में सभी कार्य हो जाये चाहे वो लाईट लगाना हो, सफाई कराना हो, चाहे निर्माण कार्य हो, सभी के लिये निगम में लगातार प्रयास करती है। इसी का परिणाम है कि आपके समाज का भवन बनकर तैयार हो गया। उन्होंने कहा कि भवन बनने से ही समाज का विकास नहीं होता, बल्कि समाज के बच्चों को शिक्षित करने, गरीब वर्ग के लोगों के उत्थान के लिये कार्य करने से समाज का विकास होता है। बौद्ध समाज आज हर वर्ग में आगे बढ़ रहा है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में समाज के यादवराम भीमटे, रामचंद मेश्राम, परसराम बागड़े, राजकुमार मेश्राम, प्रहलाद फुले, संजय मेश्राम, आशीष रामटेके, आशीष बागड़े, राजकुमार भीमटे, मनीष भीमटे, अंजु मेश्राम, चंद्रकला मेश्राम, माला मेश्राम ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। स्वागत पश्चात महापौर ने भवन का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उप अभियंता श्री डागेश्वर कर्ष सहित बौद्ध अनुयायी उपस्थित थे।

dts श्री कृष्णा (एयरकूल) में
शानदार तीसरा सप्ताह | रोजाना 3 खेलों में
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
समय : 11.30, 3.15 व 8 बजे रात्रि
फिल्म की लम्बाई अधिक होने के कारण समय का ध्यान रखें
पुष्पा 2
कलाकार - अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना, फहाद फाज़िल आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

Paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
20th Dec to 26th Dec 2024




Pushpa The Rule 2 - 10:00am, 10:30am, 01:45, 02:15, 02:30, 05:30, 09:00, 09:15 and 09:30 pm
Mufasa The Lion King - 09:45am, 12:00 and 06:30 pm
Vanvaas - 06:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# आज शहीद ले.अरविन्द दीक्षित का शहादत दिवस



राजनांदगांव (दावा)। शहीद ले. अरविन्द शंकर दीक्षित का शहादत दिवस आज 20 दिसंबर शुक्रवार को अपरान्ह 03.15 बजे कस्तूरबा महिला मंडल के हॉल में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम का आयोजन कान्यकुब्ज सभा एवं केडेट क्लब द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए कान्यकुब्ज सभा के सचिव अजय शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रम अपरान्ह सवा तीन बजे कस्तूरबा महिला मण्डल भवन में आयोजित किया जायेगा। सर्वप्रथम राष्ट्रगान होगा, तत्पश्चात शहीद ले. अरविंद शंकर दीक्षित के तैलचित्र पर पुष्पचक्र अर्पित किया जायेगा साथ ही रिजर्व पुलिस लाईन की सलामी गारद द्वारा सशस्त्र सलामी दी जायेगी। कार्यक्रम में 105 इंजीनियर्स रेजीमेंट के अधिकारी, जिला पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण, 38 वीं छत्तीसगढ़ एन.सी.सी. बटालियन के अधिकारीगण, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, सीनियर एवं जूनियर डिवीजन तथा नेवल विंग के एन.सी.सी. केडेट्स, स्काउट गाईड, भूतपूर्व सैनिकगण तथा गणमान्य नागरिकगण श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। प्रार्थना सभा, जीवन परिचय एवं अतिथियों के उद्बोधन के पश्चात सेना व पुलिस के शहीदों को दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि दी जायेगी। उल्लेखनीय है कि 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध के दौरान ले. अरविन्द शंकर दीक्षित ने 105 इंजीनियर्स रेजीमेंट का प्रतिनिधित्व करते हुए जम्मू कश्मीर के राजौरी सेक्टर में बारूदी सुरंगों को निष्क्रिय करने के प्रयास में 20 दिसंबर 1971 को वीरगति प्राप्त की थी। उनके शहादत दिवस पर विगत 25 वर्षों से यह अभिनव कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। कान्यकुब्ज सभा के उपाध्यक्ष पं. विष्णु दत्त तिवारी एवं महिला शाखा की अध्यक्षा श्रीमती ममता अवस्थी तथा केडेट क्लब के अध्यक्ष अमित चंद्रवंशी ने सभी सदस्यों एवं नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित रहने की अपील की है।

### नगरीय प्रशासन विभाग ने जारी किया अनुकंपा नियुक्ति का आदेश, 353 लोगों को मिलेगी नौकरी

रायपुर (दावा)। सालों से लंबित अनुकंपा नियुक्ति के 353 प्रकरणों को उप मुख्यमंत्री ने स्वीकृति दे दी है, इन लोगों को नगर निगम, नगर पालिका, नगर परिषद, नगर पंचायत में भृत्य, सफाईकर्मी, चौकीदार, माली, वाहन चालक, और तृतीय श्रेणी अन्य पदों पर अनुकंपा नियुक्ति दी जाएगी। इसका आदेश नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय ने जारी किया है।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
3-5-8
379-9 226-0
राजधानी
1-6-8
115-7 458-7

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खंड मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)
E-mail -eemohla-cg@nic.in
निविदा क्रमांक 18 निविदा शा./का.अ./लो.स्वा.यां.खण्ड/2024 मोहला-मानपुर-अं. चौकी, दिनांक 17.12.2024
सिस्टम क्रमांक - 163030
// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना//
रिस्क एंड कास्ट
छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र -'ए' में जल जीवन मिशन अंतर्गत एकल ग्राम/ रेट्रोफिटिंग योजनांतर्गत जिला मोहला-मानपुर- अं. चौकी के विकासखंड चौकी के ग्राम ब्राम्हणलांझिया में रिस्क एवं कास्ट में UPVC/HDPE पाईप लाईन जोड़ने बिछाने, उच्चस्तरीय जलागार निर्माण, स्वीच रूम, उच्चस्तरीय जलागार के चारों ओर बाउंड्रीवॉल निर्माण, सबमर्सिबल पंप का प्रदाय एवं स्थापना कार्य, विद्युत विभाग (CSPDCL) से इलेक्ट्रिक कनेक्शन, इलेक्ट्रोक्लोरीनेटर स्थापना, क्लोरीनेटर रूम, घरों एवं शासकीय संस्थानों में कार्यरत नल कनेक्शन प्रदाय आदि एवं अन्य समस्त कार्य टेस्टिंग, 03 माह का ट्रायल रन, 06 माह तक संचालन संधारण का कार्य (सम्पूर्ण कार्य सामग्री सहित, संलग्न शेड्यूल अनुसार) की निविदाएं ऑन लाईन पर आमंत्रित की जाती है। जिसकी अनुमानित लागत रू. 25.74 लाख निर्धारित है। उपरोक्त कार्य के निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई- प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 24.12.2024 से डाउनलोड की जा सकती है तथा निविदा डाउनलोड करने की अंतिम दिनांक 07.01.2025 (शाम 5.30 बजे) तक है।
कार्यालय अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खंड
मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)
जी- 242504684/1

## संविधान निर्माता पर आपत्तिजनक बयान घोर निंदनीय, नहीं सहेगा हिन्दुस्तान: कांग्रेस





**शहर व जिला कांग्रेस ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह का किया पुतला दहन**

राजनांदगांव (दावा)। संसद के शीतकालिन सत्र के दौरान राज्यसभा में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता व भारत रत्न डा.भीमराव अम्बेडकर के संदर्भ में दिये गये आपत्तिजनक बयान की घोर निंदा करते हुए शहर व ग्रामीण कांग्रेसजनों द्वारा केन्द्रीय गृहमंत्री का पुतला जयस्तंभ चौक में दहन कर गृहमंत्री अमित शाह के विरोध में जमकर नारेबाजी की।

शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संविधान के निर्माता व भारत रत्न डा.भीमराव अम्बेडकर को लेकर राज्यसभा में विवादित बयान दिया है जिसकी कांग्रेस व अन्य पार्टियां घोर विरोध करती है। जिसको लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में गुरूवार 19 दिसंबर को जयस्तंभ चौक पर केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन कर कांग्रेसजनों द्वारा नारेबाजी की गयी।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि बड़ा ही सोचनीय विषय है कि देश के सर्वोच्च सदन में भारत रत्न से सम्मानित बाबा साहेब को पूरा विश्व पूजता है उस बाबा साहेब अम्बेडकर के विषय में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा इस तरह की आपत्तिजनक टिप्पणी कर बाबा साहेब का अपमान किया है जो कि पूर्णतः गलत है। संविधान निर्माता बाबा साहेब अम्बेडकर को पूरा देश पूजता व सम्मान करता है जिनके बनाए संविधान के कारण आज भारत देश मजबूती से खड़ा है और ऐसे व्यक्ति पर गलत बयानबाजी करना गंभीर अपराध है इसे पूरा भारत देश कभी माफ नहीं करेगा। केन्द्र की मोदी सरकार व भाजपा की नीयत साफ नजर आ रही है कि वे संविधान को बदलने व देश को गुलामी की ओर ले जा रहे हैं जिसे हम कदापि बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि जो संविधान की बात करेंगा वहीं देश में राज करेगा।

जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह व भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि केन्द्रीय गृहमंत्री द्वारा डा.भीमराव अम्बेडकर बाबा साहेब पर अभद्र टिप्पणी की है जो माफी योग्य नहीं है। सभी को संगठित रखने, देश के विकास व समाज के विकास के लिए एक नियमावली व्यवस्था के साथ डा. बाबा साहेब ने बखूबी निभाते हुए गरीबों, दलितों व सभी को समानता और न्याय के अंतर्गत बनाते हुए भारत के संविधान की निर्माण कर बाबा साहेब जातिवाद भेदभाव मिटाने व सभी वर्गों के सम्मान के लिए संविधान लिखा,उनका नाम गर्व से लिया जाता है। ऐसे अनमोल रत्न का अपमान बर्दाश्त योग्य नहीं है उन्हें देश से माफी मांगना चाहिए।

पुतला दहन के दौरान प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, महापौर हेमा देशमुख, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, वरिष्ठ कांग्रेसी सुदेश देशमुख, कुतबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, कमलजीत सिंह पिन्टू, मेहुल मारू, विकास त्रिपाठी, महेन्द्र यादव, रौशनी सिन्हा, शरद खंडेलवाल, मोहिनी सिन्हा, प्रज्ञा गुप्ता, अभिमन्यु मिश्रा, शकील रिजवी, जितेन्द्र शर्मा, एनएसयूआई अध्यक्ष अमर झा, पार्षद सिद्धार्थ डोंगरे, सतीश मसीह, मनीष साहू, महेश साहू, अजय छेदैया, पूर्णिमा नागदेवे, अतुल शर्मा, भोला यादव, तुलदास साहू, मनीष गौतम, नीरज कन्नौजे, प्रतिमा बंजारे, शीतल साहू, मामराज अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## जिले में 72 हजार 380 किसानों से 3579106.80 क्विंटल धान की खरीदी की गई



**ट्रांसपोटर्स एवं मिलर्स के द्वारा धान का उठाव लगातार जारी**

राजनांदगांव (दावा)। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान खरीदी महाभियान अंतर्गत शासन द्वारा किसानों के धान की खरीदी लगातार जारी है। शासन द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की जा रही है। जिले में अब तक 72 हजार 380 किसानों से 3579106.80 क्विंटल धान की खरीदी की गई है और 825 करोड़ 54 लाख 09 हजार रूपए का भुगतान किसानों को किया गया है। जिले में धान उपार्जन केन्द्र से धान का उठाव लगातार जारी है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं सतत निगरानी में धान खरीदी का कार्य जारी है। जिले में सुचारू तरीके से धान की खरीदी की जा रही है, वहीं धान का उठाव लगातार ट्रांसपोटर्स एवं मिलर्स के द्वारा किया जा रहा है। अवैध धान की बिक्री पर रोक लगाने के लिए कोचियों एवं बिचौलियों पर संयुक्त कार्रवाई जारी है। धान उपार्जन केन्द्रों पर किसानों ने माइक्रो एटीएम के माध्यम से 1 करोड़ 9 लाख 37 हजार 499 रूपए की राशि प्रदान की गई है। तत्काल राशि मिलने पर किसानों में खुशी है। धान बिक्री के लिए टोकन तुहर दुआर एप द्वारा ऑनलाईन माध्यम से टोकन किसानों को दिया जा रहा है। जिससे किसानों को बहुत सुविधा मिली और एक ही बार में पूरा धान की बिक्री हो जाने से समय की बचत हो रही है।

## बलौदा बाजार केस में कई लोगों की जमानत नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण - कांग्रेस



**सोमनी में संत घासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए नीरज कन्नौजे**

राजनांदगांव (दावा)। बुधवार को सोमनी के बाजार चौक में संत शिरोमणि गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में मुख्यअतिथि की आसंदी से शहर दक्षिण ब्लॉक मोर्चा के महामंत्री व कांग्रेस के युवा नेता नीरज कन्नौजे ने कहां कि बलौदा बाजार केस में कई लोगों को जमानत नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने राज्य की भाजपा सरकार को आडे हाथ लेते हुए कहा कि यह कई मोर्चा पर विफल साबित हो रही है। उन्होंने विशेष रूप से महंगाई और किसानों को सोसाइटियों में हो रही परेशानी का उदाहरण दिया। लेकिन पूर्ववर्ती भूपेश बघेल नीत कांग्रेस सरकार में किसान खुशहाल थे।

श्री कन्नौजे ने सभा को संबोधित करते हुए आगे कहा कि गुरू घासीदास का जन्म 1756 में बलौदाबाजार जिले के गिरौदपुरी में एक गरीब और साधारण परिवार में पैदा हुए थे। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों पर कुठाराघात किया। जिसका असर आज तक दिखाई पड़ रहा है। उनकी जयंती हर साल पूरे छत्तीसगढ़ में 18 दिसम्बर को मनाया जाता है। गुरु घासीदास का जन्म ऐसे समय हुआ जब समाज में छुआछूत, ऊंचनीच, झूठ-कपट का बोलबाला था। बाबा ने ऐसे समय में समाज में समाज को एकता, भाईचारे तथा समरसता का संदेश दिया। घासीदास की सत्य के प्रति अटूट आस्था की वजह से ही इन्होंने बचपन में कई चमत्कार दिखाए। जिसका लोगों पर काफी प्रभाव पड़ा। उन्होंने उपस्थित कार्यक्रम में सभी लोगों को 18 दिसंबर संत गुरु घासीदास जयंती की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से नेताजी नीरज कन्नौजे के साथ कार्यक्रम के अध्यक्षता अभिमन्यु मिश्रा, प्रदीप यादव, अमर साहू, जावेद भाई, सुरेंद्र मांडवी, सहदेव साहू, आयोजन समिति के सोनू देशलहरे अश्वनी बांधव, तामेश्वर बंजारे, निर्मला साहू, टिंकू साहू, मुकुंद साहू, नवीन मांडवी, मोनू कोसरे जगदीश यादव सहित समस्त सामाजिक लोग व समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## जिन मार्गो पर निजी बसें दौड़ रही है, वहां सिटी बसों का संचालन कैसे



**नितिन गडकरी से मिले बस मालिक, बताया राज्य परिवहन का गठन नहीं**

राजनांदगांव (दावा)। यातायात महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व जिला यातायात महासंघ राजनांदगांव के अध्यक्ष रईस अहमद शकील व अन्य पदाधिकारियों ने महासंघ के अध्यक्ष अनवर अली के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ से पहली बार केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से नागपुर जाकर मुलाकात की व बस संचालन में आ रही विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया गया।

उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित परिवहन के सशक्त साधन यात्री बसों के संचालन में रोज कुछ नए नियमों का हवाला देकर उनको पालन करने के लिए बाध्य किया जा रहा है। संघ ने बताया केंद्र सरकार ने पूरे देश में सिटी बस के संचालन हेतु योजना बनाई है। योजना के तहत देश के बड़े राज्यों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश के लिए भी राशि का आबंटन किया है, जो कि स्वागत योग्य है।

इससे प्रदेश के सभी जिलों में निवासरत लोगों को सुगम यात्रा उपलब्ध होगी, किंतु राज्य सरकार द्वारा इन सिटी बसों को चलाने हेतु दर्शित मार्गों पर पूर्व से ही पूरे प्रदेश में 15000 बसों का संचालन प्रदेश के भिन्न-भिन्न मार्गों पर स्टेज कैरीज अनुज्ञा पत्र प्राप्त कर किया जा रहा है। चूंकि छत्तीसगढ़ प्रदेश में छत्तीसगढ़ राज्य परिवहन का गठन नहीं है और पूरे प्रदेश में निजी बस सेवा ही संचालित हो रही है। ऐसे में उन्हीं मार्गों पर सिटी बसों का संचालन किया जाना क्या उचित होगा? इस तरह दो अलग-अलग सेवाओं के संचालन से मार्गों पर अनावश्यक रूप से प्रतिस्पर्धा बढने से दुर्घटना होने पर जान माल का नुकसान होना तय है, जो बस व्यवसाय के रूप में बेरोजगार युवाओं को प्राप्त हैं या जो बैंक ऋण लेकर उक्त कार्य से अपना एवं अपने परिवार का लालन-पालन कर रहे है, वो सभी आर्थिक संकट की चपेट में आ जाएंगें। इसके पूर्व में भी केंद्र सरकार ने सिटी बसों की सौगात छत्तीसगढ़ राज्य को दी थी, जिसके अधिकारियों ने अपने चहेते लोगों को दिया, जिससे सिटी बस चलाने वाले ठेकेदार लखपति बन गए और सरकार की बसें कबाड़ हो गई। इस प्रकार की स्थिति ना हो इसलिए आपसे आग्रह है कि केंद्र सरकार की गाइड लाइन के अनुसार सिटी बसों को सिटी के अंदर दी गई शर्तों के अनुसार संचालित किया जाएं। इससे जहां नगर निगम सीमा क्षेत्र में भरमार आटो रिक्शा कम होंगें जो ट्रैफिक जाम करते है, जिससे निजी बस व्यवसाय भी सुचारू रूप चलाया जाएं। श्री गडकरी ने प्रतिनिधि मंडल का आश्वस्त किया है।

### वेण्डरों की मनमानी चरम पर

उन्होंने बताया कि सभी व्यवसायिक वाहनों में वीएलटीडी (जीपीएस) प्रणाली को लागू किया गया है, जो कि बहुत ही कारगर साबित हो रहा है, लेकिन जो वीएलटीडी 3500 रुपये में लग जाता है उसी की कीमत छत्तीसगढ़ में 13500 रुपये ली जा रही है और परिवहन विभाग द्वारा अधिकृत वेंडरों की मनमानी चरम पर है। इस पर परिवहन विभाग के अधिकारियों को भी अवगत कराया चुका है। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से यातायात महासंघ के उपाध्यक्ष खिलेश्वर सिंह ठाकुर (धन्नू भाई), रायपुर यातायात महासंघ के अध्यक्ष सोनू कसार, वरिष्ठ सदस्य अशोक जैन, अहमद सोलंकी (बाबू) व अन्य प्रमुख लोग उपस्थित थे।

## वैष्णव ने पेंड्री में डॉ. रमन सिंह को सौंपा मांग पत्र



राजनांदगांव (दावा)। वार्ड नं. 20 पेन्ड्री में विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह गुरूघासीदास बाबा की जयंती एवं नवनिर्मित सतनाम मंगल भवन में आयोजित कार्यक्रम में लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के उपाध्यक्ष मेघदास वैष्णव ने वार्ड क्रमांक-20 पेन्ड्री में वार्ड की विभिन्न समस्याओं विद्यमान है, जिनका निराकरण एवं स्वीकृति राशि प्रदान करने हेतु निम्न मांग पत्र मान डॉ. रमन सिंह विधायक को निम्न-जी.ई. रोड़ से डबरी तालाब तक सी.सी.रोड़ (कांकरेटी कारण), गौठान से पशु औषधालय तक सी.सी.रोड़ एवं नाली निर्माण (कांकरेटी कारण), परमेश्वर दास वैष्णव के घर से परदेशी साहू के घर में घर तक सी.सी.रोड़ (कांकरेटी कारण आबादी पारा), खेम यादव के घर से द्वारका साहू के घर तक सी.सी.रोड़ (कांकरेटी कारण आबादी पारा), शिवराम साहू के घर से आंगनबाड़ी केन्द्र क्र-2 तक सी.सी. रोड (कांकरेटी कारण), डबरीतालाब एवं बाँधा तालाब की सौंदर्यीकरण शीतला मंदिर में निर्माण सामुदायिक मंगल भवन निर्माण एवं मानस भवन जीर्णोद्धार करने, जी.ई.रोड जैतखाम में मुख्य द्वार एवं हाई मास लाईट लगाने, गौठान एवं मुक्तिधाम में आहता निर्माण, आबादी पारा गली नं. 3-4 में पाईप लाईन विस्तार किया जायें, प्राथमिक शाला पेन्ड्री ग्राऊन्ड में सी.सी. कारण एवं हाई स्कूल मैदान खेलकूद की समान एवं समतलीकरण करने, आंगरबाड़ी केन्द्र क्र. 1-2 में आहता निर्माण करने राशि स्वीकृति करने की मांग डॉ.रमन सिंह विधायक राजनांदगाँव से की है।

## मिशन कर्मयोगी अभियान तहत रेलवे जोन की श्रेणी में दक्षिण पूर्व मध्य मध्य रेलवे रहा अव्वल

राजनांदगांव (दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य मध्य रेलवे में राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह में बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर रेल मंडल में राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह के दौरान कर्मयोगी सप्ताह समापन किया गया। प्रथम केटेगीरी में अक्षय कर्मकार स्टेशन मास्टर (परिचालन) नागपुर को प्रथम, मो. फाइजन, टेक्निशन-मोतीबाग, नागपुर, अजय कुमार साहू, मुख्य कर्मचारी और कल्याण निरीक्षक/बिलासपुर। दूसरी केटेगीरी में वाई.वी.शंकर, मुख्य कर्मचारी और कल्याण निरीक्षक/रायपुर, महेंद्र राम, वरिष्ठ कल्याण निरीक्षक/बिलासपुर। तीसरी केटेगीरी में नरेश कुमार पटेल-कल्याण निरीक्षक/रायपुर, बी.पी.शुक्ल-वरिष्ठ कल्याण निरीक्षक/बिलासपुर को पुरस्कार के लिए चुना गया। जिन्हें 18 दिसम्बर 2024 को दक्षिण पूर्व मध्य मध्य रेलवे मुख्यालय में अपर महाप्रबन्धक, विजय कुमार साहू के द्वारा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में अपर महाप्रबन्धक. विजय कुमार साहू द्वारा मिशन कर्मयोगी तथा कर्मयोगी सप्ताह के बारे में विस्तार पूर्वक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस व्याख्यान के माध्यम से उन्होने रेल कर्मचारियों को आईजीओटी (एकीकृत सरकारी ऑनलाइन प्रशिक्षण) कर्मयोगी प्लेटफॉर्म की उपयोगिता एवं दूरगामी सकारात्मक प्रभावों से अवगत कराया कर्मयोगी सप्ताह शिक्षण में बिलासपुर, रायपुर, नागपुर मंडलों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपस्थिति दर्ज की। उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को कर्मयोगी प्रशिक्षक के रूप में चिन्हित करते हुए प्रधान प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी डॉ.दर्शनीता बी अहलुवालिया द्वारा सभी प्रतिभागियों से आह्वान किया कि वे अपने कार्यस्थल पर लौट कर अगले सप्ताह में अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को मिशन कर्मयोगी के तहत आईजीओटी के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान करें।

## खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने विधानसभा में उठाया, जिला चिकित्सालय में सामान खरीदी बिल पर किए गए भ्रष्टाचार का मुद्दा



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र 2024, 16 दिसंबर से शुरू हुआ है जो की 20 दिसंबर तक चलेगा। विधानसभा सत्र के चौथे दिन खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने सदन में राजनांदगांव जिला चिकित्सालय में सामान खरीदी बिल में हो रही अनियमितता की शिकायत की है, उसके संबंध में विधानसभा प्रश्न काल के दौरान विषय को सदन में रखा गया। खुज्जी विधायक भोलाराम साहू अध्यक्ष जी और मंत्री जी से राजनांदगांव जिला चिकित्सालय में सामान खरीदी के बारे में पूछा था उसमें मंत्री जी ने संलग्न सूची में प्रशिष्ट एक में जेम पोर्टल में क्रय किए गए सामानों के उपकरण में 15 सामानों के बारे में बताया है जो एक लाख से कम में क्रय किया गया है और मैं मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि सीएमओ ने 35 सामानों का क्रय किया गया है जिसकी कीमत 4-5 लाख से अधिक क्रय किया गया है जिसका बिल वहां पर लगा नहीं है इसलिए मैं मंत्री जी से पूछना चाह रहा हूं कि इस प्रकार स्वास्थ्य से संबंधित जुड़े हुए मामले में सामग्री क्रय में किए गए भ्रष्टाचार अधिकारी के ऊपर आप क्या कार्रवाई करेंगे आप चाहे तो यह सारे कागजों, दस्तावेजों, बिल को आपके पटल पर रख दूंगा। एक लाख रुपए तक क्रय किए हुए सामग्री का बिल को प्रस्तुत किया गया है और सदन और आपको गुमराह किया गया। अध्यक्ष जी ऐसे अधिकारी राजनांदगांव जिले में काबिज है, आप बताएं कि भ्रष्टाचारियों पर आप कार्रवाई करेंगे जिस पर सदन से मंत्री जी द्वारा जांच का आदेश दिया गया।

## जनादेश परब : कलेक्टोरेट आने वाले आगंतुकों ने फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन कर की तारीफ



**हिरामन साहू शासन की विभिन्न योजनाओं से हो रहे लाभान्वित**

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर में जनादेश परब पर जनसंपर्क विभाग द्वारा फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से कलेक्टोरेट में केन्द्र एवं राज्य शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, जिले के विकास कार्यो, नवाचार तथा अभियानों को एक साथ प्रदर्शित किया गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य शासन की विभिन्न लोकहितैषी योजनाओं के माध्यम से जनसामान्य के जीवन में आ रहे सकारात्मक परिवर्तन को फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। सरकार नागरिकों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। कलेक्टोरेट आने वाले आगंतुकों द्वारा फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन कर केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित योजनाओं की तारीफ की गई। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा गरीबों के लिए बहुत अच्छा कार्य किया जा रहा है। सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं संचालित है। योजनाओं से किसान, महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे सहित सभी वर्ग के लोग लाभान्वित हो रहे हैं।

डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पटपर निवासी हिरामन दास साहू ने कहा कि वे किसी कार्य से कलेक्टोरेट आए हैं। कलेक्टोरेट में लगी फोटो प्रदर्शनी देखकर बहुत अच्छा लगा। उन्होंने कहा कि इनमें से कई सारी योजनाओं का लाभ उनके घर में मिल रहा है। श्री साहू ने बताया कि उनकी पत्नी को महतारी वंदन योजना से प्रति माह एक हजार रूपए मिल रहा है। उन्होंने बताया कि उनके पिता जी को प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभ मिला है, अभी घर बन रहा है। घर में जल जीवन मिशन के तहत घर में नल से पानी आ जाता है। जिससे मेरी पत्नी को दूसरे जगह से पानी लाने की जरूरत नहीं पड़ती है। खाद्यान्न सहायता योजना के तहत उन्हें निःशुल्क चावल भी मिल रहा है। इसी तरह कलेक्टोरेट पहुंचे डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम सांगिनकछान निवासी श्री खोरबाहरा राम और ग्राम ठाकुरटोला निवासी श्री संतराम मंडावी ने कहा कि शासन की योजनाओं को देखने का अच्छा अवसर मिला है। जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई फोटो प्रदर्शनी बहुत उपयोगी है। उन्होंने कहा कि यहां से प्राप्त जनमन पत्रिका बच्चों के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अच्छी है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा धान बोनस, 3100 रूपए में धान खरीदी, बुजुर्ग के लिए आयुष्मान वय वंदना कार्ड, महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना, गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन के तहत घर में नल कनेक्शन जैसी कई सारी योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने कहा कि शासन ने एक वर्ष में गरीब, महिलाओं, बुजुर्गों सहित सभी वर्गों के लिए योजनाओं के माध्यम से बहुत अच्छा कार्य किया जा रहा है, यह बहुत ही सराहनीय है।

## गंभीर मरीजों को ईलाज हेतु सीएम ने स्वीकृत किए कुल 35 लाख 24 हजार रुपये

**डॉ. रमन एवं सांसद पाण्डे की अनुशंसा पर पूर्व सांसद मधुसूदन के प्रयासों से जारी हुआ स्वीकृति आदेश**



राजनांदगांव(दावा)। मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना अंतर्गत राज्य शासन द्वारा कैंसर एवं अन्य गंभीर जानलेवा बिमारी से जूझ रहे राजनांदगॉव जिले के बारह मरीजों को कुल 35 लाख 24 हजार रू. की राशि अस्पताल के खाते में भुगतान करके पीड़ित गरीब मरीजों के ईलाज की व्यवस्था की गई है। इन सभी मरीजों ने पूर्व सांसद राजनांदगॉव एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव से समक्ष भेंट करके अपनी पीड़ा से अवगत कराते हुए इलाज हेतु सरकारी मदद दिलाने की गुहार लगाई थी। निजी अस्पताल में ईलाज के दौरान होने वाले लमसम खर्च को वहन करने में असक्षम इन मरीजों के परिजनों से प्राप्त आवेदन पर त्वरित पत्राचार करते हुए पूर्व सांसद मधुसूदन द्वारा विष्णुदेव साय, मुख्यमंत्री छ.ग.शासन एवं डॉ. रमन सिंह, अध्यक्ष छ.ग. विधानसभा एवं विधायक राजनांदगॉव को अवगत कराया गया। इन मरीजों को निजी अस्पताल में भर्ती करवाने एवं इलाज हेतु तत्परता से चिकित्सकीय औपचारिकताएँ पूर्ण करवाने में राजनांदगॉव सांसद संतोष पाण्डेय, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं समाजसेवी राजेन्द्र (बन्टू) जैन का भी विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन ने भी इन सभी मरीजों के प्रकरण में संवेदनशीलता एवं सहृदयता का परिचय देते हुए मुख्यमंत्री को मरीज के उपचार हेतु तत्काल राशि जारी करने हेतु अनुशंसा की, जिसके पश्चात् सीएम के आदेश पर मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना अंतर्गत इन मरीजों के उपचार हेतु संबंधित चिकित्सालयों को, प्राप्त प्राक्कलन के आधार पर, कुल 35 लाख 24 हजार रूपये की सहायता राशि संबंधित चिकित्सालयों को जारी करके मरीजों को राहत प्रदान की गई है। उक्त स्वीकृति आदेश की एक प्रति पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने अपने हॉथों से मरीज मुरलीधर तिवारी, ग्राम पाटेकोहरा एवं अन्य के परिजनों को सौंपते हुए मरीज और परिजनों के जीवन में पुनः खुशियॉ बिखेर दी। इलाज हेतु राज्य शासन से आर्थिक मदद स्वीकृत होने पर सभी मरीजों एवं उनके परिजनों ने हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसके लिये मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, राजनांदगॉव सांसद संतोष पाण्डे, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव एवं समाजसेवी राजेन्द्र जैन (बन्टू) को धन्यवाद देते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है। गंभीर जानलेवा बीमारी से पीड़ित मरीज मुरलीधर तिवारी, पिता व्यासनारायण निवासी ग्राम पाटेकोहरा राजनांदगांव को अग्नाशय एवं पेट में संक्रमण रोग के उपचार हेतु 2 लाख 50 हजार रू., मरीज कु. सौम्या साहू आ. कमलेश साहू निवासी वार्ड नं.01, बजरंगपुर नवागॉव को ऑखों के ईलाज हेतु 28 हजार रू., श्रीमती कुसुम-गिरीश साहू निवासी ग्राम शिकारीमाहका (छुरिया) की 01 माह के नवजात शिशु को क्रिटीकल केयर हेतु 2 लाख 60 हजार रू., मरीज प्रफुल्ल कुमार ठक्कर पिता महंत ठक्कर निवासी लाल बाग सिंधी कॉलोनी, राजनांदगांव को गैंगरीन संक्रमण के उपचार हेतु 01 लाख 14 हजार रू., मरीज श्रीमती मनोरमा चौधरी पति अमरनाथ कश्यप निवासी सृष्टि कॉलोनी राजनांदगांव को आस्टियो आर्थरायटिस टोटल नी रिप्लेसमेंट हेतु 91 हजार 600 रू., मरीज तीरथ मण्डावी निवासी रेवाडीह राजनांदगांव को टोटल ब्राचियल प्लेक्सेस इंजरी के इलाज हेतु 50 हजार रू., मरीज कु. साक्षी बंजारे पिता टोमन बंजारे, निवासी ग्राम विचारपुर, खैरागढ़ को ब्लड कैंसर के उपचार हेतु 7 लाख रू., मरीज कृष्णाराम वर्मा पिता महावीर वर्मा निवासी ग्राम नाथूनवागॉव (डोंगरगॉव) को कैंसर रोग के उपचार हेतु 5 लाख 11 हजार 280 रू., मरीज हेमराय सिन्हा पिता दयाराम निवासी ग्राम भोलापुर (छुरिया) को कैंसर रोग के उपचार हेतु 2 लाख 83 हजार 140 रू., मरीज श्रीमती प्रतिभा भूपेन्द्र बक्शी निवासी राजनांदगॉव को 3 लाख 86 हजार 400 रू., मरीज नंद कुमार सहारे पिता ब्रिजलाल को फेंफडे में संक्रमण के उपचार हेतु 3 लाख 99 हजार 625 रू., मरीज अरविन्द कुमार साहू पिता निर्मल साहू निवासी राजनांदगॉव को कैंसर के उपचार हेतु 4 लाख 50 हजार रू. की स्वीकृति मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत प्राप्त हुई है।

## छत्तीसगढ़ सामान्य भविष्य निधि कटौती का ई-कोष मॉड्यूल में आवश्यक तकनीकी संशोधन

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ सामान्य भविष्य निधि कटौती का ई-कोष मॉड्यूल में आवश्यक तकनीकी संशोधन किया गया है। ऐसे शासकीय सेवक जिन्होंने पुरानी पेंशन योजना अंतर्गत ओपीएस विकल्प का चयन किया है तथा 1 अप्रैल 2022 के बाद नियुक्ति हुए है, ऐसे शासकीय सेवकों के लिए छत्तीसगढ़ सामान्य भविष्य निधि नियम 11 के अनुसार शासकीय सेवक के मूल वेतन (परिलब्धियों) का न्यूनतम 12 प्रतिशत तथा 12 प्रतिशत से अधिक राशि अपने वेतन से स्वेच्छा से कटवाने का प्रावधान (परिलब्धियों से अधिक नहीं किए जाने संबंधी आवश्यक तकनीकी प्रावधान) ई-कोष सॉफ्टवेयर में किया गया है। इस संबंध में सभी कार्यालय प्रमुख, आहरण-संवितरण अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने कहा गया है।

## अनमोल दावा

> इस दुनिया में कोई भी पूरी तरह से सही नहीं है इसलिए लोगों की अच्छाईयों को देखकर उनके साथ अच्छे रिश्ते बनाए।

# ‘वन नेशन-वन इलेक्शन’ को लेकर सरकार की मंशा, समय और जनता पर बोझ से बचने के लिए जरूरी

संविधान संशोधन के लिए संसद के दोनों सदनों में सत्तापक्ष को दो तिहाई बहुमत की जरूरत थी। वह नहीं मिल पाया और स्वाभाविक रूप से दोनों विधेयक पारित नहीं हो सके।

एक राष्ट्र एक चुनाव मौजूदा केंद्र सरकार का महत्त्वाकांक्षी विचार है। यह नारा उसने अपने पिछले कार्यकाल में ही दिया था। मगर इसे लेकर विरोध शुरू हो गया और विपक्षी दलों ने न केवल इसे अव्यावहारिक, बल्कि असंवैधानिक भी करा दिया था। सरकार ने इस पर विचार और सुझाव के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अगुआई में एक समिति गठित कर दी। उस समिति के गठन पर भी सवाल उठे कि उसके सदस्यों के पास अपेक्षित योग्यता नहीं है। मगर समिति ने विभिन्न दलों से बातचीत की, जिसमें से अनेक दलों ने इस विचार का विरोध किया था, फिर भी समिति ने सुझाव दिया कि देश में सभी चुनाव एक साथ कराए जाने चाहिए।

इसके पीछे बड़ा तर्क है कि लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव अलग-अलग समय पर कराए जाने से धन और समय की काफी बर्बादी होती है। इस तर्क को खारिज करने के लिए भी अनेक उदाहरण और तर्क पेश किए गए। मगर सरकार ने इससे संबंधित दो विधेयक संसद में पेश कर दिए। एक विधेयक एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर था और दूसरा केंद्र और तीन केंद्र शासित प्रदेशों के चुनाव एक साथ कराने के लिए संविधान में संशोधन से संबंधित था।

संविधान संशोधन के लिए संसद के दोनों सदनों में सत्तापक्ष को दो तिहाई बहुमत की जरूरत थी। वह नहीं मिल पाया और स्वाभाविक रूप से दोनों विधेयक पारित नहीं हो सके। अब सरकार ने इन विधेयकों को संयुक्त संसदीय समिति के पास समीक्षा के लिए भेजने का फैसला किया है। निस्संदेह यह संवैधानिक दृष्टि से संवेदनशील मुद्दा है और इसे आनन-फानन पारित करा लेने से आने वाले वक्त में कई तरह की जटिलताओं का सामना करना पड़ सकता है।

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि अलग-अलग चुनाव होने से न केवल खर्च कुछ अधिक होता है, बल्कि निर्वाचन आयोग और सरकार के कामकाज में भी बाधाएं आती हैं। मगर ऐसा करने के लिए जिन सरकारों का कार्यकाल बढ़ाना या घटाना पड़ेगा, उससे संवैधानिक मूल्यों को ठेस पहुंचने का खतरा रहेगा ही। फिर, यह भी कोई गारंटी नहीं कि कहीं मध्यावधि चुनाव की नौबत नहीं आएगी।

उस स्थिति में कब तक सरकार का काम मुल्तवी रखा जाएगा। ऐसी स्थिति में राष्ट्रपति शासन के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में लंबे समय तक किसी राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू किए रखना अच्छी बात नहीं होती।

एक राष्ट्र एक चुनाव संबंधी विधेयक संयुक्त संसदीय समिति को सौंपने का फैसला उचित है। मगर इसके बावजूद यह अपेक्षा बनी रहेगी कि समिति के समक्ष निष्पक्ष तरीके से बहसें हों, तर्क और सुझाव रखे जाएं। सरकार उन सुझावों को उदारतापूर्वक स्वीकार करे। क्योंकि पिछले कुछ समय से संयुक्त संसदीय समिति के सामने रखे गए कुछ मामले विवादों में देखे गए हैं। उन पर हुई बहसें सवालों के घेरे में रही हैं, विपक्षी सदस्य उन पर सत्तापक्ष की मनमानियों के आरोप लगा कर खुद को अलग करते देखे गए हैं।

एक साथ चुनाव कराने संबंधी विधेयक को सरकार अगर हार-जीत का मसला न बनाए और अपना हठ छोड़ कर थोड़ा लचीला रुख अपनाएगी, तभी कोई सार्थक नतीजा निकलने की उम्मीद बन सकती है। वैसे ही चुनाव प्रक्रिया पिछले कुछ समय से सवालों के घेरे में है, सरकार को अगर सचमुच धन और समय की बर्बादी की चिंता है, तो उसके दूसरे भी व्यावहारिक उपाय जुटाए जा सकते हैं।

# आंबेडकर पर अमित शाह की टिप्पणी के बाद क्या बीजेपी बैकफुट पर है?

**दिलनवाज़ पाशा**

अभी एक फ़ैशन हो गया है.. आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर. इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता. संसद में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संविधान पर चर्चा के दौरान एक लंबे भाषण के इस छोटे से अंश को लेकर ऐसा हंगामा हुआ कि संसद की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी.

इस बयान में आंबेडकर का अपमान देख रहे हमलावर विपक्ष को जवाब देने के लिए अमित शाह ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ़्रेंस की. अमित शाह ने कहा, जिन्होंने जीवन भर बाबा साहेब का अपमान किया, उनके सिद्धांतों को दरकिनार किया, सत्ता में रहते हुए बाबा साहेब को भारत रत्न नहीं मिलने दिया, आरक्षण के सिद्धांतों की धज्जियां उड़ाईं, वे लोग आज बाबा साहेब के नाम पर भ्रांति फैलाना चाहते हैं.

यही नहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर बयान जारी कर बताया कि उनकी सरकार ने भारत के संविधान निर्माता भीमराव आंबेडकर के सम्मान में क्या-क्या काम किए हैं. लेकिन इस सबके बावजूद हंगामा नहीं रुका. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अमित शाह पर आंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगाते हुए उनका इस्तीफ़ा मांग लिया. खड़गे ने कहा, बाबा साहेब का अपमान किया है, संविधान का अपमान किया है, उनकी आरएसएस की विचारधारा दर्शाती है कि वो स्वयं बाबा साहेब के संविधान का सम्मान नहीं करना चाहते हैं. समूचा विपक्ष अमित शाह का इस्तीफ़ा मांगता है.वहीं बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने बयान जारी कर कहा कि कांग्रेस और बीजेपी दोनों भीमराव आंबेडकर के नाम पर सिर्फ़ राजनीति कर रही हैं.

अमित शाह के इस बयान को आंबेडकर का अपमान क्यों माना जा रहा है और इससे बीजेपी की दलित राजनीति कैसे प्रभावित हो सकती है?इसका जवाब देते हुए दलित शोधकर्ता और पंजाब की देशभगत यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ. हवलदार भारती कहते हैं, अगर ईश्वर शोषण से मुक्ति देने वाला है तो डॉ. भीमराव आंबेडकर जाति व्यवस्था में बँटे भारतीय समाज के उन करोड़ों लोगों के ईश्वर हैं जिन्होंने सदियों तक सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और शैक्षणिक भेदभाव झेला है. भीमराव आंबेडकर ने संविधान में बराबरी का अधिकार देकर अनुसूचित और पिछड़ी जातियों को शोषण से मुक्ति दी है.डॉ. हवलदार भारती कहते हैं, यही वजह है कि आंबेडकर की विचारधारा से जुड़े और दलित राजनीति से जुड़े लोग अमित शाह के इस बयान को आंबेडकर के अपमान के रूप में देख रहे हैं.लेकिन भारती ये भी कहते हैं कि इस समय सभी राजनीतिक पार्टियों में आंबेडकर को अपनाने की होड़ मची है और राजनीतिक दल आंबेडकर के विचारों को लागू करने की बजाय उनकी पहचान का इस्तेमाल कर दलित मतदाताओं को अपनी तरफ़ खींचने की कोशिश कर रहे हैं.आंबेडकर पर अमित शाह के बयान के बाद से बीजेपी बचाव की मुद्रा में हैं.यही नहीं भारतीय जनता पार्टी ने हाल के सालों में दलित और पिछड़े वोटरों को अपनी तरफ़ खींचने के प्रयास किए हैं. इसके कई कारण हैं.भारतीय जनता पार्टी के बारे में लंबे समय तक कहा जाता रहा कि यह ब्राह्मणों और बनिया की पार्टी है. लेकिन बीजेपी ने पिछले एक दशक में इस पहचान से आगे जाकर हिन्दू की समाज की दूसरी जातियों को भी जोड़ने में कामयाबी हासिल की है.



बीजेपी की कोशिश रहती है कि जातीय पहचान की राजनीति हावी न हो और बहुसंख्यक हिन्दुओं की धार्मिक पहचान की राजनीति मज़बूत हो.राजनीतिक विश्लेषक प्रोफ़ेसर अभय कुमार दुबे कहते हैं, राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ मुख्य तौर पर महाराष्ट्र की ऊंची जातियों, ख़ासकर ब्राह्मणों का संगठन था और शुरुआत में अनुसूचित जातियां इसकी तरफ़ आकर्षित नहीं होती थीं.आरएसएस में ना उस समय ब्राह्मणवाद की आलोचना की गुंज़ाइश थी और ना अब है. आरएसएस की विचारधारा समता की नहीं बल्कि समरसता की है. आज स्थिति ये है कि बीजेपी और आरएसएस को चुनाव की राजनीति करनी है तो उसके लिए चुनावी हिंदू एकता बनानी है, जो दलित और ओबीसी समुदाय के मत हासिल किए बिना संभव नहीं है.संघ ने इसके प्रयास बीजेपी की स्थापना से पहले ही कर दिए थे. 1974 में जब बालासाहेब देवरस संघ के सरसंघचालक थे, संघ ने अपना रवैया बदला. आबेंडकर,पेरियार और महात्मा फुले जैसे महापुरुषों के नामों को अपनी सुबह की प्रार्थना में जोड़ा. इसके अलावा दलितों और आदिवासियों को अपनी तरफ़ आकर्षित करने के कार्यक्रम चलाएं.

दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी में प्रोफ़ेसर परवेश चौधरी तर्क देते हैं कि संघ ने बीजेपी के गठन से पहले ही आबेंडकर को अपना लिया था

प्रोफ़सर परवेश चौधरी कहते हैं, बीजेपी आज से नहीं बल्कि जनसंघ के समय से या उससे पहले से भी दलितों को बढ़ावा देती रही है. बाबा साहेब आंबेडकर के चुनावी एजेंट महाराष्ट्र के प्रचारक दत्तोपंत ठेंगड़ी थे, बाबा साहेब के प्रति संघ में पहले से ही लगाव रहा है.1970 के दशक में संघ ने महाराष्ट्र में समरसता गोष्ठी शुरू की, जो बीजेपी के गठन से पहले ही हो गया था. मुंबई में जहां से बीजेपी की शुरुआत हुई, उस जगह का नाम समता नगर रखा गया. दत्ताराव सिंदे ने यहां पहली बुनियाद डाली वो दलित पेंथर मूवमेंट के नेता थे और बाद में कांग्रेस में और फिर बीजेपी में गए. सूरजभान को बीजेपी ने ही राज्यपाल बनाया था. बंगारू लक्ष्मण को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया था.लेकिन इसके बावजूद सवाल उठता है कि बीजेपी ने दलितों को मुख्यधारा में लाने की ठोस राजनीति की या सांकेतिक राजनीति?अभय कुमार दुबे कहते हैं, समता और समरसता दोनों अलग चीज़ें हैं. बीजेपी समरसता की बात तो करती है लेकिन समता की नहीं. समता आंबेडकर का मूल विचार है. चुनावी राजनीति में बहुत से हथकंडे होते हैं, विचारों को अपनाए बिना भी वोट हासिल किए जाते हैं. बीजेपी यही प्रयास कर रही है.दुबे कहते हैं, अमित शाह के मुंह से भले ही ये निकल गया हो लेकिन इस पर बहुत हैरान नहीं होना चाहिए. उन्होंने वही बोला है, जो वह महसूस करते होंगे. नरेंद्र मोदी की सरकार ने भीमा कोरेगांव कांड के बाद देशभर के आंबेडकरवादियों का दमन किया. आंबेडकर की विचारधारा नहीं, बीजेपी ने उनकी तस्वीर को बढ़ावा दिया है. दलितों की सबसे बड़ी जाति जाटव पारंपरिक रूप से बीजेपी से दूर रही है. लेकिन बीजेपी ने ग़ैर जाटव जातियों को अपने साथ जोड़ने की कोशिश की.जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी में प्रोफ़ेसर और आबेंडकर पर शोध करने वाले विवेक कुमार कहते हैं, भले ही जाटव बीजेपी से दूर रहे हैं लेकिन बीजेपी शुरुआत से ही ग़ैर जाटव दलित जातियों को अपनी तरफ़ खींचने के प्रयास करती रही है.प्रोफ़ेसर विवेक कुमार कहते हैं, बीजेपी ने वाल्मीकि रचित रामायण को बढ़ावा दिया और वाल्मीकि वर्ग को अपनी तरफ़ खींचा.यूपी में पासी समाज, जिसे परशुराम से जोड़ा जाता है, उसे बीजेपी ने अपनी तरफ़ आकर्षित किया. बीजेपी ने खटीक समाज और धोबी समाज को भी अपनी तरफ़ खींचा है. यानी ग़ैर जाटव दलित पहले से ही बीजेपी के साथ रहे हैं. अखिल भारतीय स्तर पर देखा जाए तो महार नेता रामदास अठावले भी बीजेपी के साथ हैं.लेकिन ऐसा नहीं है कि बीजेपी ने जाटव समाज को भी अपनी तरफ़ खींचने की कोशिश ना की हो.प्रोफ़ेसर दुबे कहते हैं, बीजेपी ने दलितों को ये आश्वासन दिया है कि आप हमें वोट दीजिये, हम राजनीति में आपको बराबरी की जगह देंगे.दलितों में सबसे बड़ी जाति जाटव है. बहुजन समाज पार्टी ने ख़ासकर अपने साथ जाटवों को जोड़ा.बीएसपी के उभार ने जाटव जाति को राजनीतिक जगह दी. इसी समय बीजेपी ने ये भांपा कि बाक़ी अनुसूचित जातियों को राजनीति में जगह नहीं मिल रही है और बीजेपी ने उन्हें जगह देने की कोशिश की और इसका नतीजा ये हुआ कि जाटवों से अलग बाक़ी दलित जातियां बीजेपी के साथ होती गईं.दुबे कहते हैं, महाराष्ट्र में महार भले ही बीजेपी के साथ ज़्यादा ना हों लेकिन ग़ैर-महार दलित जातियां महाराष्ट्र में बीजेपी के साथ हैं.अभय दुबे कहते हैं, बीजेपी ने दलितों में जातियों के बँटवारे का फ़ायदा उठाकर छोटी दलित जातियों को अपनी तरफ़ खींचा. पार्टी अब जाटवों को अपनी तरफ़ खींचने की कोशिश कर रही है और उसके लिए आंबेडकर को अपनाना और उनके विचारों को बढ़ावा देना ज़रूरी है. इस समय भारतीय राजनीति में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को अपनाने की एक स्पर्धा नज़र आती है. कांग्रेस लगातार संविधान, जातिगत जनगणना और आरक्षण की बात कर रही है. कांग्रेस के अध्यक्ष दलित नेता मल्लिकार्जुन खड़गे हैं.प्रोफ़ेसर विवेक कुमार कहते हैं, कांग्रेस दलित राजनीति के मामले में बीजेपी से आगे दिखाई दे रही है और लगातार जातीय अस्मिता को बढ़ावा दे रही है. हिंदुत्व की राजनीति कर रही बीजेपी के लिए जातीय अस्मिता का सवाल मुश्किल पैदा कर सकता है.विश्लेषक मानते हैं कि हिंदुत्व के जिस मॉडल को बीजेपी बढ़ावा दे रही है, उसमें जातीय अस्मिता के सवाल की नहीं है. प्रोफ़ेसर विवेक कुमार कहते हैं, बीजेपी नहीं चाहेगी की जातीय अस्मिता का सवाल उभरे. कांग्रेस ने लगातार जातीय अस्मिता को बढ़ावा दिया है और अब बीजेपी इसका जवाब देने की ज़रूरत महसूस कर रही है.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 346 श्री राम श्रृंगवेरपुर से प्रयागराज जाने और भरद्वाज मुनि से भेंट के लिए उत्सुक

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



गंगा नदी का तट पार करने के बाद श्री राम ने निषाद राज से लौट जाने के लिए कहा। निषाद राज गुह ने पुनः मना कर दिया। उन्होंने कहा, ‘आप मेरे क्षेत्र में हैं। अतः यह मेरा कर्तव्य है कि मैं आपके साथ ही रहूं। आप जब तक गंगा और यमुना के इस तटवर्ती क्षेत्र में रहेंगे, मैं आपकी सेवा में उपस्थित रहूंगा।’

यहां से श्री राम, सीता जी और लक्ष्मण जी की पैदल यात्रा प्रारंभ हुई। लक्ष्मण जी ने कहा, ‘सघन वन आर्यावर्त के दक्षिणी भाग में हैं। उस क्षेत्र में निवास करने का लाभ यह होगा कि लोग हमें पहचान नहीं पाएंगे और हम बिना किसी की दिनचर्या को बाधित किए वनवास की अवधि व्यतीत कर लेंगे।’

‘जैसी आप लोगों की इच्छा कुमार! वैसे मेरा तो प्रस्ताव यही था कि आप इसी क्षेत्र के वनों में सुखपूर्वक निवास करें।’ निषाद राज ने कहा।

श्री राम ने कहा, ‘मित्र स्थान को लेकर तो अभी भी मेरा मन सुनिश्चित नहीं है। इतना मुझे ज्ञात है कि अगर हम तपस्वियों का सा जीवन व्यतीत करेंगे तो हमें तपस्वियों के स्वभाव के अनुकूल एक ही स्थान पर ठहरना नहीं चाहिए। वर्तमान में तो हम दक्षिण दिशा की ओर आगे बढ़ें, यही उचित रहेगा।’

‘जैसी आपकी इच्छा प्रभु! दक्षिण की ओर जाने के मार्ग में सर्वप्रथम प्रयाग में त्रिवेणी संगम पहुंचना अधिक उपयोगी होगा। आप वहां भरद्वाज मुनि के आश्रम में उनसे भेंट कर सकते हैं।’ निषाद राज ने कहा।

‘अहोभाग्य! भरद्वाज मुनि से भेंट हमारे लिए आवश्यक है। वे हमें दक्षिण दिशा की ओर जाने के लिए उचित मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।’ श्री राम ने उत्तर दिया।

‘यह उचित होगा नरोत्तम। मैं भी प्रयागराज में गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम दर्शन के लिए उत्सुक हूं।’ सीता जी ने कहा।

नदी तट से प्रस्थान कर सभी ने प्रयागराज जाने के लिए पेड़ - पौधों से आच्छादित एक पगडंडी वाले पथ का चयन किया और उस पर बढ़ने लगे।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है।उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## सामयिक चर्चा

# गृहस्थ की परेशानी

खबर पढ़कर
बानी बोले - ‘गजाधर !
सरकार का एक साल पूरा होने पर
भाजपा बोली - एक साल में
छत्तीसगढ़ हो गया खुशहाल।’
जबकि कांग्रेस ने कहा -
‘पूरी तरह हो गया बदहाल’
इस पर मुस्कराकर गजाधर ने
गृहस्थ गिरधारी से कहा - कहिए,
आपका क्या कहना है भाई !
गृहस्थ गिरधारी परेशानी से बोले -
‘क्या कहे गजाधर !
हमें तो मार डाल रही है महंगाई।’



**गिरीश बख्शी**

## कविता

# दाई ददा के दुलारा हंव

अपन दाई ददा के दुलारा हंव।
घर परिवार भर के पियारा हंव।
खेती खार धन दोगानी, अब्बड़ अकन,
नई कर पावत हंव एकर जतन।
बेन्दरा कस चुके डारा हंव,
दाई ददा के दुलारा हंव।।
दाई ददा मन सियान होगे,
चेत ले बिचेत धियान होगे।
मोला रांधे गढ़े ल आवय नही,
चऊर ले धान निमरावय नही।
कभु खाथव गिल्ला चिबरी,
कभु लांघन गुजारा हंव।
अपन दाई ददा के दुलारा हंव।।
टूरी मन पढ़े हावय कालेज,
कथे, अनपढ़ ल का रही नालेज।
कोनो एम.ए.सी. कोनो बी.एस.सी।
टूरा मन ल कहिथे सी.सी.सी.।
घुमत घुमत पाव पिरागे,
गजब लगायेव चक्कर।
अईसने म कईसे मिलही,
पारबती ल शिवशंकर।
एक झन एकलौता, कुल के
उजियारा हंव,
मंथ अपन दाई ददा के
दुलारा हंव।।
पढ़े नईयो तेकर सेती,
आज ले कुवांरा हंव।।



**आनंद राम सार्वा**
**कु.बो.भाठागांव**

## स्मृतियां

# साक्षात्कार की तथा कथा-02

शहीद भगत सिंह नीजि स्कूल दुर्ग में रहते दैनिक समाचार पत्र में एक विज्ञापन देखा, आवेदन बनाकर भेज दिया। कुछ दिनों में साक्षात्कार का पत्र आ गया जो जबलपुर में था । सोचा और कुछ नही तो भेड़ाघाट देख आयेंगे ।

दुर्ग से शाम को बस में चला गया। तब, बस दुर्ग से रायपुर होतें हुए जाती थी। सोचा रात भर यात्रा करके जाना है इसलिए 2 मार्च 1983 की शाम को निकल गया। रात भर की यात्रा के बाद सुबह जबलपुर पंहुचा। वहाँ एक रिश्तेदार रहते थे, व्यवहार बाग में, उनके यहाँ ठहरा था । वे तब उच्च न्यायालय में वकील थे। उनको आश्चर्य हो रहा था, चार को साक्षात्कार है और ये आदमी तीन को सुबह आ गया। सोचा था रात भर की यात्रा के बाद साक्षात्कार दिलाना उचित नहीं होगा। दिन भर इधर उधर घुमता रहा, सहयोगियों ने कुछ काम दे दिया था।

अगले दिन सुबह साक्षात्कार के लिए संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण जबलपुर में उपस्थित हुआ। सभी आए हुए अभ्यर्थी साक्षात्कार दिला रहे थे। मैंने सबसे आखिरी में जाना उचित समझा और सबसे अंत में गया। उन्होने मुझे देखते ही कहा आप तो शिक्षक हैं, कोई पाठ पढ़ा करके दिखाईए। बस फिर क्या था अपना पसंदीदा टापिक ‘‘आरटिकल पढ़ाना प्रारम कर दिया और थोड़ी देर बाद बड़े ही नाटकीय अंदाज में एक प्रश्न किया यहाँ ‘अ’ आयेगा ? यहां बैठे एक सदस्य ने हामी में अपना सिर हिलाया। मैंने तत्काल कहा ‘नो, हियर अप्लाई अवर सेकण्ड रूल’ और दुसरा नियम बता दिया। साक्षात्कार लेने वाले प्रभावित हो गए और कहा- ये तो आपने अपने पसंद का पढ़ाया, अब हमारे पसंद का पढ़ायें। उन्होने ‘‘कांपेरिजन ऑफ एजेक्टिव पढ़ाने कहा। मैंने वह टापिक भी बखुबी पढ़ाया। उन्होने कहा आप बाहर इंतजार कीजिए, मैं बाहर आ गया। बाकी सब प्रतिभागी चले गए थे। पूर्व में मैं सबसे पूछ रहा था भीतर क्या हुआ, क्या क्या पूछ रहें है? किंतु मेरे बाहर आते तक कोई नही रूका।

थोडी देर में एक लिपिक आकर बताया कि आपका चयन हो गया है, आप इंतजार कीजिए, आपका नियुक्ति पत्र टाईप हो रहा है। मैंने अधीक्षक से पूछा मुझे कहाँ दे रहें हैं? उसने बताया रायपुर आई टी आई। मैं तत्काल संचालक के पास गया और निवेदन करने लगा - सर, मुझे भिलाई दे दिया जाए। मेरे साथ छोटे भाई बहन पढ़ाई करते हैं। दुर्ग से भिलाई जाने में सहूलियत होगी। उन्होने कहा ‘आपको इतनी बड़ी नौकरी दे रहें है और आप भिलाई दुर्ग कर रहें हैं। जाईए ज्वाईन कीजिए। बाद में ट्रांसफर कर देगें।’ बाद में पता चला रायपुर के बच्चों ने हड़ताल कर दी थी, इसलिए रायपुर में देना ज्यादा जरूरी था। तब वहाँ व्याख्याता के वेतन मान पर नियुक्ति हुई थी।



**युगल किशोर तिवारी**
**8827292489**

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज व्यवसायिक कार्य योजना में बदलाव करेंगे, जिसका अच्छा परिणाम मिलेगा। अनुभवी लोगों का मार्गदर्शन आपकी ग्रोथ के लिए मददगार रहेगा, फिलहाल आपकी इनकम पहले जैसी ही रहेगी । नौकरी कर रहे लोगों को जल्दी ही स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**वृष राशि** — आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है।आज ऑफिस में अत्यधिक कार्यभार बना रहेगा। आज अति आत्मविश्वास के वजाय सोच समझ कर कार्यों को शुरू करें।आज आपके पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे, परिवार के सभी सदस्य मिल-जुल कर गेम्स खेलेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी, साथ ही खर्चा भी कम रहेगा।

**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज पारिवारिक संपत्ति सम्बन्धी समस्या सुलझ सकता है, जिसमें वरिष्ठ सदस्यों की अहम भूमिका रहेगी। आज स्वास्थ्य के प्रति सावधान रहें। आज खर्चों की अधिकता की वजह से कुछ उलझन में रहेंगे। परंतु जल्दी ही परिस्थितियां आपके अनुकूल हो जाएंगी, इसलिए धैर्य बनाकर रखें।

**कर्क** — आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है।आपका जो उद्देश्य है, उससे जुड़े विचारों पर आज आप ध्यान देंगे। अगर बिजनेस बढ़ाने के लिए योजनाएं बना रहे हैं तो उन पर काम करने के लिए अनुकूल समय है। किसी प्रभावशाली इंसान की सलाह और मदद से आपको नई उपलब्धि मिल सकती है।

**सिंह** — आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है।परिवार में अपना उचित समय देना वातावरण को मधुर बनाकर रखेगा। आज दिन भर दौड़-धूप तथा मेहनत की अधिकता रहेगी, परंतु कार्य की सफलता आपकी थकान को दूर भी कर देगी। किसी जरूरतमंद मित्र की मदद करने से आपको अच्छा फील होगा। सेहत के मामले में सावधान रहें।

**कन्या** — आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है।आज इस बात का भी ध्यान रखें, कि भावनाओं में आकर किसी प्रकार का महत्वपूर्ण निर्णय न ले। माता-पिता बच्चों के साथ दोस्ताना व्यवहार बनाकर रखें, क्योंकि ज्यादा अंकुश लगाना उनके आत्मबल में कमी कर सकता है। आज किसी भी तरह की यात्रा करते समय सावधानी बरते।

**तुला** — आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है लेकिन आपके द्वारा किया गया काम आपके बॉस को इम्प्रेस करेगा। आज आलस या दूसरों की वजह से अपने महत्वपूर्ण काम को नजरअंदाज ना करें। आर्थिक मामलों में बजट आदि का ध्यान रखना बहुत जरूरी है।

**वृश्चिक** — आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपका पूरा ध्यान अपने महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने में रहेगा।आज बच्चे आपने माता पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगें और बात भी मानेंगे। आज का दिन बहुत ही सुकून भरा रहेगा। परिवार के लिए ऑनलाइन शॉपिंग करेंगे। आपको व्यावसाय में सफलता प्रदान करने में मदद करेगा।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आपके लिए दिन भर भाग-दौड़ की स्थिति बनी रहेगी। कुछ समय आध्यात्मिक गतिविधियों में व्यतीत करने से मानसिक सुकून मिलेगा। अगर कोर्ट में प्रॉपर्टी संबंधित मुकदमा चल रहा है तो आज उसका फैसला आपके पक्ष में आएगा। इस राशि के लोग अपने भविष्य को लेकर गंभीर रहेंगे।

**मकर** — आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति विशेष के बारे में सोच कर रोमांचित रहेंगे।आज आपको कुछ नए अनुभव मिल सकते हैं। आज पारिवारिक अथवा व्यक्तिगत कारणों की वजह से व्यवसाय के स्थान पर अधिक समय नहीं दे पाएंगे। परंतु फिर भी फोन द्वारा अधिकतर काम सुचारू रूप से संपन्न हो जाएंगे।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आस-पास के लोगों के लिए आपका व्यवहार अच्छा रहेगा, आपके अंदर नयी ऊर्जा का संचार होगा। रोजमर्रा की दिनचर्या से सुकून पाने के लिए आज किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्रोग्राम बनेगा। नए कार्य की शुरुआत करने में किसी प्रभावशाली व्यक्ति का सहयोग मिलेगा।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज बड़े का आशीर्वाद मिलेगा, जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आज व्यापार में चुनौतियों का सामना करने में सक्षम रहेंगे। किसी विपरीत परिस्थिति में घबराने के वजय उसका समाधान ढूंढने का प्रयास करेगे तो सब ठीक हो जायेगा।

# सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व में एक वर्ष पूरा होने पर विक्रांत ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन के एक वर्ष का पूरा होने पर राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने विष्णुदेव साय सरकार की विभिन्न योजनाओं की सिलसिरेवार उपलब्धियां बताई। उन्होंने प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धियों को साझा किया और बताया कि कैसे एक साल में राज्य ने विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए है। विक्रांत सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने सुशासन की स्थापना के लिए कई बड़े कदम उठाए है। उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की पारदर्शिता को बढ़ावा दिया और प्रशासनिक सुधारों के जरिए जनता तक बेहतर सेवाएं पहुंचाने की दिशा में काम किया। विक्रांत सिंह ने कहा कि 13 दिसम्बर को हमारी सरकार का पहला साल पूरा हो गया है। हमारा यह पहला साल आप सभी की सहभागिता और विश्वास के साथ विकास के लिए समर्पित रहा। बीते 12 महीनों में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश ने विकास के अनेक नये आयाम स्थापित किए हैं। इनमें से कुछ आप लोगों के साथ साझा कर रहा हूं। इस एक साल में हमारी सरकार ने प्रदेश के सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम किया और उपलब्धियां हासिल की हमारी प्राथमिकता में वे लोग रहे जो सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश के नागरिकों से वादा किया था कि सरकार बनने के बाद हम प्रदेश में सुशासन को स्थापना करेंगे भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी व्यवस्था स्थापित करेंगे। आप लोगों ने देखा कि सरकार बनते ही हमारी सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ किस तरह



तत्परता के साथ कार्यवाही की। जो लोग भ्रष्टाचार के मामलों में लिप्त पाए जा रहे हैं उन्हें जेल भेजा जा रहा है श्री सिंह कहा की सुशासन की स्थापना के लिए हम तकनीक का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं सुशासन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए हमारी सरकार ने सुशासन एवं अभिसरण नाम से नया विभाग बनाया है। हमारा प्रयास है कि आम नागरिकों को छोटे छोटे कामों के लिए दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़े। एक क्लिक में अथवा एक फोन कॉल में उनके काम हो जाने चाहिए विधानसभा चुनाव के दौरान हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने प्रदेश के लोगों को जो गारंटियां दी उनमें से अधिकांश गारंटियों को हमारी सरकार ने एक वर्ष की अल्प अवधि में ही पूरा कर दिया है साय सरकार में गुणवत्ता जवाबदेही और पारदर्शिता के तीन कार्यस्तम्भ के जरिए लोगों तक सुशासन का संदेश जा रहा है।

श्री सिंह ने कहा कि शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन और उनका लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने में छत्तीसगढ़ लगातार अग्रणी निभा रहा है। जिनमें पीएम आवास योजना प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना आयुष्मान भारत योजना किसान क्रेडिट कार्ड योजना प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना राष्टीय स्वास्थ्य मिशन हर घर जल बड़ी रेल लाईन जैसी योजनाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना में छत्तीसगढ़ को केंद्र सरकार से पूरे देश में सर्वाधिक 8.46 लाख आवास निर्माण का लक्ष्य मिला है इसके तहत 18 लाख 12 हजार 743 जरूरतमंद परिवारों को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति मिल गई व हितग्राहियों को पहला किशत 40 हजार रुपये जारी भी हो गया है।

# यादव व साहू समाज सहित कई निर्माण कार्यो का झिटिया में हुआ लोकार्पण

डोंगरगांव (दावा)। विधायक दलेश्वर साहू द्वारा गत कार्यकाल में पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष रहते हुए अनेक निर्माण की स्वीकृति दिलाए थे जो बनकर तैयार हो गया है। उन निर्माण कार्यो का लगातार लोकार्पण कार्यक्रम जारी है।



इसी क्रम में डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम दिवान झिटिया में साहू समाज, यादव समाज का भवन, माता मंदिर भवन, मंच निर्माण कार्य आदि का लोकार्पण विधायक दलेश्वर साहू के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता टिकेश साहू ने की। विशेष अतिथि जनपद सदस्य सुश्री मिनाक्षी देशलहरे, जिला साहू संघ के पूर्व महामंत्री-अमरनाथ साहू, तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू थे। विधायक दलेश्वर साहू के ग्राम आगमन पर यादव समाज द्वारा राउत नाच से स्वागत करते हुए मंच तक लाया गया, तत्पश्चात विधिवत पूजा अर्चना कर, सामाजिक भवन व अन्य विकास कार्यो का लोकार्पण किया गया। स्कूली बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतीकरण किए। इस अवसर पर विधायक दलेश्वर साहू ने आश्वस्त किया कि विपक्ष के विधायक होने का एहसास क्षेत्र की जनता को होने नही दूंगा और बचे विकास कार्यो के लिए संघर्ष कर पैसो की व्यवस्था करेंगे। कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू ने संबोधित करते हुए जनपद पंचायत के द्वारा कराए गए कार्यो का उल्लेख किया। तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू ने सामाजिक गतिविधियों का उल्लेख करते हुए समाज को रचनात्मक दिशा में कार्य करने का आव्हान किया। कार्यक्रम ग्राम साहू समाज के अध्यक्ष थनवार साहू व सरपंच राजू लाल यादव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में विधायक धर्मपत्नि श्रीमति जयश्री साहू, श्रीमति ईश्वरी साहू, पुनेश्वरी यादव, मंशाराम यादव, अनूप यादव, थनवार साहू, सरोज साहू, पल्टू राम यादव, सियाराम सिन्हा, दीनू सिन्हा पूर्व जनपद सदस्य, देवलाल साहू ग्राम पटेल, संतोष साहू, सोहन सिन्हा, टीकम साहू, तेजराम साहू, दानीराम साहू, रमेश यादव, सोमनाथ यादव, रेखा यादव, गंगाराम साहू, केदार निषाद आदि प्रमुख जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सेवक सिन्हा, विजय सिन्हा व सियाराम सिन्हा ने किया व आभार प्रदर्शन पंचायत सचिव डेरहा राम साहू ने की।

# पहला कॉलम...

## आज ग्राम बासुला में मंडई

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम बासुला में संत शिरोमणी गुरू घासीदास बाबा की 268वीं जयंती के शुभ अवसर पर गांव में मड़ई मेला दिनांक 20 दिसम्बर, दिन-शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए रंगझाझर लोककला मंच ग्राम रेंगाकठेरा (बखत) वालों का कार्यक्रम रखा गया है। इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मेला का शोभा बढ़ाए यह अपील की गई है। यह जानकारी समाज के अध्यक्ष सुकालू राम मांडले द्वारा दी गई है।

## आज सतनाम मेला व पंथी नृत्य प्रतियोगिता

मेढ़ा (डोंगरगढ़)(दावा)। ग्राम पंचायत पिनकापार में 20 दिसंबर 2024 को प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी सतनाम मेला का आयोजन रखा गया है। परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी के जयंती के शुभ अवसर पर सतनामी समाज व समस्त ग्रामवासी के सहयोग से एक दिवसीय भव्य पंथी नृत्य प्रतियोगिता का भी आयोजन 20 दिसंबर को रखा गया है । जिसमे महिला वर्ग हेतू प्रथम पुरस्कार 5001, द्वितीय 3001, तृतीय 2001, चतुर्थ 1111 व पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 8001, द्वितीय 5001, तृतीय 3001, चर्तुथ 2001, पंचम 1001 व आकर्षक पुरस्कार में प्रथम मंचास्थ 501रु., श्रेष्ठ गायक, श्रेष्ठ मादर वादक, श्रेष्ठ छांझ मादर, श्रेष्ठ झुमका वादक, सभी में 501 का पुरस्कार है, अंतिम मंचस्थ 301, प्रत्येक पार्टी को 800 रु. का सांत्वना पुरस्कार दिया जायेगा। इस आयोजन के मुख्य अतिथि युवराज दिरही जिला अध्यक्ष सतनामी समाज राजनंदगांव, अध्यक्षता डोंगरगांव विधानसभा दलेश्वर साहू अति विशिष्ट अतिथि श्रीमती प्रभा रमेश साहू जिला पंचायत सदस्य करेंगे। यह जानकारी उपाध्यक्ष गोविंद गेंदले सरपंच भारती पटेल व ग्रामवासी धनेश सिन्हा ने दी।

## मोहबा में 25 को जयंती 26 को मंडई

ठेलकाडीह (दावा)। हर साल की तरह इस साल भी ग्राम मोहबा में गुरु घासीदास बाबा की जयंती एवं मंडई मेला का आयोजन समिति समाज एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया है। आपको बता दें 25 दिसंबर को बाबा गुरु घासीदास की जयंती एवं 26 दिसंबर में मंडई मेला का आयोजन होगा । हितेंद्र कोसरे, माणिक लाल लहरे, भूषण जांगड़े, अन्नू जांगड़े ने बताया कि रात में लोगों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया है पीकू ने आसपास के लोगों की अधिक से अधिक संख्या में आने की अपील की है।

## शिक्षक ने अपने जन्म दिवस पर कराया न्योता भोज

हरदी (दावा)। शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला चेन्दरीबन नवागाँव में अश्वनी कुमार देवांगन ने अपने जन्मदिवस के



अवसर पर मिक्चर, केला, मिनी पेढ़ा खिलाया। इस अवसर में शाला के बच्चे, कोमलचंद आर्य माध्यमिक प्रधान पाठक, चन्द्रभूषण साहू प्राथमिक प्रधान पाठक, गोमती पटेल, सन्नी देवांगन, नीलम साहू, चैतन्य देवांगन शिक्षक, मोनिका ठाकुर, कविता ठाकुर शिक्षिका उपस्थित थे। शाला परिवार द्वारा देवांगन जी के उज्वल भविष्य की कामना की गई।

## तुमडीबोड़ में कल होगा पटेल व साहू समाज भवन का लोकार्पण

तुमडीबोड़ (दावा)। तुमड़ीबोड में नवनिर्मित पटेल समाज व परिक्षेत्रीय साहू समाज के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण सहित अनेक निर्माण कार्य का लोकार्पण विधायक एवं पिछड़ावर्ग प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष दलेश्वर साहू के मुख्य आतिथ्य में कल 21 दिसम्बर को संपन्न होगा। कार्यक्रम मे जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, जनपद सदस्य भुनेश्वरी साहू सहित समाज के प्रमुखजन भी विशेष अतिथि होंगे।

## कमला कॉलेज में गृह विज्ञान विभाग द्वारा आनंद मेला का आयोजन

राजनांदगांव(दावा)। शा. कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर



महाविद्यालय, राजनांदगांव में गृहविज्ञान विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा के मार्गदर्शन में दिनांक 16 दिसंबर 2024 को महाविद्यालय में आनंद मेला का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत महाविद्यालय के सभी संकाय की छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के पारंपारिक तथा पौष्टिक व्यंजनों जैसे छत्तीसगढ़ी फरा, इडली, गुपचप, चना चाट,, पुलाव, मोमोस, पासता, कुरकुरे, भेल, अरसा, पकोड़ा, बेड पकोड़ा, मुंगेड़ी इत्यादि व्यंजनों को तैयार कर प्रदर्शनी के माध्यम से विक्रय किया गया। जिसमें महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित तथा छात्राओं ने भाग लिया।

# नगर में धूमधाम से मनाया गया बाबा गुरुघासी दास की जयंती, चढ़ाया गया पाला

गंडई पंडरिया (दावा)। नगर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थित गर्व और शान का प्रतीक जैतखाम में विधिवत पूजा अर्चना कर पाला चढ़ाया गया, उसी प्रकार गंडई वार्ड क्रमांक 15 स्थित जैतखाम में 18 दिसंबर बुधवार को शाम 5 बजे सतनामी समाज के लोगों द्वारा पूजा अर्चना किया गया, वही समाज के महिलाओं एवं पुरुषों ने जमीन में लेटकर बाबा को प्रणाम करते हुए जैतखाम की सात बार परिक्रमा करते नजर आए। सतनामी समाज के वरिष्ठ एवं जिला अनुसूचित जाति के अध्यक्ष जीवन दास रात्रे द्वारा जैतखाम की विधिवत पूजा अर्चना कर पाला चढ़ाया गया, इस दौरान सभी ने बाबा गुरुघासी दास बाबा के बताए मार्ग में चलने का संकल्प लेते हुए जयकारे लगाए गए।



0 समाज के लोग नए नए पोशाक में नजर आए
0 जैतखाम में सुबह रंगोली बनाकर दिए जलाते नजर आए

इस दौरान वार्ड क्रमांक 15 के सतनामी समाज बस स्टैंड के जागरूक युवाओं द्वारा रास्ते भर शोभायात्रा निकालकर प्रसादी का वितरण करते नजर आए साथ ही डीजे की धुन में थिरकते नजर आए शोभायात्रा वार्ड क्रमांक 15 स्थित जैतखाम से निकाली गई जो पुलिस लाइन से मुख्य चौक होते हुए टिकरीपारा प्राचीन शिव मंदिर के समीप स्थित जैतखाम से वापसी बाजार क्षेत्र रावणभाठा स्थित जैतखाम से होते हुए बस स्टैंड में समापन किया गया, बाबा गुरु घासीदास के जैतखाम में शीश झुकाने मंडल अध्यक्ष राजेश मेहता, राकेश ठाकुर, राकेश जायसवाल, टेकन देवांगन, रवि भावनानी, मंगल चंद जैन, त्रिभुवन देवांगन, जगेश्वर देवांगन, ने जैतखाम की विधिवत पूजा अर्चना कर समाज के लोगों को बधाई देते हुए नगर सहित क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की गई।

# नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के वार्डो का किया गया आरक्षण

मोहला (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती तुलिका प्रजापति ने छत्तीसगढ़ नगर पालिका निर्वाचन अधिनियम के अंतर्गत नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के वार्डो का आरक्षण निर्धारित किया। नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा व महिलाओं के लिए प्रवर्ग का आरक्षण निर्धारित किया गया। वर्गो का आरक्षण लाट निकालकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में किया गया।

उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत अनुसूचित जाति मुक्त के लिए 01 वार्ड आरक्षित किया गया गया है। इसी प्रकार अनुसूचित जनजाति मुक्त के लिए 02 वार्ड, अनुसूचित जनजाति महिला के लिए 01 वार्ड, अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त के लिए 02 वार्ड, अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के लिए 01 वार्ड, अनारक्षित मुक्त के लिए 05 वार्ड एवं अनारक्षित महिला के लिए 03 वार्ड आरक्षित किया गया है।

आरक्षण उपरांत नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के लिए आरक्षण इस प्रकार से है। वार्ड क्रमांक 01 महात्मा गांधी वार्ड को अनुसूचित जनजाति महिला के लिए आरक्षित किया गया है। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 02, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड को अनुसूचित जनजाति मुक्त किया गया है। वार्ड क्रमांक 03, गुरु घासीदास वार्ड को अनुसूचित जाति मुक्त किया गया है। वार्ड क्रमांक 04, डॉक्टर अंबेडकर वार्ड को सामान्य मुक्त किया गया है। वार्ड क्रमांक 05, दंतेश्वरी वार्ड को अनुसूचित जनजाति मुक्त किया गया है। वार्ड क्रमांक 06 रानी दुर्गावती वार्ड को सामान्य मुक्त किया गया है। क्रमांक 07 फिरतिन बाई को सामान्य महिला के लिए आरक्षित किया गया है। वार्ड क्रमांक 08 भगत सिंह वार्ड को अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के लिए, वार्ड क्रमांक 09 रानी लक्ष्मी बाई वार्ड को सामान्य मुक्त किया गया है। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 10 रामधुरी वार्ड को सामान्य मुक्त किया गया है। वार्ड क्रमांक 11 लोकमान्य तिलक वार्ड को सामान्य महिला के लिए, वार्ड क्रमांक 12 सरदार पटेल वार्ड को अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त किया गया है। वार्ड क्रमांक 13 सुभाष चंद्र वार्ड को सामान्य महिला के लिए, वार्ड क्रमांक 14 इंदिरा गांधी वार्ड को सामान्य मुक्त किया गया है। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 15 डॉक्टर जाकिर हुसैन वार्ड को अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त किया गया है।

इस दौरान अपर कलेक्टर विजेंद्र सिंह पाटले, अनुविभागीय राजस्व अधिकारी हेमेंद्र भुआर्य, डिप्टी कलेक्टर अविनाश सिंह ठाकुर, ड्यूटी कलेक्टर सुश्री शुभांगी गुप्ता, मास्टर ट्रेनर धर्मेंद्र सारस्वत, पुरुषोत्तम लाल साहू सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# भेड़ीकला में नि:शुल्क 60 श्रमिकों के कार्ड का हुआ नवीनीकरण

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम पंचायत भेड़ीकला में श्रम विभाग के द्वारा नि:शुल्क श्रम कार्ड का नवीनीकरण कार्य के लिए शिविर का आयोजन



किया गया। ग्राम पंचायत भेड़ीकला के सरपंच कृष्णा साहू ने बताया कि 60 हितग्राहियों के श्रम कार्ड का नवीनीकरण कार्य किया गया जिसमें गांव के महिला श्रमिक एवं पुरुष श्रमिक ने शिविर मे बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और नि:शुल्क आयोजन जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# तीन दिवसीय वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता का शुभारंभ

## बच्चों का गोली चम्मच दौड़ से प्रतियोगिता से की शुरुआत

डोंगरगढ़ (दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे हाईस्कूल में 17 दिसंबर को तीन दिवसीय वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता का शुभारंभ शाला के प्राचार्य जी. पी. खैरवार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर शाला के बच्चों ने मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया उनके पश्चात प्राथमिक विभाग के बच्चों का गोली चम्मच दौड़ से प्रतियोगिता की शुरुआत की गई। इस अवसर पर शाला के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे। जिसमें श्रीमती बोबिन वाला, श्रीमती रानू सिन्हा, कुमारी साक्षी वैष्णव, इकरा खान, श्रीमती लक्ष्मी रजक, विदेश्वर भीमटे, दुर्गेश वस्त्रकर रमेश परिहार, नितिन उपस्थित थे। यह जानकारी खेल प्रभारी मिलिंद के टेंभुरकर ने दी।

# अवैध रूप से उर्वरक खाद निर्माण करने वाले फरार मुख्य आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

डोंगरगढ़ (दावा)। धर्मनगरी के नाम से मशहूर डोंगरगढ़ में अवैध उर्वरक खाद बनाने का काम करने वाले आरोपी को धर दबोचा गया है। कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा छापामार कार्यवाही कर पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपी के बारे मे बताया जाता है कि उसके द्वारा बिना वैध? कागजात के धड़ल्ले से उर्वरक खाद? का निर्माण किया जा रहा था और पिछले एक साल फरार चल रहा था। कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा रेड कार्रवाई किए जाने उपरांत पुलिस द्वारा उसे गिरफ़्तार कर लिया गया।





० पिछले एक साल से फरार था उक्त आरोपी
० बिना वैध कागजात के डोंगरगढ़ में कर रहा था उर्वरक खाद का निर्माण

डोंगरगढ़ थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि 6 जुलाई 2023 को प्रार्थी जीवन लाल चन्द्रवंशी पिता कृष्ण कुमार चन्द्रवंशी पिता कृष्ण कुमार चन्द्रवंशी उम्र- 42 साल निवासी वार्ड नं.- 1 थाना डोंगरगढ़ कृषि विकास अधिकारी सह उर्वरक निरीक्षक विकासखण्ड डोंगरगढ़ के द्वारा थाना में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि 6 जुलाई की शाम 4 बजे आरोपी सुजीत धूत पिता प्रहलाद धूत उम्र- 55 साल निवासी ग्राम मरोडी तहसील अकोला जिला अकोला महाराष्ट्र एवं श्रुति त्रिवेदी पति मनुराज उम्र- 44 साल निवासी बधियाटोला डोंगरगढ़ के द्वारा मनीष राठी निवासी डोंगरगढ़ के मकान में बिना अनुमति के एवं बिना लायसेंस के उर्वरक खाद का निर्माण किया जा रहा है जो कि छग में वैध नहीं है। जिसे आरोपी के कब्जे से 1921 किलो नकली उर्वरक खाद को जप्त किया गया है।

उक्त रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में अपराध क्रमांक- 431/2023 धारा- आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा- 3, 7 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। बताया गया कि विवेचना दौरान आरोपिया श्रुति त्रिवेदी को 7 अक्टुबर 2023 को गिरफ्तार किया जा चुका था। लेकिन प्रकरण के मुख्य आरोपी सुजीत धूत अपराध पंजीबद्ध होने के बाद से लगातार फरार चल रहा था जिसकी पता तलाश हेतु जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम से दिशानिर्देश प्राप्त कर सायबर सेल राजनांदगांव एवं थाना डोंगरगढ़ से टीम तैयार कर आरोपी के पता तलाश हेतु महाराष्ट्र टीम रवाना किया गया जिस पर गठित टीम द्वारा जिला अकोला महाराष्ट्र के थाना खदान पंहूचकर आरोपी के दिये पते पर जाकर रेड कार्यवाही कर आरोपी सुजीत धूत पकड़ा गया। बताया जाता है कि आरोपी पुलिस के गिरफ्तार के डर से छुपे हुये थे।

पुलिस ने आरोपी सुजीत धूत पिता प्रहलाद धूत जाति माहेश्वरी उम्र- 55 साल निवासी मरोडी वार्ड क्र. 2, थाना बोरगांव मंजू तहसील अकोला, से अवैध रूप से उर्वरक खाद बनाने के संबंध में पूछताछ किया गया। लेकिन वैध दस्तावेज पेश नहीं किये जाने पर आरोपी को गुरुवार 19 दिसंबर को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड में जेल भेज दिया गया है।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, निरीक्षक योगेश पटेल, आरक्षक कमल निषाद एवं सायबर सेल राजनांदगांव से प्रधान आरक्षक बसंतराव एवं आरक्षक आदित्य सिंह का विशेष योगदान रहा है।

## राज्य वीरता पुरस्कार के लिए 2 जनवरी तक आवेदन

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के बच्चों को घटना विशेष में उनके द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस एवं बुद्धिमत्ता के लिए राज्य वीरता पुरस्कार प्रदान किया जाता है। राज्य वीरता पुरस्कार 2024 के लिए इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 2 जनवरी 2024 तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास राजनांदगांव में निर्धारित प्रारूप में पूर्ण जानकारी के साथ आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

# श्यामपुर प्रीमियर लीग में गंडई ढाबा का कब्जा

खैरागढ़ (दावा)। श्यामपुर प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया था ग्रामीण प्रीमियर लीग के .सी.जी. जिले के 32 टीमों ने हिस्सा लिया था श्यामपुर प्रीमियर लीग 11 दिन तक चल श्यामपुर प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का श्यामपुर प्रीमियर लीग अंतिम दिन खिताबी मुकाबले 8.8 ओवर खेला गया गंडई ढाबा गातापार के मध्य खेला गया ढाबा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज करते हुए खराब शुरुआत के बावजूद भी कोई भी बल्लेबाज ढाबा का दहे का आंकड़ा नहीं छुपाई लेकिन ओपनिंग बल्लेबाजी करना है धरमू की 30 रन के उपयोगी पारी के बदौलत ढाबा के टीम निर्धारित आठ ओवर में 88 रन लक्ष्य दिया और लक्ष्य का पीछा और करने उतरी गातापार के टीम के बल्लेबाज योगेश के अलावा कोई भी बल्लेबाज ढाबा के गेंदबाज का डटकर मुकाबला नहीं कर सकी और गातापार की टीम निर्धारित 7 ओवर 3 गेंद शेष रहते ही पूरे टीम ऑल आउट हो गई इस प्रकार श्यामपुर प्रीमियर लीगों का फाइनल मुकाबला ढाबा ने जीत हासिल कर लिया। टूर्नामेंट का तीसरा इनाम बाजार अटरिया बाय इंस्ट्रूमेंट का चौथा इनाम रगड़ा को दिया गया। फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच रहे धरमू और टूर्नामेंट के ऑल राउंडर प्रदर्शन करने गातापार टीम के योगी को मैन ऑफ द सीरीज पुरस्कार दिया गया। गातापार के योगी पूरे टूर्नामेंट में 12 विकेट लेकर बल्लेबाजी करते हुए 130 रन बनाए



छुईखदान के पूर्व बालक हाई स्कूल मैदान

टूर्नामेंट आकर्षक पुरस्कार बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार बाजार अतरिया टीम को मोनू को दिया गया

बेस्ट बॉलर का पुरस्कार रगर के प्रमोद को दिया गया बेस्ट फील्डर का पुरस्कार ढाबा के गोलू को दिया गया बेस्ट कैचर मनीष गाटापार को दिया गया बेस्ट बेस्ट विकेटकीपर का पुरस्कार गाटापार चंदू को दिया गया

बेस्ट दर्शन का पुरस्कार श्यामपुर के शिव को दिया गया बेस्ट अंपायर का पुरस्कार टीकम राजा का अभिषेक जैन को दिया गया विशेष सहयोग का पुरस्कार राहुल विश्वकर्मा नवीन चंद्राकर को दिया गया बेस्ट कंट्री का पुरस्कार योगेश शर्मा को समापन समारोह के मुख्य अतिथि वार्ड नंबर 13 के पार्षद महेश नारकर समाजसेवी संतोष कमरे पूर्व क्रिकेटर से राजेश चौबे भाजयुमो उपाध्यक्ष अनिमेष महोबिया श्यामपुर के सभी सदस्य उपस्थित रहे आदि चंदेल संदीप यादव टीकम रजक राज जय महोबिया दिलेश्वर कुमार सिंह रिंकू यादव दिलेश्वर धुर्वे, हेमंत नेताम, दिक्कू धुर्वे, नवीन राव, कमान सिंग, चमन यादव, पूरी जानकारी आयोजक समिति सदस्य कमलेश साहू कम्मो द्वारा बताया गया।

# मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सेवा योजना से मिली दोबारा जिंदगी

मोहला (दावा)। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सेवा योजना ने रामचंद्र की जिंदगी को नया जीवन दिया है। विकासखंड अंबागढ़ चौकी के ग्राम पंचायत पंडरीतराई निवासी रामचंद्र ने बताया कि वह थायराइड से पीड़ित था। घर की आर्थिक स्थिति खराब होने के चलते वह अपना उपचार कराने में समर्थ नहीं था। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सेवा योजना अंतर्गत राशि की स्वीकृति मिलने से उपचार कराकर अब ठीक हो गया है। शासन से मिली सहायता राशि से उनका उपचार एमएमआई नारायणा मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल रायपुर में कराया गया। अब वह अपनी समस्या से निजात पा चुका है। और स्वस्थ्य जीवन व्यतीत कर रहा है। उन्होंने शासन की इस योजना के लिए सादर साधुवाद ज्ञापित किया है।

# पहला कॉलम...

## शरवरी गोदरेज प्रोफेशनल की पहली ब्रांड एंबेसडर बनीं

मुंबई। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) की ओर से हेयर कलर और हेयर केयर की पेशकश करने वाले प्रमुख प्रोफेशनल हेयर ब्रांड गोदरेज प्रोफेशनल ने बॉलीवुड की उभरती हुई स्टार शरवरी को अपना पहला ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है।

यह घोषणा गोदरेज प्रोफेशनल स्पॉटलाइट के ग्रैंड फिनाले में की गई, जो राष्ट्रीय स्तर पर हेयर स्टाइलिस्टों का जश्न मनाने वाला एक मंच है। मुंज्या, महाराज और वेद जैसी फिल्मों में अपने बेहतरीन अभिनय के लिए जानी जाने वाली शरवरी स्टाइल, आत्मविश्वास और सशक्तिकरण के प्रति ब्रांड की प्रतिबद्धता को बखूबी दर्शाती हैं। उनका फैशन-फॉरवर्ड व्यक्तित्व और मूल्य गोदरेज प्रोफेशनल के साथ सहजता से मेल खाते हैं, जो उन्हें ब्रांड का आदर्श चेहरा बनाते हैं।

इस विकास पर टिप्पणी करते हुए, गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) के महाप्रबंधक अभिनव ग्रांधी ने कहा, हम गोदरेज प्रोफेशनल के लिए शरवरी को पहला ब्रांड एंबेसडर बनाने के लिए उत्साहित हैं। फैशन और लाइफस्टाइल आइकन होने के नाते, शर्वरी के पास लाखों लोग हैं जो उनकी बेदाग स्टाइल और ग्रेस के लिए उनका सम्मान करते हैं। गोदरेज प्रोफेशनल के साथ उनका जुड़ाव ऐसे समय में हुआ है जब हम आगे बढ़ रहे हैं और हेयर और ब्यूटी इंडस्ट्री में अपना विस्तार जारी रख रहे हैं।

## लापता लेडीज ऑस्कर 2025 की रेस से बाहर

नई दिल्ली। किरण राव फिल्म इंडस्ट्री में मीनिंगफुल कंटेंट बनाने के लिए जानी जाती हैं। आमिर खान की एक्स वाइफ की एक फिल्म की चर्चा पूरे साल हुई। इसका नाम लापता लेडीज है, जिसकी कहानी ने लोगों के दिलों पर राज किया। वहीं, बात कमाई की करें तो फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी लंबे समय तक पकड़ बनाए रखी। दो महिलाओं के ट्रेन में बदलने की साधारण कहानी को किरण राव ने फिल्म में बेहतरीन ढंग से चित्रित किया।

लापता लेडीज को ऑस्कर अवॉर्ड 2025 में बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म की कैटेगरी के लिए भेजा गया, लेकिन बीते दिन जानकारी सामने आई कि यह फिल्म ऑस्कर की दौड़ से बाहर हो चुकी है। इसके बाद आमिर खान और किरण राव के फैंस ने सोशल मीडिया पर अपनी निराशा जाहिर की। अब किरण राव ने पहली बार खुद फिल्म के अवॉर्ड से बाहर होने पर प्रतिक्रिया दी है।

## फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस को भ्रष्टाचार मामले में मिली जेल की सजा

पेरिस। फ्रांस के सर्वोच्च न्यायालय च्कोर्ट ऑफ कैसेशनज् ने अपील अदालत के उस फैसले को बरकरार रखा है जिसमें पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सारकोजी को राष्ट्राध्यक्ष रहते हुए भ्रष्टाचार का दोषी पाया गया था। अदालत ने एक बयान में कहा कि दोषसिद्धि और सजा को बरकरार रखा जाता है। सारकोजी (69) को एक वर्ष जेल की सजा हुई है। उनके पास घर पर नजरबंदी में रखने की मांग करने का अधिकार है जिस दौरान उन्हें च्इलेक्ट्रॉनिक ब्रेसलेटज् लगाया जाएगा। ऐसा दो वर्ष या उससे कम की सजा वाले मामलों में होता है। पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सारकोजी 2021 में पेरिस की एक अदालत और 2023 में एक अपील अदालत द्वारा भ्रष्टाचार मामले में दोषी पाए गए थे। उन्होंने उस कानूनी मामले के बारे में जानकारी के बदले में एक मजिस्ट्रेट को रिश्वत देने की कोशिश की थी, जिसमें वह शामिल थे। सारकोजी 2007 से 2012 तक फ्रांस के राष्ट्रपति रहे थे। फ्रांस के आधुनिक इतिहास में यह पहली बार है कि किसी पूर्व राष्ट्रपति को उसके कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों के लिए दोषी ठहराया गया है और कारावास की सजा सुनाई गई है। निकोलस सारकोजी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा, च्मैं अपनी जिम्मेदारियां निभाऊंगा और सभी परिणामों का सामना करूंगा।

## इजरायल ने यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर की बमबारी

दुबई। इजरायल की सेना कई मोर्चों पर जंग लड़ रही है। एक तरफ गाजा में हमास, दूसरी तरफ लेबनान में हिजबुल्लाह तो तीसरी तरफ सीरिया में भी इजरायल की बड़ी भूमिका नजर आ रही है। इतने मोर्चों पर घिरे होने के बावजूद इजरायल ने यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों को निशाना बनाया है। इजरायल ने बृहस्पतिवार सुबह यमन में ताबड़तोड़ हवाई हमले किए हैं। हवाई हमले कर इजरायल ने हूती विद्रोहियों के कई ठिकानों को नष्ट कर दिया है।

इजरायली सेना ने बयान में कहा कि उसने यमन में विद्रोहियों के अंतारिक और तटवर्ती दोनों ठिकानों पर हमले किए, हालांकि उसने हमलों के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी। सेना ने कहा कि वह अपने नागरिकों के लिए उत्पन्न सभी खतरों के खिलाफ काम करना जारी रखेगी, जहां जरूरी होगा वहां ऑपरेशन्स किए जाएंगे।

# साल 2024 खेलों में भारतीय प्लेयर्स और टीम का रहा दमदार प्रदर्शन

## शूटिंग से लेकर हॉकी, चेस सहित इन खेलों में प्लेयर्स ने बढ़ाया देश का मान



नई दिल्ली। देश के लिए साल 2024 खेलों में काफी बेहतरीन माना जा सकता है, जिसमें एक तरफ जहां क्रिकेट मैदान पर टीम इंडिया टी20 वर्ल्ड कप जीतने में कामयाब रही तो अन्य खेलों में भी भारतीय प्लेयर्स और टीम का कमाल प्रदर्शन देखने को मिला। इस साल पेरिस में ओलंपिक गेम्स का भी आयोजन हुआ था, जिसमें सभी फैंस को पहले के मुकाबले अधिक मेडल की उम्मीद थी, लेकिन उसमें थोड़ा निराश जरूर होना पड़ा इसके बावजूद भी कुछ खेलों में देश मेडल जीतने में कामयाब रहा जिनकी उम्मीद काफी कम की गई थी। इसमें शूटिंग पहले नंबर पर आएगा जिसमें मनु भाकर ने एक नहीं बल्कि 2 मेडल अपने नाम किए थे, वहीं जैवलिन थ्रो इवेंट में नीरज चोपड़ा इस बार गोल्ड जीतने में तो कामयाब नहीं हो सके लेकिन सिल्वर मेडल को जरूर अपने नाम किया। ऐसे में हम आपको साल 2024 में क्रिकेट छोड़ अन्य खेलों में कैसा प्रदर्शन रहा उसके बारे में बताने जा रहे हैं।

### शूटिंग मनु और अवनी का नाम हुआ इतिहास के पन्नों में दर्ज

पेरिस ओलंपिक के लिए जब भारतीय दल रवाना हुआ था तो उसमें इस बार सबसे ज्यादा पदक जीतने की उम्मीद शूटिंग के इवेंट में की गई थी, जिसमें कुछ कैटेगिरी में निशानेबाज मेडल जीतने के काफी करीब पहुंचने के बाद चूक गए थे, लेकिन स्टार महिला निशानेबाज मनु भाकर ने इस बार ओलंपिक में देश के मान को बढ़ाने का जरूर काम किया, जिसमें उन्होंने 22 साल की उम्र में 10 मीटर एयर पिस्टल में ब्रॉन्ज मेडल जीता इसके अलावा 25 मीटर एयर पिस्टल मिक्सड इवेंट में भी कांस्य पदक जीतने में सफलता हासिल की। वहीं पैरालंपिक में भी भारत की महिला राइफल शूटर अवनी लखेरा ने इतिहास रचा जिसमें उन्होंने गोल्ड मेडल जीतने के अलावा एक ब्रॉन्ज को भी अपने नाम किया।

### हॉकी में जीता ब्रॉन्ज मेडल

इस बार भारतीय हॉकी टीम का भी ओलंपिक में बेहतरीन प्रदर्शन देखने को मिला जिसमें भले ही वह गोल्ड मेडल मैच में पहुंचने में कामयाब नहीं हो सके लेकिन इसके बावजूद ब्रॉन्ज मेडल जरूर अपने नाम किया, जिससे ओलंपिक में फिर से फैंस को भारतीय हॉकी का जादू देखने को मिला। भारतीय हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक में ब्रॉन्ज मेडल मुकाबले में स्पेन की टीम को 2-1 से मात देने के साथ पदक अपने नाम किया। इस मुकाबले के बाद भारतीय हॉकी इतिहास के सबसे सफल गोलकीपर में से एक पीआर श्रीजेश ने इस खेल को अलविदा भी कह दिया था।

### चेस में डी गुकेश ने बनाया अपना दबदबा

चेस का नाम सुनते ही सभी भारतीय फैंस के मन में सबसे पहले विश्वनाथन आनंद का नाम आता है, लेकिन साल 2024 में डी गुकेश का चेस में दबदबा देखने को मिला और वह इस खेल में देश के उभरते हुए सितारे बन गए। गुकेश ने चीन के डिंग लिरेन को हराकर वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। वह सिर्फ 18 साल के हैं। गुकेश ने डिंग लिरेन को 14वीं और अंतिम बाजी में हराया और वर्ल्ड चैंपियन बने।

### रेसलिंग अमन सहरावत ने रचा इतिहास

रेसलिंग में हमेशा भारत का दबदबा देखने को मिला है, लेकिन इस बार ओलंपिक में रेसलर्स उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर सके। हालांकि 21 साल के अमन सहरावत ब्रॉन्ज मेडल जीतने के साथ इतिहास रचने में जरूर कामयाब हुए। अमन ने पुरुषों के 57 किग्रा कैटेगिरी में ब्रॉन्ज मेडल जीता जिसमें वह देश के सबसे कम उम्र के ओलंपिक पदक विजेता भी बन गए।

### नीरज चोपड़ा को सिल्वर से करना पड़ा संतोष

इस बार भारतीय जैवलिन थ्रो एथलीट नीरज चोपड़ा टोक्यो ओलंपिक की तरह गोल्ड मेडल जीतने में कामयाब तो नहीं हो सके लेकिन 89.45 मीटर दूर थ्रो करने के साथ सिल्वर मेडल को जरूर उन्होंने अपने नाम किया। इसी के साथ नीरज पहले ऐसे भारतीय जैवलिन थ्रो एथलीट बन गए जो ओलंपिक में गोल्ड और सिल्वर दोनों ही मेडल जीतने में कामयाब रहे।

## चेन्नई में जन्मी 19 साल की कैटलिन बनीं मिस इंडिया यूएसए



**वाशिंगटन। चेन्नई में जन्मी कैटलिन सैंड्रा नील (19) ने न्यूजर्सी में मिस इंडिया यूएसए 2024 खिताब जीत लिया है। वे कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी में द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं। इलिनोय की संस्कृति शर्मा मिसेज इंडिया यूएसए और वॉशिंगटन की अर्शिता कठपालिया मिस टीन इंडिया यूएसए बनीं।**

भारतीय अमेरिकी कैटलिन सैंड्रा नील कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में पढ़ाई करती हैं। कैटलिन कहती हैं कि मैं अपने समुदाय पर सकारात्मक स्थायी प्रभाव छोड़ना चाहती हूं और महिला सशक्तिकरण और साक्षरता पर ध्यान केंद्रित करना चाहती हूं।

प्रथम और द्वितीय उपविजेता का खिताब इलिनोइस की निराली देसिया और न्यू जर्सी की मानिनी पटेल को मिला है। 15 दिसंबर को न्यू जर्सी में आयोजित वार्षिक प्रतियोगिता में इस अवार्ड की घोषणा हुई।

चेन्नई में जन्मी कैटलिन सैंड्रा नील कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, डेविस में द्वितीय वर्ष की छात्रा है और अपने लिंक्डइन प्रोफाइल के अनुसार, वह संज्ञानात्मक विज्ञान या बोध विज्ञान (मस्तिष्क एवं उसकी प्रक्रियाओं को लेकर अध्ययन) की पढ़ाई कर रही हैं। कैटलिन ने कहा कि वह अपनी मेहनत और परिवार के समर्थन से यहां तक पहुंच पाईं। समाज को कुछ वापस देने की चाहत ने आज इस खिताब को जितवाया है। उन्होंने कहा कि वह महिलाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए काम करती आई हैं और आगे भी इस काम को करना जारी रखेंगी। कैटलिन का मानना है कि महिलाओं को हर क्षेत्र में बराबरी का मौका मिलना चाहिए।

## अफगानिस्तान में भीषण सड़क हादसा, 50 लोगों की मौत; घायल हुए 76 लोग

काबुल। अफगानिस्तान में दो सड़क दुर्घटनाओं में कुल 50 लोगों की मौत हो गई जबकि 76 लोग घायल हुए हैं। एक सरकारी प्रवक्ता ने बृहस्पतिवार को इन हादसों के बारे में जानकारी दी है। गजनी प्रांत के गवर्नर के प्रवक्ता हाफिज उमर ने कहा कि बुधवार देर रात काबुल-कंधार राजमार्ग पर एक यात्री बस और तेल टैंकर के बीच टक्कर हो गई जबकि दूसरी दुर्घटना उसी राजमार्ग पर दूसरे इलाके में हुई।



गजनी प्रांत के गवर्नर के प्रवक्ता ने कहा, च्घायलों को गजनी के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है और मृतकों के शव परिवारों को सौंपने की प्रक्रिया जारी है।ज्ज् उमर ने कहा कि गंभीर रूप से घायल लोगों को काबुल स्थानांतरित किया गया है और मृतकों में महिलाएं व बच्चे भी शामिल हैं। इस बीच यहां यह भी बता दें कि, इसी सप्ताह सोमवार (16 दिसंबर 2024) को अफगानिस्तान के दक्षिणी हेलमंद प्रांत में भी भीषण सड़क हादसा हुआ था। हादसे के दौरान एक परिवार को ले जा रहा वाहन खाई में गिर गया था। इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई थी। इससे पहले उत्तरी बदख्शां प्रांत में एक जीप के नदी में गिर जाने से 6 मुसाफिरों की मौत हो गई थी और चार अन्य घायल हो गए थे। अफगानिस्तान में घातक सड़क दुर्घटनाओं के कारणों में सड़कों की खराब स्थिति, लापरवाही से वाहन चलाना और सुरक्षा उपायों की कमी शामिल है। (एपी)

## विराट कोहली ने मेलबर्न एयरपोर्ट पर ऑस्ट्रेलियन मीडिया पर भड़के

नई दिल्ली। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की फैन फॉलोइंग सिर्फ देश ही नहीं, बल्कि विदेश में भी देखने को मिलती रहती हैं। विराट कोहली मैदान के बाहर और अंदर हर समय सुर्खियां बटोरते रहते हैं। कोहली का बल्ला भले ही ना चले, लेकिन उनके एक-एक मोमेंट को फैंस खूब पसंद करते हैं।



मौजूदा समय में किंग कोहली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत भारत-ऑस्ट्रेलिया के पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रहे हैं। इस टेस्ट सीरीज का तीसरा टेस्ट गाबा में खेला गया जो कि ड्रॉ रहा। गाबा टेस्ट के बाद भारतीय टीम मेलबर्न पहुंच चुकी हैं। मेलबर्न एयरपोर्ट पहुंचकर विराट कोहली काफी गुस्से में नजर आए। इस दौरान उन्होंने ऑस्ट्रेलियन मीडियी पर भड़ास निकाली। एयरपोर्ट पर ड्रॉमा देखने को मिला, जिसकी तस्वीर सामने आई हैं।

दरअसल, परिवार की फोटो लेने को लेकर मेलबर्न एयरपोर्ट पर ऑस्ट्रेलियन मीडिया से विराट कोहली भिड़ते हुए नजर आए। इस दौरान ऑस्ट्रेलियाई मीडिया ने उन्हें जवाब देते हुए कहा कि एयरपोर्ट पब्लिक प्लेस है। इन दोनों के बीच थोड़ी देर तक बहस हुई, जिसकी तस्वीर सामने आई हैं। दैनिक जागरण के खेल संपादक अभिषेक त्रिपाठी ने इसको लेकर एक्स पर ट्वीट शेयर किया हैं। बताया जा रहा है कि विराट कोहली अपने परिवार की तस्वीर लेने से ऑस्ट्रेलियन मीडिया को मना कर रहे थे।

## खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पाक सुरक्षा बलों ने 11 आतंकवादियों को किया ढेर

**पेशावर। पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने अशांत उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में तीन अलग-अलग अभियानों में 11 आतंकवादियों को मार गिराया। इसकी जानकारी अधिकारियों ने दी।**

पाकिस्तान सशस्त्र बलों की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के अनुसार, ये अभियान 17 और 18 दिसंबर को प्रांत के विभिन्न क्षेत्रों में चलाए गए। इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद टैंक जिले में पहला ऑपरेशन चलाया गया। ऑपरेशन के दौरान सात आतंकवादी मारे गए। सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज (छ्ट्रक्रस्स्) द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, 2024 की तीसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में पाकिस्तान में आतंकवादी हिंसा और आतंकवाद विरोधी अभियानों में होने वाली मौतों में तेज वृद्धि देखी गई, जिसमें हिंसा में 90 प्रतिशत की वृद्धि हुई।समीक्षाधीन अवधि के दौरान दर्ज 328 घटनाओं में नागरिकों, सुरक्षाकर्मियों और अपराधियों सहित कुल 722 लोग मारे गए, जबकि 615 अन्य घायल हुए।

## संभल के सपा सांसद जिया उर रहमान बर्क के घर की बिजली सप्लाई काटी गई, एफआईआर भी दर्ज

संभलः समाजवादी पार्टी के संभल से सांसद जिया उर रहमान बर्क पर बिजली चोरी का आरोप लगा है। बिजली विभाग ने सपा सांसद बर्क के घर की बिजली सप्लाई काट दी है। साथ ही जिया उर रहमान बर्क के खिलाफ बिजली चोरी के मामले में एफआईआर भी दर्ज की गई है। जब बिजली कर्मचारी सांसद के घर की बिजली सप्लाई काटने पहुंचे तो इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रही।

आज सुबह राज्य बिजली विभाग मीटर रीडिंग और विभिन्न बिजली के लोड की जांच करने के लिए बर्क के आवास पर पहुंचा। राज्य बिजली विभाग ने पाया कि उपलब्ध बिजली कनेक्शन लोड का आठवां हिस्सा था। इसके बाद बिजली बोर्ड ने बिजली कनेक्शन काट दिया। पिछले छह महीने से सांसद के घर का बिजली बिल शून्य रुपये आ रहा था। राज्य बिजली विभाग ने बताया कि बर्क ने 2 किलोवाट का कनेक्शन लिया है, जबकि लोड 16.5 किलोवाट है। दो दिन पहले लगाए गए नए स्मार्ट मीटर में 5.5 किलोवाट बिजली का लोड दिखा। बर्क के परिवार से जुड़े लोगों के मुताबिक घर में दो-दो किलोवाट के दो बिजली मीटर लगे हैं।

**0 पाकिस्तान पर प्रतिबंध : भारत का खुले....**

करने का संकेत अमेरिका ने मंगलवार को डिप्टी एनएसए जोनाथन फाइनर, उप विदेश मंत्री कुर्ट एम कैंपबेल और भारत के राजदूत विनय क्वात्रा के बीच जानसन स्पेस सेंटर में बैठक के दौरान दिया है। बैठक के बाद जारी सूचना में कहा गया, दोनों देशों के उद्योगों के बीच नए अवसर पैदा करने के लिए मिसाइल तकनीक निर्यात में समीक्षा का काम आगे बढ़ रहा है। इसका एक उद्देश्य दोनों देशों की कंपनियों के बीच अंतरिक्ष यान प्रक्षेपण में सहयोग करना भी है।

**0 रायपुर-अंबिकापुर-बिलासपुर हवाई सेवा का हुआ...**

निवेश का माहौल भी बेहतर होगा. उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने नई उद्योग नीति में होम स्टे और रिसॉर्ट्स जैसे उद्यमों को विशेष प्रोत्साहन दिया है, जिससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के बड़े अवसर पैदा हो रहे हैं. हमारी कोशिश है कि अगले चार वर्षों में छत्तीसगढ़ को विमानन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जाया जाए. मुख्यमंत्री साय ने कहा कि नया साल आने वाला है, और मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि इस नई विमान सेवा का लाभ उठाएं और सरगुजा की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लें. फ्लाई बिग चार्टर कंपनी 19-सीटर ट्विन औटर विमानों के माध्यम से इन शहरों के लिए सेवाएं देगी.

**0 अम्बेडकर पर विवाद बढ़ा, भाजपा और इंडिया ....**

प्रदर्शन के दौरान भाजपा सांसदों ने उन्हें धक्का दिया, जिसके कारण उनका संतुलन बिगड़ गया और वह गिर पड़े। उन्होंने पार्टी मुख्यालय में गांधी के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहा, लेकिन वे हमें धक्का देने के लिए दोषी ठहरा रहे हैं।

उन्होंने भाजपा पर महिलाओं सहित विपक्षी सांसदों को 'शांतिपूर्ण' तरीके से प्रदर्शन करने और संसद भवन में प्रवेश नहीं करने देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश में जो माहौल बनाया है, उसे बर्दाश्त नहीं किया

## प्रथम पेज का शेष

जायेगा और इसके खिलाफ पूरे देश में आंदोलन चलाया जा रहा है।

श्री गांधी ने कहा कि भाजपा 'अमेरिका में अडानी पर अभियोग' के मुख्य मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिये उन पर मारपीट समेत कई आरोप लगा रही है। उन्होंने कहा, हमने अमित शाह से इस्तीफा देने को कहा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और आज जो हुआ, वह भाजपा द्वारा अडानी मुद्दे से देश का ध्यान भटकाने का एक और प्रयास है। उन्होंने अंबेडकर जी का अपमान किया है।

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, उन्हें इसके लिये माफी मांगनी चाहिये और गृह मंत्री को इस्तीफा देना चाहिये। हम शुरू से ही कहते आ रहे हैं कि भाजपा-आरएसएस की सोच हमेशा संविधान विरोधी और अंबेडकर जी के खिलाफ रही है। वे बाबा साहेब अंबेडकर जी के योगदान को मिटाना चाहते हैं, उन्होंने इसे सबके सामने पेश किया है।

**0 विधानसभा में नगर पालिका संशोधन विधेयक....**

चुनाव कराने के लिए पूरी तरह तैयार है, विधेयक सभी स्थितियों को ध्यान रखते हुए लाया जा रहा है।

**उमेश पटेल और राघवेंद्र सिंह भी बोले**

खरसिया से कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने विधेयक को संविधान के विपरीत बताते हुए विधि विशेषज्ञों से विधेयक पर राय लेने का सुझाव दिया। वहीं विधायक राघवेन्द्र सिंह ने कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि, विधेयक संविधान के विपरीत है, इसे सदन में लाने की अनुमति नहीं मिलना चाहिए।

**महंत ने की बहिंगमन की घोषणा**

नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा- हम संविधान के विपरीत विधेयक पारित होने नहीं देंगे। हम सदन में विधेयक पेश होते समय मौजूद नहीं रहेंगे। आसंदी ने विधेयक के पेश होने और पारित होने की अनुमति दी। लेकिन इसी बीच विपक्ष ने विधेयक के विरोध में सदन से बहिर्गमन किया।

**0 'सांसद नहीं कर पाएंगे संसद भवन...**

धरोहर की सुरक्षा का प्रतीक है. मकर द्वार से ही सांसद सदन में जाते हैं.

नए संसद भवन में एंट्री और एग्जिट के लिए 6 गेट बने हैं. हर गेट 140 करोड़ भारतीयों का प्रतिनिधित्व करने वाले संसद के विभिन्न पहलुओं का प्रतीक है. नए संसद भवन के पहले तीन गेट का नाम अश्व, गज और गरुड़ गेट है. इन गेटों का इस्तेमाल उपराष्ट्रपति, स्पीकर और प्रधानमंत्री करते हैं. मकर, शार्दूल गेट और हंस गेट का इस्तेमाल सांसद आने-जाने के लिए करते हैं.

**0 साय सरकार का बड़ा निर्णय : दलहन...**

कीमत पर रोजमर्रा की वस्तुएं मिलती रहेंगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा प्रदेश में दलहन, तिलहन एवं गेहूँ का उत्पादन मांग के अनुरूप कम है, जिससे प्रदेश के दाल मिल, तिलहन मिल तथा फ्लोर मिलों को अपने मिलों के संचालन के लिए अन्य प्रदेशों से दलहन, तिलहन एवं गेहूँ का आयात करना पड़ता है। मंडी शुल्क से छूट दिये जाने पर प्रदेश की दाल मिल, तिलहन मिल तथा फ्लोर मिलें अन्य राज्यों से प्रतिस्पर्धा कर पायेंगे और उपभोक्ताओं को कम कीमत पर दाले, तेल, आटा तथा मैदा प्राप्त होगा, जिससे घरेलू व्यय में बचत होगी और उपभोक्ता इस बचत से अपनी जीवनशैली में सुधार हेतु अन्य आवश्यक सामग्रियां क्रय करने में सक्षम हो सकेगा। साथ ही इन दाल मिल, तिलहन मिल तथा फ्लोर मिलों से लगभग 30 हजार परिवारों को रोजगार प्राप्त होता है, जिनका सीधा संरक्षण ये फैसला करता रहेगा। इस अवसर पर अमित चिमनानी, चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, रायपुर दाल मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीत गोयल, सचिव श्याम सुंदर गोयल, हरिमल सचदेव, फ्लोर मिल एसोसिएशन के प्रदेश सचिव रमेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष धरम अग्रवाल, समीर अग्रवाल उपस्थित थे।

## आईडीएफसी फर्स्ट और हुरुन इंडिया की तरफ से इंडियाज़ टॉप 200 सेल्फ-मेड आंत्रप्रेन्योर्स ऑफ द मिलेनिया 2024 की सूची जारी

मुंबई। आईडीएफसी फर्स्ट प्राइवेट बैंकिंग और हुरुन इंडिया ने आईडीएफसी फर्स्ट प्राइवेट एंड हुरुन इंडियाज़ टॉप 200 सेल्फ-मेड आंत्रप्रेन्योर्स ऑफ द मिलेनिया 2024 का दूसरा संस्करण जारी किया है। यह सूची 200 सबसे मूल्यवान भारतीय कंपनियों की है, जिनकी स्थापना वर्ष 2000 के बाद हुई है।

इन कंपनियों की रैंकिंग उनके मूल्यांकन के आधार पर की गई है, जिसमें सूचीबद्ध कंपनियों के लिए बाजार पूँजीकरण और गैर-सूचीबद्ध कंपनियों के लिए मूल्यांकन शामिल हैं। सूची को पूरा करने की आखिरी तारीख 25 सितंबर, 2024 थी। इस सूची में सिर्फ भारत में मुख्यालय वाली कंपनियों को ही शामिल किया गया है, यानि इसमें राज्य के स्वामित्व वाली कंपनियाँ और विदेशी कंपनियों की सहायक कंपनियाँ शामिल नहीं हैं। इस सूची में सभी कंपनियों का कुल मूल्य 36 लाख करोड़ रुपए है।

इंडियाज़ टॉप 200 सेल्फ-मेड आंत्रप्रेन्योर्स ऑफ द मिलेनिया 2024 में देशभर के 46 शहरों के उद्यमियों को शामिल किया गया है। बेंगलुरु इस सूची में 98 उद्यमियों के साथ सबसे आगे है, इसके बाद मुंबई में 73 और नई दिल्ली में 51 उद्यमी शामिल हैं। ये तीनों शहर सूची में शामिल उद्यमियों का आधे से अधिक हिस्सा बनाते हैं। सूची में वित्तीय सेवाओं की 50 कंपनियों का प्रभुत्व है, जबकि स्वास्थ्य सेवा और खुदरा क्षेत्र में 25-25 कंपनियाँ शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि सूची की 94त्न यानी 188 कंपनियों में बाहरी निवेशक शामिल हैं, जबकि बाकी बूटस्ट्रैप्ड हैं। विकास शर्मा, हेड- वेल्थ मैनेजमेंट एंड प्राइवेट बैंकिंग, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, ने कहा, हमें आईडीएफसी फर्स्ट प्राइवेट एंड हुरुन इंडियाज़ 200 सेल्फ-मेड आंत्रप्रेन्योर्स ऑफ द मिलेनिया 2024 का दूसरा संस्करण जारी करने पर गर्व है। यह रिपोर्ट उन दूरदर्शी उद्यमियों की अविश्वसनीय यात्राओं को उजागर करती है, जो भारत के आर्थिक परिदृश्य को बदल रहे हैं। ये बिज़नेस लीडर्स की दृढ़ता, नवाचार और उत्कृष्टता की निरंतर खोज का प्रतीक हैं।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में हम इस मूल्य को प्रखर रखते हैं। इस प्रकाशन के माध्यम से, हम उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाने के साथ ही उद्यमशीलता की भावना को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहरा रहे हैं, जो भारत के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती है। इन अग्रणियों की पहचान को उजागर करना और उनकी सफलता तथा नेतृत्व को दुनिया के साथ साझा करना हमारे लिए सम्मान की बात है।

अनस रहमान जुनैद, एमडी और चीफ रिसर्चर, हुरुन इंडिया, ने कहा, आईडीएफसी फर्स्ट प्राइवेट एंड हुरुन इंडियाज़ टॉप 200 सेल्फ-मेड आंत्रप्रेन्योर्स ऑफ द मिलेनिया 2024 रिपोर्ट सेल्फ-मेड उद्यमियों के भारत की अर्थव्यवस्था पर महत्वपूर्ण प्रभाव को दर्शाती है। इनका कुल व्यावसायिक मूल्य 431 अरब अमेरिकी डॉलर है, जो भारत के 200 सबसे मूल्यवान पारिवारिक व्यवसायों के मूल्य के एक चौथाई के बराबर है।

हालाँकि, इन व्यवसायों की स्थापना पिछले 24 वर्षों में हुई है, जबकि पारिवारिक व्यवसायों की औसत आयु 69 वर्ष है।

# सोसाईटीयों में अवस्था को लेकर कांग्रेस का धरना प्रदर्शन, किसान विरोधी भाजपा सरकार को घेरा

राजनांदगांव (दावा)। जिले के सभी सोसाइटियों में बफर लिमिट से ज्यादा धान होने और परिवहन व्यवस्था लचर होने के चलते किसानों की चिंता बढ़ गई है। सोमवार से सोसाइटी में धान खरीदी बंद होने की आशंका के चलते किसानों की चिंता बढ़ गई है। इधर जिला कांग्रेस कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू ने विष्णुदेव साय सरकार पर बिफरते हुए कहा कि कांग्रेस शासन काल में यही भाजपेई किसान हित का घड़याली आंसू बहाते थे। आज क्या हो गया है कि वह किसानों के हित भूल गए हैं सोसाइटियों में किसानों को हो रही तकलीफ को लेकर सभी सभी ब्लॉक मुख्यालय में धरना प्रदर्शन कर सरकार को कोसा गया।

श्री साहू ने आगे कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू के मार्गदर्शन में जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष मदन साहू के नेतृत्व में राजनांदगांव के सभी ब्लॉकों में धरना प्रदर्शन कर किसान विरोधी भाजपा सरकार को घेरा घूमका सोसाइटी में 10:00 बजे से प्रदर्शन प्रारंभ कर धान के उठाव व किसानों के एक मुस्त राशि सहित सरकार के प्रदेश में हो रहे अवस्था के संबंध में आवाज उठाई पूर्व मंत्री धनेश पाटीला ने जमकर कोसा जिला अध्यक्ष भागवत साहू किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष मदन साहू महामंत्री दुर्गेश द्विवेदी सहित कांग्रेस जनों ने राज्यपाल के नाम से तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए अति शीघ्र धान खरीदी की व्यवस्था सुचारु करने की मांग की राजनंदगांव ब्लॉक के भानपुरी सोसाइटी में किसान कांग्रेस के कोषाध्यक्ष टीकम साहू नरेंद्र दास वैष्णव ओंकार साहू संजय झा के नेतृत्व में धान खरीदी बंद होने पर तहसीलदार के सामने धान खरीदी केंद्र का घेराव कर दिया गया ।

जिला अध्यक्ष भागवत साहु के साथ पूर्व मंत्री धनेश पाटील पंकज बांधव दुर्गेश द्विवेदी विशेष रूप से उपस्थित रहे उन्होंने कांग्रेस सरकार की अवस्था पर जोरदार हमला बोला राजनंदगांव ब्लॉक भानपुरी सोसाइटी में धान उठाव नहीं होनेके कारण धान खरीदी बद रहा जिला अध्यक्ष भागवत साहू ज्ञापन लेने उपस्थित रहे तहसीलदार को कहा कि तत्काल धान खरीदी प्रारंभ कराए अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा डोंगरगढ़ ब्लॉक के कसारी सोसाइटी में महेंद्र यादव ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिन्हा सहित होमदत्त वर्मा विष्णु लोधी जयचंद ठाकुर श्रीमती आशा मांडवी सहित अन्य नेताओं ने किसानों के साथ लगातार 5 घंटा बैठकर सरकार की व्यवस्था पर सवाल उठाया और तहसीलदार को जिला अध्यक्ष भागवत साहू किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मदन साहू के साथ ज्ञापन सोपा गया लाल बहादुर नगर के मुड़पार सोसाइटी में ब्लॉक अध्यक्ष हीरा सोनी दशरथ ठाकुर देवलाल वर्मा ने मंच संभाला और किसानों के साथ हल्ला बोलकर सोसाइटी में व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए जल्दी उठाव की बात कहां ब्लॉक अध्यक्ष हीरा सोनी महेंद्र यादव विष्णु लोधी के साथ राज्यपाल के नाम से तहसीलदार को ज्ञापन सोपा गया डोंगरगांव ब्लॉक के दीवानभेड़ी सोसाइटी में ब्लॉक अध्यक्ष चेतन साहू किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष चुम्मन साहू प्रभारी पुरुषोत्तम साहू ने किसानों के साथ भाजपा सरकार को घेरा व हर क्षेत्र उनके नीति को असफल बताया विशेष रूप से ज्ञापन देने के लिए जिला अध्यक्ष मदन साहू के साथ जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू उपाध्यक्ष सुरेश नाहटा के साथ जिला महामंत्री द्विवेदी गौतम वर्मा सहित वरिष्ठ कांग्रेस जन उपस्थित रहे कुमरदा ब्लॉक के कुमर्दा में 1:00 बजे से 5:00 बजे तक ब्लॉक अध्यक्ष गिरधारी साहू जिला पंचायत सदस्य कांति भंडारी प्रभारी डॉक्टर नरेंद्र साहू नरेश शुक्ला ने कमान संभाला और भाजपा की घोषणा पत्र के अनुरूप किसानों को धोखा दे रहे सरकार को कोसा तत्पश्चात जिला अध्यक्ष मदन साहू महामंत्री द्विवेदी ब्लॉक अध्यक्ष अब्दुल खान के साथ मिलकर के राज्यपाल के नाम से तहसीलदार को ज्ञापन सोपा गया।

ब्लॉक के शिकारी महका सोसाइटी में जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री चुम्मन साहू ने मंच संभाला और पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी साहू जिला पंचायत सदस्य राम छत्री चंद्रवंशी पू नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी सिन्हा लादूराम तुमरेकी राहुल तिवारी सहित किसान मजदूर के साथ हो रहे अन्याय व घोषणा पत्र को आम मतदाताओं से धोखा कहा शाम 5:00 बजे राज्यपाल के नाम से तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर धान के उठाओ के तुरंत कार्रवाई करने की मांग की सभी मंचों में भाजपा की घोषणा पत्र के मुताबिक किसानों को एक मूत्र राशि 3217 भुगतान करने की मांग की साथ ही प्रदेश में हो रहे कानून अवस्था लूट हत्या बलात्कार सहित अन्य दो पर सरकार को घेरा कार्यक्रम में विशेष रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू, पूर्व मंत्री धनेश पाटील, जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष मदन साहू, महामंत्री पंकज बांधव, दुर्गेश द्विवेदी, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, श्रीमती कांति भंडारी, ब्लॉक अध्यक्षगण सुरेश सिन्हा, डोगरगढ़ हीरा सोनी, एलबी नगर चेतन दास साहू, डोंगरगांव अब्दुल खान, कुमरदा अध्यक्ष किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्षगण गिरधारी साहू, चुम्मन साहू, ओम प्रकाश साहू, जयचंद ठाकुर, देवलाल वर्मा, जिला किसान कांग्रेस की पदाधिकारी योगेंद्र दास वैष्णव, टीकम साहू, होमदत्त वर्मा, मदन मोहन साहू, ऊईके लालचंद साहू आदि शामिल थे।



सभी विकासखंड मुख्यालय में कांग्रेसियों ने किसान हित में भरी हुंकार

## एकेश कुमार साहू को डाक्टरेट की उपाधि



डोंगरगांव (दावा)। विकासखंड अंतर्गत ग्राम बोदेला तुमडीबोड़ निवासी एकेश कुमार साहू को देश के ख्याति प्राप्त गोबिंद वल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर उत्तराखंड से डाक्टरेट की उपाधी दी गई है। उन्हे यह उपाधि मृदा एवं जल संरक्षण अभियांत्रिकी विषय मे प्राप्त की, जिनका शोध कार्य रिमोट सेंसिंग एवं जियोस्पेशल टेक्नीक्स के माध्यम से कृषि सूखे की आंकलन पर था। उन्होने यह शोध कार्य प्रोफेसर अनिल कुमार, हेड आफ डिपार्टमेंट मृदा एवं जल संरक्षण अभियांत्रिकी के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। इस उपलब्धि पर पारिवारिकजन, सामाजिकजन इष्ट मित्र व जनप्रतिनिधियों ने उन्हे बधाई व शुभकामनांए दी है।

## खैरागढ़ कालेज में एड्स बचाव संगोष्ठी एवं रैली




खैरागढ़ (दावा)। रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ में 13 दिसम्बर 2024 शुक्रवार को छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एड्स दिवस पखवाड़ा आयोजन प्रभारी प्राचार्य डॉ.जितेन्द्र साखरे के मार्गदर्शन में हुआ।

एड्स बचाव संगोष्ठी एवं रैली में प्रो. सुरेश आडवानी रेड रिबन प्रभारी एवं पूर्व रेडक्रास प्रभारी सेवानिवृत्त जे के वैष्णव उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन करते हुए प्रो.आडवानी ने एचआईवी/एड्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एक दिसम्बर 24 से 15 दिसम्बर 24 तक एचआईवी एड्स जागरुकता प्रचार प्रसार संगोष्ठी अध्ययन कक्षाओं के माध्यम से एवं रैली आयोजन किया जाने एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बचाव जानकारी देने कहा। पूर्व रेडक्रास प्रभारी जे के वैष्णव ने एचआईवी/एड्स कैसे फैलता है कारणों को बताया, बचाव हेतु जागरूकता की आवश्यकता को रेखांकित किया। अ

ई सी टी सी क्या है, ए.आर.टी उपचार के बारे में जानकारी देते हुए जान है तो जहान है को बताया। छात्र छात्राओं को भारतीय जीवन शैली अनुरूप संयम, समझदारी नैतिकता, ईमानदारी से जीवन जीने कहा जिससे रोग प्रतिरोधक शक्ति प्राप्त कर नयी किस्म की बीमारी से बचने कहा। संगोष्ठी में काजल वर्मा, ईशा साहु, खुशबू मेश्राम, डोमेश्वर आदि भाग लिये।

## भरदाकला हाई स्कूल में जल्द ही शौचालय व जल की व्यवस्था-विक्रांत सिंह

खैरागढ़ (दावा)। भरदा कला में हाई स्कूल व सामुदायिक भवन के लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह उपाध्यक्ष जिला पंचायत राजनंदगांव, अध्यक्षता घम्मन साहू सभापति जिला पंचायत राजनंदगांव, विशेष अतिथि विप्लव साहू सभापति जिला पंचायत, लखन साहू, पारख कोसरे, शैलेनद मिश्रा जनपद सदस्यगण, गोरे लाल वर्मा महामंत्री, परमानंद साहू के आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने कहा कि गांव में नवीन हाई स्कूल भवन बनने से बच्चों को पढ़ाई के लिए अब अधिक दूर जाना नहीं पड़ेगा और छात्र-छात्राओं मन लगाकर पढ़ाई कर अपने गांव एवं माता-पिता का नाम रोशन करेंगे ग्राम वासियों व शिक्षकों की मांग पर नवीन हाई स्कूल भवन में पीने के लिए पानी की व्यवस्था व शौचालय निर्माण के साथ-साथ अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया गया।



उन्होंने कहा कि अब गांव के विकास में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आएगी, क्योंकि डबल इंजन की सरकार काम कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य घम्मन साहू ने कहा कि भरदा कला गांव के विकास के लिए। हम सभी जनप्रतिनिधि प्रतिबद्ध है और गांव के विकास में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आएगी। उन्होंने महिलाओं के उत्थान के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का जानकारी देते हुए महिलाओं को सबल बनाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर गांव की सरपंच सविता सुखचैन साहू पटेल रघुनाथ साहू, उप सरपंच अनीता गांव के वरिष्ठ चंद्रिका साहू, दूरदेशी साहू, गिरवर साहू, डोमार साहू, बर्मन रामाशंकर शिक्षिकागण खान मैडम, मेश्राम मेडम, सचिव जग्गू साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## श्री अग्रसेन अयोध्या तीर्थ यात्रा का शुभारंभ मां बम्लेश्वरी धाम से 22 मार्च से 27 मार्च तक

डोंगरगढ़ (दावा)। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण अग्रवाल ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि डोंगरगढ़ से छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के माध्यम से स्पेशल ट्रेन के माध्यम से यह यात्रा 22 मार्च को प्रातः10बजे डोंगरगढ़ से प्रारंभ होकर राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर होते हुये प्रयागराज के लिये प्रस्थान करेगी।

23 मार्च को प्रातः प्रयागराज में संगम में स्नान कर विभिन्न धार्मिक स्थलों का भ्रमण करते हुये विंध्याचल पहुंचेगें जंहा शक्तिपीठों का दर्शनलाभ लेते हुये 24 मार्च को प्रातः वाराणसी पहुंचकर मां गंगा नदी में स्नानकर काशी विश्वनाथ, कालभैरव, सहित अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों का दर्शनलाभ लेते हुये 26 मार्च को प्रातः अयोध्या पहुंचकर सरयू नदी में स्नान कर आराध्य देव श्रीराम प्रभु, हनुमान गड़ी, दशरथ महल आदि सभी प्रमुख स्थानों पर भ्रमण कर 26 मार्च की रात्रि में अयोध्या से प्रस्थान कर डोंगरगढ़ धाम के लिये रवाना होंगें यह यात्रा 27 मार्च को डोंगरगढ में समाप्त होगी। श्री अग्रवाल ने इस यात्रा में अधिकाधिक अग्र बंधुओ से अपने परिवार सहित शामिल होने का अनुरोध किया है। थ्री टायर में में यात्रा करने वाले बंधुओ को प्रतिव्यक्ति 10500, ऐसी थ्री टायर का 17850, ऐसी 2 टायर का 23100, शुल्क देना होगा। इस यात्रा में जो बंधुगण शामिल होना चाहते हैं मां बम्लेश्वरी ट्रस्टमण्डल के अध्यक्ष भाई मनोजअग्रवाल से व्यक्तिगत एवं उनके मोबाइल 94255 60400 के माध्यम से एवं भाई वीरेंद्र अग्रवाल उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रांतीय संगठन मोबाइल 9837960335 से या मुझसे व्यक्तिगत या मेरे मोबाइल फोन 9425247005 के माध्यम से संपर्क कर सकते है।

## 57वां प्रांत अधिवेशन का हुआ पोस्टर विमोचन



प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा रहे उपस्थित

डोंगरगढ़ (दावा)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का प्रतिवर्ष निर्बाध रूप से आयोजित होने वाला प्रांत अधिवेशन विद्यार्थी परिषद के अनोखी परंपरा का अंग है।

प्रांत स्वरूप के अधिवेशन समाज जीवन तथा शिक्षा के विकास में छात्रों की रचनात्मक भूमिकाएं सुनिश्चित करते हैं। हम सभी के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है की लंबी अवधि के बाद विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के इस परंपरागत प्रांत अधिवेशन का आयोजन करने का सौभाग्य ऐतिहासिक धार्मिक औद्योगिक महत्व रखने वाले राजनांदगांव को प्राप्त हुआ है। अभावी का 57 प्रांत अधिवेशन दिनांक 3 से 5 जनवरी 2025 राजनांदगांव में संपन्न होने जा रहा है, जिस प्रांत के 28 जिलों से 1000 से अधिक छात्र-छात्राएं एवं प्राध्यापक सहभागी होंगे राजनांदगांव में ऐसा प्रांत अधिवेशन का आयोजन होना गौरवान्वित होने का अवसर है जिस निमित्त अधिवेशन का पोस्टर विमोचन किया गया जिसमें प्रमुख रूप से प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा प्रांत सोशल मीडिया संयोजक चांदना श्रीवास्तव विभाग संयोजक अमन बृज नामदेव जिला संयोजक जित प्रजापति नगर मंत्री अक्षत श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## आईआईटी भिलाई में त्रिदिवसीय बाजार साक्षरता पर हुई कार्यशाला





राजनांदगांव। (दावा)। 09 नवंबर से 11 नवंबर के बीच बाजार साक्षरता पर त्रिदिवसीय कार्यशाला आईआईटी भिलाई में हमारे महाविद्यालय, आईआईटी भिलाई, आईजीकेवी रायपुर और पी.टी. आरएसयू, रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से महिला स्व सहायता समूह के लगभग 400 महिलाओं के भाग लिया। जिसमें से 100 महिला प्रशिक्षक तैयार हुए जो पूरे छत्तीसगढ़ के लगभग 16 लाख महिलाओं को बाजार साक्षरता पर प्रशिक्षण निकट भविष्य में देने की कार्ययोजना बनाया गया। इस पूरे प्रशिक्षण में लास एंजिल पूर्फ मधु विश्वनाथ (यूएसए) ने महिलाओं को प्रशिक्षित किया।

इस कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में महामहिम राज्यपाल रमन डेका उपस्थित हुए और समापन समारोह में पद्मश्री अजय मंडावी, प्रिंसिपल सेक्ट्रेरी सोनमानी बोरा, आईआईटी भिलाई डायरेक्टर प्रुफ राजीव प्रकाश हमारे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रतिनिधि के रूप में डॉ. पी.बी. टौंक हेड डिपार्टमेंट फिजिक्स ने शिरकत किया।

## किसानों के हितों के लिए संघर्षरत है कांग्रेस भाजपा सरकार किसान विरोधी - विष्णु लोधी

डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने 17 दिसंबर मंगलवार को विकासखण्ड डोंगरगढ़ के धान खरीदी केंद्र, ग्राम कसारी व मुड़पार में आयोजित धरना-प्रदर्शन में शामिल होकर सरकार से किसानों के हितों को प्राथमिकता देने की मांग की। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान में आजादी के बाद सबसे पहले धान खरीदी की व्यवस्था सरकार के माध्यम से छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के प्रयासों से शुरू हुई थी। यह कांग्रेस की किसानों के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है।





भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए विष्णु लोधी ने कहा कि वर्तमान सरकार किसान हितैषी नहीं बल्कि किसान विरोधी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की नीतियां किसानों को लगातार हाशिये पर धकेलने का काम कर रही हैं। किसान अब अपनी फसल का उचित मूल्य पाने के लिए सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं। कांग्रेस पार्टी हमेशा किसानों के हितों के लिए संघर्ष करती आई है और आगे भी करती रहेगी। उन्होंने किसानों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ी रहेगी।धरना-प्रदर्शन के इस मौके पर उन्होंने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और सरकार से तत्काल समाधान की मांग की।धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष भागवत साहू , किसान विंग के जिला अध्यक्ष मदन साहू , ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिन्हा,जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, ब्लॉक अध्यक्ष हिरा सोनी ,होमदत्त वर्मा, मदन साहू ,जय चंद ठाकुर, आशा मंडवी, नरेंद्र वर्मा, जनपद सदस्य मनोज सिन्हा, देवलाल वर्मा, दशरथ ठाकुर, विश्राम वर्मा आदि ने संबोधित किया एवं अंत में धरना स्थल पर किसानों के मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में किसान भाई एवं कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## साकेत साहित्य परिषद द्वारा आनलाइन परिचर्चा एवं कवि गोष्ठी संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। साकेत साहित्य परिषद सुरगी द्वारा 16 दिसंबर को शाम 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक आनलाइन परिचर्चा एवं कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें 25 से अधिक रचनाकार सम्मिलित हुए। प्रथम सत्र में छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वप्नदृष्टा और सामाजिक क्रांति के प्रतीक पं. सुंदर लाल शर्मा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की गई। सर्वप्रथम युवा कवि, लोक गायक डोहर दास साहू ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामेश्वर शर्मा वरिष्ठ साहित्यकार, गीतकार एवं जिला समन्वयक, छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग रायपुर थे एवं अध्यक्षता जिले के वरिष्ठ साहित्यकार एवं साकेत साहित्य परिषद के संरक्षक कुबेर सिंह साहू ने की। रामेश्वर शर्मा ने कहा कि सुंदर लाल शर्मा बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वे एक कुशल राजनीतिज्ञ, स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक और महान साहित्यकार थे। उनके अवदान को जानना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। कुबेर सिंह साहू ने कहा कि जिस प्रकार से राष्ट्रीय परिदृश्य में महात्मा गांधी और डा. भीमराव अंबेडकर ने छुआछूत को दूर करने का सार्थक काम किया वही काम हमारे छत्तीसगढ़ में गुरू घासीदास बाबा और सुंदर लाल शर्मा ने किया। इन महापुरुषों के कारण ही छत्तीसगढ़ समन्वय एवं सद्भावना की धरती के रूप में विख्यात है। कुबेर ने कहा कि अस्पृश्यता अभियान के लिए महात्मा गांधी ने पं. सुंदर लाल शर्मा को अपना गुरु माना।

विशिष्ट वक्ता के रूप में बोलते हुए वरिष्ठ साहित्यकार, समीक्षक महेन्द्र कुमार बघेल मधु ने उनके द्वारा किए गए समाज सुधार के कार्य के साथ ही उनके साहित्यिक योगदान को रेखांकित किया। मधु ने कहा कि शर्मा जी ने छत्तीसगढ़ी में दानलीला जैसे खंडकाव्य लिख कर छत्तीसगढ़ी को समृद्ध किया है। आधार वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए साकेत साहित्य परिषद सुरगी के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू अंकुर ने कहा कि हमारे पुरखों द्वारा किए गए महान काम का स्मरण करना बहुत जरूरी है। सुंदर लाल शर्मा अपने महान कार्यों के कारण छत्तीसगढ़ के गांधी कहे जाते है।




छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वप्नदृष्टा सुंदरलाल शर्मा के सामाजिक और साहित्यिक योगदान पर चर्चा की गई

उन्होंने राजीव लोचन मंदिर में अछूतों को प्रवेश करा कर उस समय व्याप्त छुआछूत के विरुद्ध प्रतिकार किया था। इस हेतु उन्हें तरह-तरह से उपहास सहना पड़ा परंतु अपने समाज सुधार कार्य पर अडिग रहे। परिचर्चा का प्रभावी संचालन संयुक्त रूप से लखनलाल साहू लहर पूर्व अध्यक्ष साकेत साहित्य परिषद और मदन मंडावी युवा कलमकार और आभार व्यक्त राज कुमार चौधरी रौना, सचिव साकेत साहित्य परिषद सुरगी ने किया। द्वितीय सत्र में सरस कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस सत्र में गीतकार अमृत दास साहू ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। कवियों ने विभिन्न रसों से ओतप्रोत रचनाएं पढ़ी।

काव्य पाठ करने वालों में रामेश्वर शर्मा रायपुर, महेन्द्र कुमार बघेल मधु, ओमप्रकाश साहू अंकुर, राज कुमार चौधरी रौना, लखन लाल साहू लहर, हीरा दास साहू, रोशन लाल साहू, रामकुमार चंद्रवंशी, हेम लाल सहारे, मदन मंडावी, पदमा साहू, पवन यादव पहुना, नंद किशोर साव नीरव, दूज राम साहू, वेद कुमारी साहू, नंदकुमार साहू नादान, दुर्गेश सिन्हा दुलरवा, विमल साहू, प्रदीप साहू, कुलेश्वर दास साहू, कोमल सिंह गुरु, वेदराम पटेल, रूपल साहू, डोहर दास साहू, अमृत दास साहू, शिवप्रसाद लहरे, भूपेन्द्र कुमार प्रभात, डॉ.एस.कुमार साहू सम्मिलित है। कवि गोष्ठी का संयुक्त रूप से सरस संचालन रोशन लाल साहू, अमृत दास साहू और आभार व्यक्त ओमप्रकाश साहू अंकुर अध्यक्ष, साकेत साहित्य परिषद सुरगी ने किया।

## कॉन्फ्लुएन्स कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने मनोवैज्ञानिक उत्पीड़न को समझा




राजनांदगांव (दावा)। मनोवैज्ञानिक उत्पीड़न विषय पर स्थानीय कॉन्फ्लुएन्स कॉलेज में बैचलर ऑफ एजुकेशन के छात्र-छात्राओं को छ.ग. राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य शरद श्रीवास्तव के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रचना पाण्डे विशेष रूप से उपस्थित थी। स्थानीय कॉन्फ्लुएन्स कॉलेज में छात्र-छात्रओं के लिए मनोवैज्ञानिक उत्पीड़न जैसे संवेदनशील विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाल आयोग के पूर्व सदस्य और मोटिवेशनल स्पीकर शरद श्रीवास्तव द्वारा मानसिक उत्पीड़न की परिभाषा, मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव, मानसिक उत्पीड़न के पहलू एवं निवारण के उपाय पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण सत्र को रोचक और मनोरंजक बनाने हेतु विभिन्न खेल, कहानी और गतिविधियों को जोड़ा गया।

प्रशिक्षण के दौरान मानसिक उत्पीड़न के प्रकार, कारण, प्रभाव सहित व्यक्तिगत संबंधो में मानसिक उत्पीड़न जैसे पहलुओं पर प्रतिभागियों की समझ विकसित की गई।

# शहर के 51 वार्डो के आरक्षण में बड़े-बड़े दिग्गजों के वार्ड में महिला व ओबीसी का जोर

राजनांदगांव (दावा)। शहर के 51 वार्डो के परिसीमन होने के बाद शुक्रवार को जिला पंचायत सभागार में वार्डों का आरक्षण किया गया। जिसमें शहर के दिग्गज व वरिष्ठ पार्षदों के वार्ड ज्यादातर महिलाएं व पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) होने के कारण अब उन्हें पार्षद चुनाव लड़ने के लिए आसपास के वार्डो में जगह तलाश करने की नौबत आ गई है। शहर के चिखली वार्ड नं 5 निवासी महापौर श्रीमती हेमा देशमुख (कांग्रेस) का वार्ड पुरुष होने के कारण उन्हें अब चुनाव लड़ने के लिए अन्य वार्ड देखने पड़ेंगे। इसी तरह वरिष्ठ पार्षद व पूर्व नगर निगम नेता प्रतिपक्ष शिव वर्मा (भाजपा) का वार्ड महिला के खाते में चला गया है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष व वार्ड नं 25 के वरिष्ठ पार्षद कुलबीर छाबड़ा का वार्ड सामान्य हो गया है। नगर निगम के वर्तमान सभापति हरिनारायण पप्पू धकेता का कांग्रेसी वार्ड नं 5 पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित हो गया है।



### अपने अनुकूल वाले वार्ड में पार्षद चुनाव लड़ने के लिए तलाशने होंगे वार्ड

इसी तरह वरिष्ठ पार्षदों में वार्ड नं 23 की पार्षद सुनीता फड़नवीस (कांग्रेस) का वार्ड अनारक्षित हुआ है। राजेश गुप्ता चंपू का इंदिरा नगर वार्ड नं 41 ओबीसी के लिए तथा संतोष पिल्ले (कांग्रेस) का वार्ड नं 18 ओबीसी महिला के लिए आरक्षित हो गया है।

टांकापारा क्षेत्र वार्ड नं 14 सतीश कुमार यूनुस (कांग्रेस) का वार्ड अनारक्षित हुआ है, वहीं इससे लगे विनय झा (कांग्रेस) वार्ड नं 15 वाला वार्ड ओबीसी के लिए तथा 16 नं वार्ड तुलसीपुर जो भाजपा के पार्षद पारस वर्मा (टोपेंद्र) के खाते में रहा है, वह इस बार सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित हुआ है।

महिलाओं में ब्राह्मणपारा वार्ड नं 38 (भाजपा) के मणि भास्कर गुप्ता की रही है वह अनारक्षित है। वहीं मधु बैद भाजपा वाली वार्ड नं 37 भी अनारक्षित हुआ है। राजीव नगर वार्ड नं 42 के जुझारू पार्षद ऋषि शास्त्री (कांग्रेस) का वार्ड ओबीसी व वार्ड नं 43 बसंतपुर खेमिन बाई (भाजपा) का वार्ड महिला ओबीसी के लिए तथा वार्ड नं 44 श्रीमती टुमेश्वरी उइके (भाजपा) का वार्ड अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हुआ है। पटरी पार के वार्डो में कमलेश बंधे का वार्ड नं 3 अनुसूचित जाति, राजा तिवारी (कांग्रेस) का वार्ड नं 1 इस बार आरक्षण में अनारक्षित है, वहीं अजय छेदैया (कांग्रेस) का वार्ड नं 2 ओबीसी व वार्ड नं 8 श्रीमती रंजना मोंटू यादव (भाजपा) का वार्ड अनारक्षित तथा कांग्रेस के सिद्धार्थ डोंगरे का वार्ड नं 12 अनुसूचित जाति है जो उसके लिए सुविधाजनक हो गया है।

इसी तरह पूर्व ननि सभापति व वरिष्ठ कांग्रेसी हफीज खान वाला अब्दुल समद का (कांग्रेस) वार्ड नं 13 ओबीसी हो गया है। इसी तरह कांग्रेस के पूर्णिमा नागदेवे का वार्ड नं 10 अनारक्षित है। वहीं श्रीमती शकीला बेगम का (कांग्रेसी) वार्ड नं 20 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित तथा बगल का वार्ड 21 जिसके वार्ड पार्षद कांग्रेस की पिंकी साहू है, उक्त वार्ड महिला के लिए आरक्षित होने से उनके लिए फिर से पार्षद लड़ने लायक हो गया है। इधर वर्तमान नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु (भाजपा) का वार्ड नं 19 अनारक्षित है इससे वह उसके पार्षद लड़ने के लिए अनुकूल हो गया है।

लखोली का भागचंद साहू वाला कांग्रेसी वार्ड नं 35 ओबीसी, वहीं इसके बगल का वार्ड नं 36 सीता बाई डोंगरे के (भाजपा) वाला वार्ड अनारक्षित है। गप्पू सोनकर (भाजपा) वाला वार्ड नं 31 ओबीसी व श्रीमती उत्तरा दामले वाला मठपारा वार्ड नं 29 महिला के लिए फिर से आरक्षित हो गया है। शहर से लगे श्रीमती सरिता प्रजापति वाले (कांग्रेस) मोहारा वार्ड नं 47 अनारक्षित है। वहीं सिंगदई वार्ड नं 49 संजय कुमार रजक (कांग्रेस) भी अनारक्षित है। इसी तरह भाजपा के श्रीमती भानू साहू वाला वार्ड नं 48 ओबीसी के लिए आरक्षित हो गया है।

### 51 वार्डो का आरक्षण

इस तरह देखा जाये तो शहर के कुल 51 वार्डो में वार्ड नं 3, 7, 11, 40, 12 और 4 अनुसूचित जाति के लिए जिसमें 40 और 7 महिला के लिए आरक्षित हैं। वार्ड नं 21, 44 व 20 अनुसूचित जनजाति के लिए जिसमें से वार्ड नं 21 महिला के लिए आरक्षित किया गया है। इसी तरह वार्ड नं 2, 35, 42, 31, 45, 50, 15, 6, 41, 30, 48, 46, 43,13, 18 व 26 ओबीसी जिसमें से 31, 18, 42, 26 एवं 43 महिला के लिए आरक्षित हैं।

वार्ड नं 1, 5, 8, 9, 10, 14, 16, 17, 19, 22, 23, 24, 25, 27, 28, 29, 32, 33, 34, 35, 36, 37, 38, 39, 47, 49 एवं 51 अनारक्षित है। जिसमें से 5, 29, 22, 19, 9, 34, 38, 32 और 25 महिला के लिए आरक्षित किया गया है।

# नजूल विभाग के संरक्षण में ही भ्रष्टाचार: विभागीय सर्वे से होगा चौंकाने वाला खुलासा

### साय सरकार से कार्यवाही की अपेक्षा

राजनांदगांव(दावा)। छत्तीसगढ़ की साय सरकार अपने बीते एक साल की उपलब्धियों का गान कर रही है। जिसके अंतर्गत राजस्व और आपदा प्रबंधन विभाग ने 20 मई 2020 को जारी परिपत्र और नगरीय क्षेत्रों में शासकीय भूमि के आबंटन, अतिक्रमित भूमि के व्यवस्थापन और भूमि स्वामी हक प्रदान करने के संबंध में परिवर्तित किए जाने को निर्णय शामिल है। किन्तु, इसे 'आगे पाठ, पीछे सपाट' की तर्ज पर समझे तो यहां शहर में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय के आदेश की धज्जियां सुनियोजित साजिश में उड़ रही है।

ऐसा पिछले अनेक वर्षो से स्थानीय नजूल विभाग के संरक्षण में हो रहा है और राज्य सरकार को अब तक करोडों की आर्थिक क्षति हो चुकी है। सुनियोजित साजिश की पुष्टि इसी से प्रथम दृष्टया हो जाती है कि नजूल भूमि के मूल स्थायी पट्टेधारियों का या तो नजूल विभाग में रेकार्ड नष्ट कर दिया गया है या फिर मूल पट्टेधारियों ने विभागीय संरक्षण में अन्यों को अपने पट्टे किराए पर दे दिए हैं अथवा उन्हें गुपचुप रीत से बेच दिए हैं। ऐसे अवैध डील में पक्के भवन निर्माण कर अपना व्यवसाय-व्यापार वर्तमान में भी कर रहे हैं। इसके अनेक दस्तावेजी व जमीनी प्रमाण उपलब्ध है।

महत्वपूर्ण सवाल यह कि लम्बे समय से अनवरत चल रहे भ्रष्टाचार में जिले के शीर्ष अधिकारी रहे, वे आकंठ डुबे हुवे हैं, तब फिर नजूल विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच स्थानीय स्तर पर ईमानदारी से होगी? जिसकी नहींवत् संभावना है। राज्य या संभाग स्तरीय उच्च जांच से ही नजूल भूमियों में व्याप्त गोरखधंधे को उजागर किया जा सकता है। वर्षो से यहां के भूमि माफियाओं ने सैकड़ों-हजारों वर्गफुट की नजूल भूमि को पट्टे में लेकर अन्यों को कब्जा सौंप दिया है। जिसके एवज में हर माह मोटी कमाई कर रहे हैं। हैरतअंगेज यह कि नजूल विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से कुछ भी छिपा हुआ नहीं है।

राज्य सरकार अपने लाखों करोड़ों की ऋण राशि और उसके भारी ब्याज के बोझ तले आर्थिक समस्या से जुझ रही है। साय सरकार को 'शहरी पट्टेधारियों को मिलेगा मालिकाना हक' के फैसले को अमल में लाने से पहले नजूल विभाग में दर्ज पट्टेधारियों का सर्वे युद्धस्तर पर अविलम्ब कराना होगा और डिफाल्टर पट्टेधारियों की शिनाख्त कर उचित कार्यवाही करनी चाहिए। उचित कार्यवाही से सरकार की तिजौरी में निःसंदेह इजाफा होगा।

उल्लेखनीय कि, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने पट्टधारियों को विशेष शर्तो पर सरकारी जमीन उपलब्ध करायी है। जिसका जमीन माफियाओं के द्वारा वर्षो से सरेआम उल्लंघन किया जा रहा है।

# आज ख्रिष्ट जयंती पर्व में भव्य क्रिसमस रैली



राजनांदगांव (दावा)। प्रभु यीशु मसीह के जन्म दिवस के अवसर पर मसीही समुदाय की ओर से प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी राजनांदगांव के समस्त पासबानों के निर्णय के अनुसार, दिनांक 20 दिसम्बर दिन शुकवार को मसीह समाज द्वारा भव्य क्रिसमस रैली एवं झांकी का आयोजन किया गया है। उक्त रैली शांतिपूर्ण एवं सदभावना पूर्वक निकाली जावेगी। जो स्थानीय वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च स्टेशन रोड राजनांदगांव के प्रांगण से संध्या समय 6:30 बजे प्रारम्भ होगी। जो शहर के मुख्य मार्ग कामठी लाईन, भारत माता चौक, पुराना थाना, दुर्गा चौक, मानव मंदिर चौक, सिनेमा लाईन, गुडाखू लाईन, पोस्ट ऑफिस चौक होते हुए चर्च कैम्पस के प्रांगण में समाप्त होगी।

इस अवसर पर विभिन्न चर्च के पुरोहितों के द्वारा प्रभु यीशु मसीह के जन्म दिवस पर प्रवचन दिया जावेगा एवं इस रैली में मसीही गीत गाये जावेंगे। इस रैली में वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च स्टेशन रोड, मसीही मंदीर चर्च गौरीनगर, मसीह आराधनालय, सेन्ट जॉन द बैप्टीस चर्च, मेनोनाईट चर्च, मारथोमा चर्च, सिरियन आरर्थोडॉक्स चर्च, न्यु अपोस्टिलिक चर्च, एसेम्बली ऑफ गॉड, चर्च ऑफ गॉड, इंडियन फूल गॉस्पल मिशन, मसीही ग्रामीण कलीसिया, रहबोत किश्चियन असेम्बली, किश्चियन असेम्बली, आई.सी.एम., गिडियन इन्टर नेशनल, राजनांदगांव, वेसलियन चर्च स्कूल परिसर चर्च, आशानगर से मसीही समाज के अनुयाई सम्मिलित होंगें। इंडियन पेन्टीकॉस्टल यह जानकारी वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च के अध्यक्ष रेव्ह डॉ. सुमन लाल ने दी।

### शहर में धूमधाम से निकली बाईक रैली



राजनांदगांव (दावा)। शहर में इन दिनों मसीही धर्म के संस्थापक प्रभु ईसा मसीह का जन्मदिन मनाने की भव्य तैयारियां की जा रही है। चर्चों की भव्य साज-सज्जा कर रंग-बिरंगी विद्युत लाइटों से जगमग किया जा रहा है। रेल्वे स्टेशन रोड स्थित वेसलिन मेथोडिस्ट चर्च के सामने प्रभु यीशु जयंती से संबंधित क्रिसमस ट्री,आकर्षक रंग-बिरंगे सितारे, बेल्स, शांता क्लाज ड्रेस, मुखौटे टोपी आदि की दुकानें सजी हुई है। ऐसे माहौल में शुक्रवार 19 दिसंबर को शहर में प्रभु यीशु अनुयायियों द्वारा शांता क्लाज के आकर्षण प्रतिमा के साथ भव्य यीशु संदेश यात्रा बाईक रैली निकाली गई। प्रभु ईशु के संदेश रैली का धूमधाम के साथ नगर भ्रमण हुआ जिसमें बड़ी संख्या में युवक-युवतियां व महिला, पुरुष ईशु अनुयायी उपस्थित रहे।

# शहर में छाया श्री कृष्ण लीला महारास का जादू, लीला देखने श्रद्धालुओं की भीड़





राजनांदगांव (दावा)। शहर के गौरवपथ स्थित आडिटोरियम में इन दिनों श्री वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा मंचित किए जा रहे कृष्णलीला व महारास कार्यक्रम का जादू जमकर बिखर रहा है। पूरी साज-सज्जा व संगीतमय भावों के साथ प्रस्तुत किए जा रहे श्रीकृष्ण लीला में अत्याचारी कंस, महाराजा उग्रसेन माता यशोदा, नंद बाबा, भगवान श्री कृष्ण, ग्वाल बाल आदि के बोले जा रहे एक-एक डायलॉगों में तालियां बज रही है। यही नहीं भगवान श्री कृष्ण का राधा रानी व गोपियों के साथ की जा रही नटखट लीला की मनोहारी छटा से दर्शक मंत्रमुग्ध हुए जा रहे हैं।

### ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन ने लीला से प्रसन्न होकर भगवान श्री बालकृष्ण का फोटो किया भेंट

बुधवार को आडिटोरियम में आयोजित श्री कृष्ण लीला महारास को देखने ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन जी और उनकी पूरे टीम का आगमन हुआ। वे भगवान श्री कृष्ण की लीला से इतना आह्लादित हूई कि ब्रह्मकुमारी संस्था की ओर श्री कृष्ण लीला के निर्देशक रास बिहारी जी को भगवान बाल श्री कृष्ण का फोटो प्रदान कर उनका आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान वल्लभाचार्य पुष्टि संप्रदाय के अनन्य एवं लोहाणा समाज के अध्यक्ष दीपक भाई बुद्धदेव, हेमंत तिवारी, सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन, सरस्वती माहेश्वरी, श्रीमती शारदा तिवारी, श्रीमती किरण अग्रवाल, साधना तिवारी, अनिता जैन, आशा गुप्ता आदि सहित बड़ी संख्या में भगवान श्री कृष्ण के लीला प्रेमियों की उपस्थिति रही।

# हजारों युवाओं के भविष्य से खिलवाड़, भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी के दोषियों को बचाने की कोशिश - मुदलियार




राजनांदगांव (दावा)। आरक्षक संवर्ग भर्ती के लिए जारी शारीरिक दक्षता प्रक्रिया में अभ्यर्थियों के नंबर में हेरफेर का मामला विष्णुसाय सरकार के कथित सुशासन का कलंक है। कांग्रेस नेता जितेंद्र मुदलियार ने उजागर हुए भर्ती घोटाले पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि, प्रशासनिक तंत्र हजारों मासूम युवाओं के भविष्य की आहूति देने पर आमादा है। गृहमंत्री के प्रभार जिले में जिस तरह भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी की जा रही है उस पर तत्काल निलंबन जैसी कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए थी। लेकिन जिम्मेदारों को बचाया जा रहा है। जो एफआईआर दर्ज कराई गई है उसमें भी पुलिस अधिकारियों ने दोषियों को बचाने का ही प्रयास किया है। यह पूरी प्रक्रिया संदिग्ध हो चुकी है जिसकी विश्वसनीयता खत्म हो चुकी है।

मुदलियार ने कहा कि, गृहमंत्री के प्रभार जिले में आरक्षक संवर्ग भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी ने सरकार के कथित सुशासन और अधिकारियों के भ्रष्ट रवैये का राजफाश कर दिया है। स्थिति ये है कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह भी इन गड़बडियों पर सवालों के जवाब नहीं दे पा रहे हैं। राजनांदगांव जिला मुख्यालय में स्वयं पुलिस अधिकारी ने महिला अभ्यर्थी को वास्तविक प्रदर्शन में विपरीत ज्यादा अंक जारी किये जाने के मामले में लालबाग थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। मुदलियार ने कहा कि, इस मामले में खुद को घिरता देख पुलिस अधिकारियों ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

उन्होंने कहा कि, सवाल उठता है कि क्यूँ इस विषय पर जिम्मेदारों के खिलाफ सीधे मामला दर्ज नहीं करवाया गया? ऐसा ना किये जाने से पूरी प्रक्रिया संदिग्ध हो गई है। जिन्होंने इस गडबडी को अंजाम दिया गया उन संदिग्धों को भर्ती प्रक्रिया से पृथक किया गया है। जिस तरह की गड़बड़ी सामने आई है, इससे पूरी भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो गए हैं। उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि तत्काल अब तक की पूरी प्रक्रिया की न्यायिक जांच करवाई जाये। अब तक इस प्रक्रिया में जिनकी भूमिका है उन्हें इससे हटाया जाए।

# मां गायत्री प्रतिष्ठा पर आज शहर में निकलेगी भव्य शोभायात्रा



राजनांदगांव (दावा)। शहर के पोस्ट आफिस चौक समीप स्थित पुराना गायत्री शक्तिपीठ इन दिनों नई साज सज्जा के साथ भव्य रुप शोभायमान हो रहा है। राजस्थान के संगमरमर पत्थर से निर्मित इस भव्य एवं आकर्षक मंदिर में मां गायत्री की पुनर्प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर आज 20 दिसंबर को महाकाल यात्रा की तरह भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शुक्रवार सुबह 10.30 बजे 351 मंगल कलश के साथ निकाले जाने वाली इस शोभायात्रा का धूमधाम के नगर भ्रमण होगा। इस दौरान शहर के गणमान्य जनों सहित शहर के सभी समाज प्रमुखो की उपस्थिति बनी रहेगी। शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी सूर्यकांत चितलांग्या व उप ट्रस्टी बृजकिशोर सुरजन ने बताया कि वेद माता गायत्री की पुनर्प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व मंदिर में अखंड जाप कार्यक्रम शुरू हो गया है।

### 351 मंगल कलश शोभायात्रा का धूमधाम से होगा नगर भ्रमण

उक्तानुसार ही वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नवनिर्मित गायत्री शक्तिपीठ में 19 से 20 दिसंबर तक रोजाना सुबह 6 बजे से सायं 6 बजे तक 24 घंटे का अखंड जाप तथा 20 दिसंबर को गायत्री शक्तिपीठ से सुबह 10.30 बजे से शहर में भव्य मंगल कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसका धूमधाम के साथ शहर भ्रमण होगा। अगले दिन 21 दिसंबर को वेदमाता गायत्री प्रतिमाओं की पुनर्प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ व विभिन्न संस्कार के साथ संपन्न किया जाएगा।

# रेवाड़ीह बायपास रोड में शराब भट्ठी खोले जाने के विरोध ने जोर पकड़ा



राजनांदगांव (दावा)। शहर के आउटर वार्ड नं 22 रेवाडीह में खोले जाने वाले शराब दुकान के विरोध ने जोर पकड़ा है।

पहले वार्ड के बड़ी संख्या में नागरिकों ने उक्त शराब दुकान खोले जाने का विरोध किया गया था। अब उक्त क्षेत्र में प्रतीक बाजपेई ने डॉ. रमन सिंह को ज्ञापन सौंपकर किसी भी दृष्टि से वहां शराब दुकान नहीं खोले जाने का निवेदन किया है।

### प्रतीक बाजपेई ने भी डॉ. रमन सिंह को सौंपा ज्ञापन

डॉ. रमन सिंह को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि उनके द्वारा नगर तथा ग्राम निवेश की स्वीकृति उपरांत रेरा स्वीकृत आवासीय कालोनी का विकास किया जा रहा है। जिसके बाजू में देशी एवं विदेशी शराब दुकान खोले जाने हेतु निर्माण कार्य किया जा रहा है।

श्री बाजपेई ने कहा है कि उक्त क्षेत्र में शराब दुकान खोले जाने से असामाजिक तत्वों का अड्डा बन जाएगा। आए दिन मारपीट व अन्य घटनाएं होती रहेगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में इस मार्ग में केंद्रीय विद्यालय, शास. आदिवासी एकलव्य विद्यालय, आईटीआई कालेज, शास. महिला पालीटेक्निक कालेज, शास. उच्च. माध्य. शाला - पेंड्री एवं पंडित स्व. शिवकुमार शास्त्री उद्यानिकी महाविद्यालय स्थापित है। इस मार्ग में छात्र-छात्राओं का आवागमन बना रहता है इसके साथ ही मेडिकल स्टाफ व डाक्टरों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे क्षेत्र में शासन को शराब दुकान खोले जाने की अनुमति नहीं दिया जाना चाहिए।

बाजपेई द्वारा ज्ञापन में कहा गया है कि कालोनीवासियों एवं मेडिकल स्टाफ तथा इस क्षेत्र में विद्यार्जन करने वाले छात्र-छात्राओं की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए रेवाडीह बायपास रोड में शराब दुकान खोले जाने की योजना पर रोक लगाई जाए। इधर उक्त मामले को लेकर रेवाडीह वार्डवासियों ने पहले ही शराब दुकान खोले जाने पर उग्र कदम उठाए जाने की चेतावनी दे दी है।

# शतरंज के खेल में भारत दुनिया का सिरमौर : डॉ. रमन सिंह

राजनांदगांव (दावा)। शतरंज बुद्धिमत्तापूर्ण रणनीति और कौशल का खेल है। यह हर्ष का विषय है कि राजनांदगांव को राष्ट्रीय महिला शतरंज स्पर्धा के प्रतिष्ठापूर्ण आयोजन का अवसर मिला। इसके लिए अग्रवाल सभा और जिला शतरंज संघ को बधाई जिन्होंने इस राष्ट्रीय स्पर्धा की मेजबानी का बीड़ा उठाया। उक्त विचार राजनांदगांव के विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने व्यक्त किये। वह स्थानीय अग्रसेन भवन में स्मार्ट गर्ल ऑल इंडिया शतरंज टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से बोल रहे थे। डॉ.रमन सिंह ने दीप प्रज्वलित कर स्पर्धा का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि शतरंज को लेकर हमारी समझ इतनी ही थी कि राजनांदगांव में शतरंज मतलब विनोद राठी और विनोद राठी मतलब शतरंज। राजनांदगांव की बेटी सुश्री किरण अग्रवाल ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शतरंज में राजनांदगांव का नाम स्थापित किया। इससे हमारे यहां शतरंज को लेकर वातावरण का निर्माण हुआ।

उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता कर रहे ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंघानिया ने कहा कि भारत में शतरंज की लोकप्रियता अभूतपूर्व ऊंचाई पर पहुंच गई है। ओलंपियाड में पुरुष और महिला दोनों श्रेणियां में गोल्ड जीतकर भारत वास्तव में एक एक वैश्विक शतरंज महाशक्ति के रूप में उभरा है। अब हमारे पास सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन गुकेश डी हैं। जो अपनी प्रतिभा और समर्पण से लाखों लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत बन गए हैं। श्री सिंघानिया ने कहा कि यह टूर्नामेंट प्रतिभाशाली बालिकाओं एवं युवतियों को अपना कौशल दिखाने और भारतीय शतरंज की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान करने के हमारे प्रयासों का प्रमाण है। प्रारंभ में अपने स्वागत उद्बोधन में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने कहा कि 'शतरंज में वजीर और जीवन में जमीर' का होना बहुत महत्वपूर्ण होता है, यह नहीं हो, तो खेल खत्म हो जाता है। उन्होंने प्रतिभागियों से इस भावना के साथ लक्ष्य तय करने की अपील की। जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष ललित भंसाली ने कहा कि महिला शतरंज कि इस राष्ट्रीय स्पर्धा में देश भर के 11 राज्यों से 122 प्रतिभागी शामिल हुए हैं। यह टूर्नामेंट 18 से 22 दिसंबर तक स्विस लीग पद्धति में अंतर्राष्ट्रीय मानकों के तहत खेला जाएगा। कुल नौ राउंड की प्रतिस्पर्धा के बाद फाइनल नतीजे प्राप्त होंगे। उन्होंने बताया कि हमारे प्रेरणा स्रोत प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी के सतत मार्गदर्शन में यह स्पर्धा हो रही है।



राष्ट्रीय महिला शतरंज स्पर्धा का शुभारंभ

विशिष्ट अतिथि, विक्रम अवार्ड प्राप्त, अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक सुश्री किरण अग्रवाल ने 40 साल पहले के समय को याद करते हुए कहा कि तब हमें इतनी सुविधाएं नहीं मिलती थी। उन्होंने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रेटिंग टूर्नामेंट से आपके लिए अवसर बढ़ जाएंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर पर उद्योगपति एवं समाजसेवी सुनील अग्रवाल, सकल जैन श्री संघ के अध्यक्ष मनोज बैद, समाजसेवी विनोद लोहिया एवं अग्रवाल सभा के निवृत्तमान अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, रमेश पटेल, कोमल सिंह राजपूत भी मौजूद थे। समारोह के प्रारंभ में आगत अतिथियों का स्वागत अग्रवाल सभा एवं जिला शतरंज संघ की ओर से अध्यक्ष शरद अग्रवाल तथा ललित भंसाली के साथ आलोक बिंदल, अशोक अग्रवाल, योगेश डाकलिया, शंकर खंडेलवाल, राजेंद्र अग्रवाल, काशी अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, हर्षित अग्रवाल एवं महिला मंडल के अध्यक्ष श्रीमती मंजू खोखरिया के साथ रीना अग्रवाल एवं रेखा अग्रवाल ने किया। अंत में सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए मीडिया प्रभारी संजय अग्रवाल ने कहा कि राजनीति की शतरंज के माहिर खिलाड़ी डॉ. रमन सिंह महिला शतरंज की इस राष्ट्रीय स्पर्धा में मुख्य अतिथि हैं, यह एक सुखद संयोग है।

# एआईसीएफ स्मार्ट गर्ल्स ऑल इंडिया ओपन फिडे रेटेड चेस टूर्नामेंट में रेटेड खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

राजनांदगांव(दावा)। अग्रवाल सभा एवं जिला शतरंज संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एआईसीएफ स्मार्ट गर्ल्स ऑल इंडिया फिडे रेटेड चेस टूर्नामेंट का 18 से 22 दिसंबर तक अग्रसेन भवन में किया जा रहा है। प्रतियोगिता के दूसरे चक्र में प्रथम बोर्ड पर आरूषि सेवरिन (कर्नाटक) 2 अंक ने आरती पावले (छत्तीसगढ़) 1 अंक को, दूसरे टेबल पर नाविका जायसवाल (झारखंड) 2 अंक ने अरिजिता पाल (पश्चिम बंगाल) 1 अंक को, तीसरे टेबल पर परी तिवारी (छत्तीसगढ़) 2 अंक ने अस्मि मेहता (छत्तीसगढ़) 1 अंक को, चौथे टेबल पर इशिका मड़के (छत्तीसगढ़) 2 अंक ने अश्विनी कुर्रे (छत्तीसगढ़) 1 अंक को, पांचवे टेबल पर आरना चौबे (मध्यप्रदेश) 2 अंक ने अवनि चौरसिया (छत्तीसगढ़) 1 अंक को, छठवे टेबल पर हिमानी देवांगन (छत्तीसगढ़) 2 अंक ने अविष्का एर्नेनी (आंध्रप्रदेश) 1 अंक को, सातवे टेबल पर श्रुति सरकार (पश्चिम बंगाल) 2 अंक ने चारवी मांडले (छत्तीसगढ़) 1 अंक को, आठवे टेबल पर भारती फराओ (छत्तीसगढ़) 2 अंक ने राशि वरुकर (छत्तीसगढ़) 1 अंक को, नौवे टेबल पर काशवी जैन (छत्तीसगढ़) 2 अंक ने हर्षिका कश्यप (छत्तीसगढ़) 1 अंक को, दसवे टेबल पर प्राची यादव (छत्तीसगढ़) 2 अंक ने देविशा भुआर्य (छत्तीसगढ़) ने 1 अंक को पराजित किया।

# रेंगाकठेरा समिति में धान परिवहन नहीं होने से आज से खरीदी बंद



### सेवा सहकारी समिति रेंगाकठेरा ने जिला विपणन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

राजनांदगांव (दावा)। सेवा सहकारी समिति मर्यादित रेंगाकठेरा पं. क्र. 1093 ने जिला विपणन अधिकारी को वर्ष 2024-25 धान रखने की समस्या उत्पन्न होने पर ज्ञापन सौंपा जिसमें उन्होंने बताया कि आज दिनांक 19.12.2024 तक 44822.00 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है और समिति का बफर लिमिट 7200 क्विंटल है। उपार्जित धान में परिवहन मात्र 8860.00 क्वि. हुआ है, और वर्तमान में 35962.60 क्विं धान समिति में रखा हुआ है जो की बफर लिमिट से पांच गुना अधिक है। खरीदी हेतु जगह एवं परिवहन न होने के कारण आगामी दिवस 20.12. 2024 दिन शुकवार से धान खरीदी बंद रहेगी।

उन्होंने कहा कि उक्त समस्या को ध्यान मे रखते हुए परिवहन कराने की कृपा करें जिससे धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप किया जा सके।

प्लॉट बेचना है
राजनांदगांव पेन्ड्री में नेशनल हाईवे से 100 मीटर की दूरी पर डायवर्टेड आवासीय प्लॉट
रोड, नाली, बिजली की सुविधा उपलब्ध
- : संपर्क :-
62641-56342

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com